

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 203 epaper.rashtriyakhabar.com श्रावण (अधिक), शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

तत्वज्ञः सर्वभूतानां योगज्ञः सर्वकर्मणाम्।
उपायज्ञो मनुष्याणां नरः पंडित उच्यते॥

**भावार्थ** : सभी प्राणियों के तत्व को जाननेवाला, सभी कार्यों को करने का ढंग जाननेवाला, सब लोगों की समस्याओं तथा दुश्वारियों को दूर करने का उपाय जाननेवाला, जो व्यक्ति सभी प्राणियों को समझता है वही पंडित कहलाता है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .34 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .15 बजे

## नक्सलियों के शहीदी सप्ताह के चलते अलर्ट जारी

**जगदलपुर**: छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के शहीदी सप्ताह के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा बस्तर अंचल में चौकसी बढ़ा दी गयी है, वहीं सुरक्षा बलों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने आज बताया कि सुरक्षा बलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। बीते वर्ष शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाए थे। सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते नक्सली अपनी उपस्थिति को सीमित रखे हुए हैं। इस वर्ष भी शहीदी सप्ताह के दौरान चौकसी बढ़ाई गई है। उन इलाकों पर खास तौर पर नजर रखा जा रहा जहां पर नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## कम्बोडिया में सत्तारूढ सीपीपी को भारी बहुमत

**नोम पेन्ह**: कम्बोडिया में सत्तारूढ़ कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) को आम चुनाव में भारी बहुमत हासिल हुआ है। पार्टी प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सीपीपी को आम चुनाव में 120 संसदीय सीटों पर जीत मिली जबकि रॉयलिस्ट फनसिनपेक पार्टी शेष पांच सीटें ही जीत पायी है। सीपीपी के प्रवक्ता सोक एयसन ने बताया कि 125 सीटों वाली नेशनल असेंबली के लिए इस आम चुनाव में कुल 18 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय चुनाव समिति (एनईसी) के प्रारंभिक परिणामों के आधार पर सीपीपी को 120 सीटें जीतीं तथा प्रिंस नोरोडोम चक्रवुथ की फनसिनपेक पार्टी शेष पांच सीटें जीत सकी। एनईसी ने बताया कि सीपीपी को 82.10 लाख मतदाताओं से 80 प्रतिशत मतपत्र प्राप्त हुए और नेशनल असेंबली की कुल 125 में से 120 सीटें जीतीं। यह कुल सीटों का 96 प्रतिशत है।

## बंगलादेश में डेंगू से 185 मरे

**ढाका**: बंगलादेश में वायरल डेंगू के प्रकोप से इस साल अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 185 हो गई है, जबकि डेंगू के रिपोर्ट किए गए कुल मामले 35,270 तक पहुंच गए हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी। डीजीएचएस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 8:00 बजे तक पिछले 24 घंटों में डेंगू से नौ लोगों की मौत हो गई, जिससे इस महीने अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 138 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस की ओर से बताए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने 5,956 लोगों के इस बीमारी से संक्रमित होने के बाद जुलाई में पहले 24 दिनों के दौरान 27,292 अधिक डेंगू के मामले दर्ज किए गए। डीजीएचएस आंकड़ों के अनुसार स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 8:00 बजे तक 24 घंटों में ढाका में 1,238 सहित डेंगू के कुल 2,293 नये मामले सामने आए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल एक जनवरी से 24 जुलाई तक देश भर के विभिन्न अस्पतालों से इलाज के बाद 27,622 डेंगू मरीज ठीक हुए। डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए बंगलादेश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मच्छरों के प्रजनन की जांच करने और लार्वा विरोधी अभियान चलाने के उपायों को मजबूत किया है।

## श्रीलंका ने नौ भारतीय मछुआरों को पकड़ा, दो नावें जब्त

**रामनाथपुरम**: श्रीलंकाई नौसेना ने अपने समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में मंगलवार को नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछुआरों की दो मशीनीकृत नौकाएं भी जब्त कर लीं। तमिलनाडु के मत्स्य पालन अधिकारियों ने यहां कहा कि रामनाथपुरम जिले के मंडपम तटीय गांव के रहने वाले मछुआरे आज सुबह जब समुद्र के बीच में मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंका के नौसेना कर्मियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बाद में सभी मछुआरों को जेल भेज दिया गया। मछुआरे सोमवार सुबह नियमित तौर पर मछली पकड़ने पकड़ने के लिए समुद्र में उतरे थे। इस बीच, श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों की अवैध मछली पकड़ने की आदत पर अंकुश लगाने के लिए उनके उत्तरी नौसेना कमान और श्रीलंकाई तट रक्षक द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**नारेबाजी** › प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर अड़े हुए हैं दोनों पक्ष

# संसद दोनों सदनों में हंगामा आज भी जारी

- इसके बीच ही दो विधेयक पारित किये गये
- आसन की बातों का अब कोई असर नहीं
- अध्यक्ष पर विपक्ष की अनदेखी का आरोप



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली**: लोकसभा में मणिपुर मुद्दे पर सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य की मांग को लेकर मंगलवार को विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही शाम पांच बजे तक स्थगित कर दी गयी। पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने एक बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे जैसे से शुरू करवाई विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के सदन में आकर वक्तव्य देने के मांग को लेकर शोरगुल करते रहे। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच जरूरी कागजात सभा पटल पर रखवाये। पीठासीन अधिकारी ने विपक्षी सदस्यों ने अपने- अपने स्थान पर जाने और चर्चा में हिस्सा लेने का आग्रह किया लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी मांगों पर अडे रहे। हंगामे की बीच ही जैविक विविधता (संशोधन) विधेयक 2022 को ध्वनिमत से पारित किया गया और सदन की कार्यवाही को शाम पांच बजे तक स्थगित कर दी गयी। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल आरंभ किया विपक्ष के सदस्य हंगामा करते हुए आसन के सामने आ गये और नारेबाजी करने लगे। अध्यक्ष ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। हंगामा बढ़ता देख सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी थी।

दूसरी तरफ राज्यसभा में मंगलवार को विपक्ष के मणिपुर की स्थिति पर जबकि सत्तापक्ष के राजस्थान, छत्तीसगढ़ तथा पश्चिम बंगाल में महिलाओं के उत्पीड़न पर चर्चा कराने की अपनी-अपनी मांगों पर अड़े रहने के चलते तीखी नोकझोंक हुई जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। सुबह कार्यवाही शुरू होने पर भी दोनों पक्षों के अपने अपने रुख पर अड़े रहने के कारण सभापति को कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी थी। सभापति जगदीप धनखड़ ने जैसे ही प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्यों ने मणिपुर पर चर्चा कराने की मांग करते हुए जोर-जोर से नारेबाजी शुरू कर दी। सभापति ने शोर-शराबे के बीच ही प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया तथा कुछ सवालों के जवाब भी हंगामे के बीच ही दिए गए। इसके बाद सभापति ने कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य पी चिदंबरम द्वारा आसन के

›› पेज 2 भी देखें

एक और इंटरनेशनल प्रेम कहानी की जानकारी हजारीबाग से

## पोलैंड की महिला प्यार में खटरा गांव आ पहुंची



- दो महिलाओं की चर्चा के बीच तीसरी खबर
- कोलकाता एंबेसी में दिया गया है आवेदन
- पांच साल का वीजा लेकर यहां पहुंची है

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग**: लगता है इनदिनों भारत ही इंटरनेशनल प्रेम कहानियों के केंद्र में है। एक पाकिस्तानी महिला के भारत आने तथा एक भारतीय महिला के पाकिस्तान जाने के बीच तीसरी कहानी यहां के एक गांव से आयी है। पोलैंड की यह महिला पांच साल का वीजा बनाकर हजारीबाग आयी है। मिली जानकारी के मुताबिक पोलैंड की बारबरा जल्द बनेगी हिन्दुस्तानी दुल्हनिया, प्रेमी शादाब ने इसके लिए कोलकाता एंबेसी में आवेदन दिया है। दो अलग धर्म और पंथ ही नहीं, बल्कि दो अलग-अलग देश के प्रेमी युगल का इश्क पूरी तरह परवान चढ़ चुका है। एक-दूजे का दामन थामने को शादाब और बारबरा बेकरार हैं। अब बैंड, बाजा और बाराती की तैयारी की जा रही है। जल्द ही पोलैंड की बारबरा हिन्दुस्तानी दुल्हनिया बनेगी। इस बात की चर्चा कटकमसांडी के खटरा गांव में हर लोगों की जुबां पर है। दरअसल, दो साल पहले सोशल मीडिया पर

›› पेज 2 भी देखें

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया

## मुख्यमंत्री कार्यालय पर भीड़ ने किया हमला, 5 सुरक्षाकर्मी घायल

- घायलों को पचास हजार अनुग्रह राशि की घोषणा
- अंदर मुख्यमंत्री सांगमा जरूरी बैठक कर रहे थे
- किसी को नहीं पता कि यह हमलावर कौन थे



**50 साल पुरानी मांग को लेकर हंगामा**

सिविल सोसाइटी ग्रुप का कहना है कि 1972 में मेघालय को पहली बार राज्य का दर्जा मिला था। तब तुरा को राजधानी बनाने का वादा किया गया था। आंदोलन करने वाले यहां मिनी सचिवालय के लिए भी राजी हैं। उनका कहना है कि गारो हिल्स में रहने वाले सभी समुदायों के विकास और समस्याओं को हल करने के लिए विंटर कैपिटल बनाना ही एकमात्र तरीका है। तुरा में कई जगह टायर जलाए, नाइट कर्फ्यू लगाया गया

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी** : पश्चिमी मेघालय के तुरा शहर में सोमवार को उत्तेजित भीड़ ने मुख्यमंत्री सचिवालय पर हमला कर दिया जिसमें कम से कम पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सी. के. संगमा कार्यालय में मौजूद थे और अचिक कॉन्शियस होलिस्टकली इंटीग्रेटेड करिमा (एसीएचआईके) और गारो हिल्स स्टेट मूवमेंट कमेटी (जीएचएसएमसी) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे जिन्होंने तुरा को शीतकालीन राजधानी घोषित करने की मांग की है। उसी दौरान कार्यालय के बाहर भीड़ जमा हो गई और पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठी चार्ज किया। इस दौरान कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए। इस हमले में मुख्यमंत्री संगमा सुरक्षित हैं, लेकिन उनके पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। हालात संभालने के लिए तुरा शहर में रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाना पड़ा। हमले के वक्त संगमा अचिक कॉन्शियस होलिस्टिकली इंटीग्रेटेड क्रिमा और गारो हिल्स स्टेट मूवमेंट कमेटी के प्रतिनिधियों से बातचीत कर थे। दोनों संगठन के कुछ सदस्य पिछले 14 दिन से तुरा को विंटर कैपिटल बनाने की मांग करने के लिए अनशन पर हैं। मुख्यमंत्री की बातचीत करीब-करीब पूरी हो गई थी तभी अचानक भीड़ आई और पथराव करने लगी। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। भीड़ ने मुख्यमंत्री कार्यालय का गेट

›› पेज 2 भी देखें

## ग्रीस में दावानल की आग अब बेकाबू हालत में



**एथेंस**: ग्रीक पर्यटक द्वीप रोड्स में जंगल की आग फैलने के कारण हजारों लोगों को उनके घरों और होटलों से निकाला गया है। देश की अग्निशमन सेवा का कहना है कि वह अब सबसे कठिन स्थिति से निपट रही है। अब तक करीब 3500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। पूरे यूरोप में भीषण आग के बीच यह द्वीप अब तेज हवाओं के साथ जंगल की आग से जूझ रहा है। हालांकि, देश के जलवायु संकट और नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने कहा है कि अब तक कोई घायल नहीं हुआ है। उनका कहना है कि द्वीप के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों से पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। क्षेत्र में पांच हेलीकॉप्टर और 173 अग्निशामक काम कर रहे हैं। आग से तीन होटलों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है। सबसे अधिक नुकसान वाले क्षेत्रों में लियरमा, लार्डोस और एस्क्लिपियो शामिल हैं। निजी स्वामित्व वाली नौकाओं ने भी द्वीप के पूर्वी हिस्से में समुद्र तटों से लोगों को निकालने में तटरक्षक बल की सहायता की। ग्रीक नौसेना के जहाज घटनास्थल की ओर रवाना हुए। यह क्षेत्र पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है। उप अग्निशमन प्रमुख आयोनिस आर्टोफियोस ने कहा कि नौका को सार्वजनिक उपयोग के लिए खुला रखा गया है। उधर, डिप्टी मेयर ने बताया कि बाकी लोगों को इनडोर स्टेडियम में रखा गया है। ग्रीक टेलीविजन ने सुरक्षा के लिए इंतजार कर रहे पर्यटकों की लंबी कतारें दिखाई, जिसकी पृष्ठभूमि में जंगल की आग दिखाई दे रही थी।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डेंगू को लेकर चेतावनी दी



**जेनेवा**: विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने डेंगू की स्थिति के बारे में चेतावनी दी है। संगठन ने चेतावनी दी है कि दुनिया में डेंगू का प्रकोप इस साल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इसके लिए काफी हद तक ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार है, जो मच्छरों के फैलने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में डेंगू का प्रसार बढ़ रहा है। इस मच्छर जनित वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 2000 में आठ गुना बढ़कर 2022 में 4.2 मिलियन हो गई। इसी साल मार्च में सूडान की राजधानी खार्तूम में डेंगू का पहला मरीज पाया गया था। यूरोप में भी डेंगू के मामलों की संख्या बढ़ रही है। पेरू के अधिकांश हिस्सों में डेंगू के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है।

भाजपा विधायक पॉलीएनलाल हाओकिप का सरकार पर आरोप

## हिंसा में राज्य प्रशासन की भूमिका भी है




**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली**: मणिपुर के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार को पक्षपातपूर्ण बताते हुए, उस राज्य के भाजपा विधायक पॉलीएनलाल हाओकिप का सीधा आरोप है कि एक पक्षपाती सरकार शांति के लिए मुख्य बाधा है। भाजपा विधायक पॉलीएनलाल हाओकिप ने विपक्ष का कोई नेता न होने का आरोप लगाते हुए वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पर हमला बोला है। एक लेख में चुराचांदपुर जिले के सैकत केंद्र के विधायक ने कहा कि इतने दिनों के बाद भी हिंसा पर लगाम नहीं लग पा रही है क्योंकि सरकार राज्य में हो रही जातीय हिंसा में शामिल है। हाओकिप लिखते हैं, सरकार की मिलीभगत का सबसे बड़ा सबूत यह है कि मुख्यमंत्री ने जातीय और सांप्रदायिक हिंसा से शुरू हुई इस घटना को ड्रग तस्करों के खिलाफ सरकार की लड़ाई के रूप में समझाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस हिंसा से बचा जा सकता था। मुख्यमंत्री बीरेन और उनके नेतृत्व वाली सरकार को पक्षपातपूर्ण बताते हुए हाओकिप लिखते हैं, एक पक्षपाती सरकार कहीं भी शांति के लिए मुख्य बाधा है। हालाँकि, भले ही वह राज्य सरकार पर भरोसा नहीं कर सकते, हाओकिप मणिपुर में शांति बहाल करने

›› पेज 2 भी देखें

सुंदरबन के पास के हादसे में पत्नी के सामने हादसा

## मछुआरे को अचानक खींच ले गया बाघ



**राष्ट्रीय खबर**

**सुंदरवन**: यहां के नारायणपुर इलाके के एक मछुआरे को बाघ ने मार डाला। मिली जानकारी के मुताबिक इस मछुआरे को उसकी पत्नी के सामने ही उठा ले गया था बाघ। लगातार तलाशी अभियान के बाद 24 घंटे बाद सुंदरबन के जंगल में उसकी लाश पायी गयी है। मृतक का नाम अनेश्वर फकीर है। दक्षिण 24 परगना के नामखाना ब्लॉक के नारायणपुर इलाके के रहने वाले अनेश्वर और उनकी पत्नी भगवती फकीर केकड़े पकड़ने के लिए जंगल गए थे। बाघ ने पत्नी के सामने से ही पति को खींच लिया। यह घटना रविवार को सुंदरवन के कस्तूरी नहर के पास जंगल में हुई। सोमवार सुबह खोजबीन के बाद वन विभाग ने शव बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन घटना की जांच में जुट गया है।

वन विभाग सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम अनेश्वर फकीर (56) है। दक्षिण 24 परगना के नामखाना ब्लॉक के नारायणपुर इलाके के रहने वाले अनेश्वर और उनकी पत्नी भगवती फकीर केकड़े पकड़ने के लिए जंगल गए थे। शनिवार रात करीब 11 बजे उनकी परिवार से बात हुई। भगवती के अनुसार, अनेश्वर कस्तूरी नहर से सटे जंगल में नाव से उतरकर जंगल से सटे इलाके में केकड़ा पकड़ रहा था। उस समय भगवती नाव में थीं। अचानक बाघ ने अनेश्वर पर हमला कर दिया। वह उसे घने जंगल में खींच ले गया। भगवती ने नाव से चिल्लाकर कहा, कोई

›› पेज 2 भी देखें

**जानकारी** › पृथ्वी के अन्यतम ठंडे इलाके के बारे में नई जानकारी सामने आयी

# अपने नाम के मुताबिक हरा भरा ही था ग्रीन लैंड

- अमेरिकी सेना के पास मौजूद थे नमूने
- आधुनिक वैज्ञानिक जांच से इसका पता चला
- पिघला तो 23 फीट ऊंचा उठेगा समुद्री जलस्तर

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची**: ग्रीनलैंड को आज के दौर में धरती के अन्यतम ठंडे इलाकों में से एक माना जाता है। जलवायु परिवर्तन के दौरान वहां से बर्फ की चादरों के पिघलने पर लगातार चिंता व्यक्त की जा रही है। दरअसल वहां इतना बर्फ जमा है कि उसके पिघलने पर समुद्र का जलस्तर इतना अधिक बढ़ जाएगा कि वह कई महानगरों तक को डूबा देगा। इसके बीच ही एक बिल्कुल नई जानकारी सामने आयी है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि ग्रीनलैंड वाकई प्राचीन काल में एक हरा भरा इलाका ही हुआ करता था। शायद इसी वजह से इसका नाम ग्रीन लैंड पड़ा था वरना आज तो यह पूरा इलाका विशाल और मोटी मोटी बर्फ की चादरों में ढंका हुआ है। पता चलता है कि 416,000 साल



**वर्मोंट विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक पॉल बर्मन कहते हैं,**

वर्मोंट विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक पॉल बर्मन कहते हैं, यह वास्तव में पहला बुलेटप्रूफ सबूत है कि ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ की चादर गर्म होने पर गायब हो गई। पॉल ने यूटा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर टैमी रिटेनौर और दुनिया भर के अठारह अन्य वैज्ञानिकों के साथ नए अध्ययन का सह-नेतृत्व किया। भविष्य में इसकी विशाल बर्फ की चादर जलवायु वार्मिंग पर कैसे प्रतिक्रिया देगी और यह कितनी जल्दी पिघल जाएगी। चूंकि समुद्र के स्तर में लगभग तेईस फीट की वृद्धि ग्रीनलैंड की बर्फ में बंधी हुई है, इसलिए दुनिया का हर तटीय क्षेत्र खतरे में है। नया अध्ययन मजबूत और सटीक सबूत प्रदान करता है कि ग्रीनलैंड जलवायु परिवर्तन के प्रति पहले की तुलना में अधिक संवेदनशील है और अपरिवर्तनीय रूप से पिघलने का गंभीर खतरा है। वर्मोंट विश्वविद्यालय (यूवीएम), यूटा स्टेट यूनिवर्सिटी और चौदह अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों ने खोज करने के लिए 1960 के दशक में एक गुप्त अमेरिकी सेना अड्डे पर एकत्र किए गए लंबे समय से खोए हुए बर्फ के टुकड़े से तलछट का उपयोग किया।

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

### स्वास्थ्य बीमा योजना में मिलेगा 5 लाख रुपये का लाभ : बन्ना

रांची : राज्य के पदाधिकारियों/कर्मियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए देय चिकित्सा भत्ता को समाप्त करते हुए इसके स्थान पर वार्षिक प्रीमियम पर स्वास्थ्य बीमा योजना की सुविधा प्रदान किये जाने की व्यवस्था दिये जाने का निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस पर खुशी जताते हुए इसे ऐतिहासिक दिन बताया है। उनके मुताबिक राज्यकर्मियों/सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना से अच्छादित किये जाने के लिए कई प्रस्ताव तय हुए हैं।

**मंजूरी** परीक्षा में नकल करते पकड़े गये तो 10 वर्ष तक की सजा, 1 करोड़ का जुमार्ना

# झारखंड मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय को कैबिनेट से मिली मंजूरी

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड कैबिनेट ने झारखंड मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय की मंजूरी दी। इसी विश्वविद्यालय के अंतर्गत सारे मेडिकल कॉलेज कार्य करेंगे। वर्तमान में विभिन्न विश्वविद्यालयों के अधीन मेडिकल कॉलेज चलते थे जिसे अलग कर मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय के अधीन कर दिया जायेगा। कैबिनेट ने झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा भर्ती निवारण एक्ट 2023 की स्वीकृति दी। इस एक्ट के तहत परीक्षाओं में




अनियमितता बरतने, प्रश्न पत्र लीक करने, चोरी कराने में सहायक बनने पर 10 वर्ष की सजा और एक करोड़ तक जुमार्ना का प्रावधान किया गया है।स्कूल कॉलेज की लाइब्रेरी में शिबू सोरेन पर लिखी गयी तीन किताबों को राज्य के विद्यार्थियों के लिए पढ़ने के लिए रखी जायेगी। इनमें पहली किताब ह्व सुनो बच्चों आदिवासी संघर्ष के नायक शिबू सोरेन ( गुरूजी) की गाथा ह्व प्राथमिक विद्यालय में रखी जायेगी। वहीं ह्व ट्राईबल हीरोः शिबू सोरेनह्व और दिशोम गुरुः शिबू सोरेन मध्य व हाई स्कूल की लाइब्रेरी में बच्चों के पढ़ने के लिए रखी जायेगी। इन पुस्तकों के लेखक प्रभात खबर के कार्यकारी संपादक अनुज कुमार सिन्हा के द्वारा लिखित है। इन पुस्तकों के अध्ययन से झारखंड आंदोलन के नायक गुरूजी के संघर्ष के बारे में दुर्लभ जानकारियां प्राप्त होगी।

## 5 अक्टूबर से भाजपा एसटी मोर्चा चलाएगा माटी, रोटी, बेटी बचाओ अभियान



राष्ट्रीय खबर

रांची:भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड में माटी, रोटी, बेटी बचाओ अभियान चलाएगा। इस दौरान 5 अक्टूबर से 26 नवंबर तक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली साहिबगंज के भोगनाडीह से पदयात्रा निकाली जाएगी। राज्य के विभिन्न जिलों, गावों से होते हुए यह पदयात्रा शहीद नीलांबर-पीतांबर की जन्मस्थली चेमो-सनया (गढ़वा) तक पहुंचेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यालय में एसटी मोर्चा की बैठक हुई।मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज को कुछ समूह विशेष के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शिकार बनाया जा रहा है। आज राज्य का आदिवासी समुदाय की जमीन, उनके जीने के संसाधन को लूटकर उनकी रोटी छीनी जा रही है। आदिवासी मां, बहन व बेटियों की ना सिर्फ इज्जत, आबरू लूटी जा रही है, बल्कि बोटी-बोटी काटकर निर्मम हत्याएं भी जा रही हैं। योजनाबद्ध तरीके से आदिवासी समाज के अस्तित्व को मिटाने का षडयंत्र किया गया है। इसलिए भाजपा एसटी मोर्चा पूरे राज्य में माटी, रोटी, बेटी बचाओ अभियान के माध्यम से आदिवासी समाज को जगाने का काम करेगा। बैठक में प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मोर्चा प्रभारी एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, सूलेंन गाड़ी, बिरसा मिंज, सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपियों को दी जाये फांसीः आरती कुजूर

रांची : भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर की घटना पर पूरे देश में चिल्ला-चिल्ला कर घड़ियाली आंसू बहानेवाले यूपीए के लोग आज पाकुड़ की घटना पर मौन हैं।इतना हल्ला और विरोध होने के बावजूद पाकुड़ में एक आदिवासी बहन के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। झारखंड में लगातार दुष्कर्म की घटना बढ़ी है। दुष्कर्म, हत्या आम बात हो गई है। कानून का डर खत्म हो गया है, महिलाओं के खिलाफ हिंसा चाहे वो मणिपुर में हो राजस्थान में हो बंगाल में हो या झारखंड में, राजनीति से ऊपर उठ कर इसका विरोध करें। ऐसे अपराधियों का कोई जाति, धर्म नहीं होता। इसलिए सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक या अन्य गैर सरकारी संस्था सभी महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसक घटना के खिलाफ खड़े हों, झारखंड के मुख्यमंत्री से भी आग्रह है कि बहनों के खिलाफ घट रही घटना पर त्वरित करवाई हो। ?ऐसी सजा मिले कि लोगों को भय हो और राष्ट्रपति को पत्र भी लिखें। आदिवासी मुख्यमंत्री, आदिवासी राज्य और आदिवासी बहनों के साथ सभी बहनों के ऊपर हो रहे जुल्म की दास्तां लिखें।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बयान नाराजगी जतायी

## बांग्लादेशी घुसपैठ पर राज्यपाल ने किसी नेता की बातों को कैसे मान लिया आधार : सुप्रियो

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बांग्लादेशी घुसपैठ पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बयान नाराजगी जताई है। कहा कि राज्यपाल ने किसी नेता की बातों को कैसे आधार मान लिया। राज्यपाल ने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासियों की जीवनशैली बदल जाएगी। घुसपैठिये यहां आकर आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के सामने वे इस मुद्दे को रख चुके हैं।मंगलवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल की बातें परेशान करने वाली हैं। मैं बताना चाहता हूं कि झारखंड की कोई भी सीमा बांग्लादेश के साथ नहीं जुड़ी हुई है। भले ही पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा के साथ जुड़ा हुआ है, लेकिन बांग्लादेश के साथ तो बिल्कुल भी नहीं। सवालिया लहजे में पूछा कि राज्य सरकार की इसमें क्या भूमिका है यह भी




साफ होनी चाहिए। राज्यपाल को यह जानना जरूरी है कि झारखंड की भौगोलिक स्थिति बदल रही है। केंद्र सरकार के हाथों में सेना और बीएसएफ के जवान हैं। सुरक्षा का जिम्मा भी केंद्र के हाथों में है, तो फिर घुसपैठ की बात कहां तक सच है? मणिपुर की घटना पर हमारे राज्यपाल को बोलना चाहिए था। लेकिन वो तो गुजरात, महाराष्ट्र और बंगाल का स्थापना दिवस मना रहे हैं। राज्यपाल का ताजा इंटरव्यू विधानसभा में मुद्दा बनकर उभरेगा।सुप्रियो ने कहा है कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और साहिबगंज के विधायक अनंत ओझा के कहने पर कैसे मान लिया जा सकता है। कुछ कहने के लिए भी आधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र में विधानसभा में मॉब लिंचिंग का विधायक आने वाला है। 1932 आधारित नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण जैसे विषय लाए जाएंगे। इससे बीजेपी के लोगों को तकलीफ है।सुप्रियो ने कहा कि सांप्रदायिक उन्माद की जब-जब बात होती है, तो समझ जाइए चुनाव आने वाला है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ का पता पार्टी नहीं कर सकती है। भाजपा का ऑफिस कहीं और से चलेगा, तब तो दिक्कत होगी।सुप्रियो भट्टाचार्य ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को लेकर भी सवाल उठाया है। कहा कि यदि इंडिया की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की जा रही है, तो फिर भाजपा के लोग खेलो इंडिया, जीतो इंडिया, शाइनिंग इंडिया और बढ़ेगा इंडिया जैसी बात क्यों करते हैं।

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक 28 करेंगे विधानसभा घेराव

राष्ट्रीय खबर

रांची: राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक संघ के आहवाह्व पर झारखंड राज्य के पंचायत स्वयं सेवक राजभवन के समक्ष 18 दिनों से अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन में हैं। धरना प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित कई नेता शामिल होकर पंचायत सचिवालय स्वंय सेवकों के मांगों का समर्थन किया है। वहीं आंदोलन के दौरान स्वयं सेवकों ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी, विधायक मनिष जयसवाल, दीपिका पांडे, अंबा प्रसाद,भूषण बड़ा, नीरा यादव, सहित कई विधायक-मंत्री से



मिलकर अपने मांगों से अवगत करते आये हैं। पंचायत स्वयं सेवक कार्य के बदले निश्चित मानदेय, पंचायत स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने और आंदोलन के दौरान जिन स्वयं सेवकों के उपर हुए केस को हटाने के मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि मौसम का परवाह किये बिना 18 दिनों से पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक आंदोलन में डटे हुए हैं। संघ ने 28 जुलाई को विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है।जबतक सरकार हमारी मांगे पुरा नहीं करेगी, तबतक आंदोलन हमलोगों का चलता रहेगा।पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक पंचायत सचिव स्तर पर सरकार द्वारा संचालित योजना पीएमवाईजी, समाजिक सुरक्षा, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कल्याण, आईसीडीएस का डाटाबेस तैयार कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराना है। कृषि विभाग की विभिन्न गतिविधियों जैसे उर्वरक, बीज का वितरण, मेला का अयोजन, मनरेगा एवं वित्त आयोग के लिए स्वीकृत योजनाओं की जानकारी देना शामिल है। ग्रामीणों को विकास एवं समाजिक सुरक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों में जागरूक करना ताकि अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठा सकें। गांव के वंचित लोगों को योजना के प्रक्रिया में जोड़ने और सक्षम स्तर से कार्य का निष्पादन कर सहयोग प्रदान करना। गांव स्तर पर संचालित योजनाओ के क्रियान्वयन की गुणवत्ता की जानकारी देना।

## तीन वर्षों में क्रूड इस्पात का उत्पादन 103.54 एमटी से बढ़ कर पहुंचा 127.20 मिलियन टन

राष्ट्रीय खबर

रांची:राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने संसद में केंद्रीय इस्पात मंत्रालय से इस्पात के उत्पादन, घरेलू खपत व निर्यात से संबंधित जानकारी मांगी। जानना चाहा कि विगत तीन वर्षों एवं चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इस्पात के उत्पादन, घरेलू खपत एवं निर्यात के लिए निर्धारित और प्राप्त किये गये लक्ष्यों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा आगामी लक्ष्यों के बारे में भी पूछा। इस पर केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। इसलिए इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात के लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किये जाते हैं। इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात से संबंधित निर्णय अलग-अलग इस्पात उत्पादकों द्वारा बाजार की मांग और अन्य वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिये जाते हैं। विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान 2020-21 में क्रूड इस्पात का उत्पादन 103.54 मिलियन टन था। 2021-22 में 120.29 मिलियन टन और 2022-23 में 127।20 मिलियन टन तथा अप्रैल/ जून 2023-24 में 33।63 मिलियन टन रहा। उन्होंने तैयार इस्पात के निर्यात एवं वास्तविक खपत की जानकारी देते हुए बताया कि 2020-21 में 10.78 मिलियन टन का निर्यात तथा वास्तविक खपत 94.89 मिलियन टन रही।

**बैठक** पार्टी के सभी विधायकों को इस बैठक में मौजूद

# 27 जुलाई को भाजपा विधायक दल की बैठक

राष्ट्रीय खबर

रांचीः 28 जुलाई से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र को लेकर भाजपा ने 27 जुलाई को विधायक दल की बैठक बुलाई है। शाम 7 बजे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में यह बैठक होगी। पार्टी के सभी विधायकों को इस बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी और और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी शामिल होंगे। विधायक दल की बैठक में पार्टी विधानसभा में उठाये जाने वाले मुद्दों को तय करेगी। सरकार को घेरने की रणनीति तैयार होगी। इसी बैठक में पार्टी नये विधायक दल के नेता का भी चयन कर सकती है।

बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया

# चार्जशीटेड अपराधी को थानेदार बनाने की राज्य सरकार की आखिर क्या है मजबूरीः बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय खबर

रांची:भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। कहा कि जब माझी ही नाव को डुबाने लगे तो फिर कौन बचायेगा। राज्य में आज रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। रांची के एसएसपी सड़क पर घूम रहे और अपराधी थाना संभाल रहे।श्री मरांडी ने कहा कि आदिवासियों से घूस



लेते रंगे हाथ पकड़े गये चार्जशीटेड और जमानत पर जेल से छूटी अपराधी मीरा सिंह को थानेदार बनाने की आखिर रांची एसएसपी को कौन सी मजबूरी है। पत्रकार पर 14 सन्हा के बाद एफआइआर करनेवाली तुपुदाना की घूसखोर थानेदार मीरा सिंह की करतूत फिर सामने आयी है। जेल भेजे गए प्रदीप साहू ने पत्र लिख कर बताया है कि कैसे उनके पत्रकार भाई संजय साहू को फंसाया गया है। एसएसपी को पत्रकार ने पहले ही बताया था कि चार्ज शीटेड अपराधी और जमानत पर रिहा मीरा सिंह उन्हें फर्जी केस में फंसाने का प्रयास करेगी और वही हुआ। आखिर सिस्टम में बैठे अपराधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देने की कौन सी मजबूरी है?

**पेज एक का शेष**

### संसद दोनों सदनों में .. ..

खिलाफ की गई टिप्पणी को अनुचित करार देते हुए कहा कि सदन के वरिष्ठ सदस्य को आसन से तल्ख लहजे में बात नहीं करनी चाहिए। श्री चिदंबरम ने इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वह यह कहना चाहते थे कि जब 51 सदस्य एक मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दे रहे हैं तो सभापति उसे छोड़ कर तीन दिन पहले दिए गए नोटिस का संज्ञान कैसे ले सकते हैं। विपक्ष के नेता मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष के अनेक सदस्य पिछले चार दिन से नियम 267 के तहत मणिपुर की स्थिति पर चर्चा करने के लिए नोटिस दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति बेहद चिंताजनक है और प्रधानमंत्री ईस्ट इंडिया की बात कर रहे हैं। सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि देश में कहीं भी महिलाओं पर अत्याचार दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह बेहद संवेदनशील मुद्दा है और इस पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। नेता सदन ने कहा कि गृहमंत्री कह चुके हैं कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन अनेक सदस्यों ने राजस्थान, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं पर अत्याचार तथा वहां कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा कराने के लिए नोटिस दिए हैं। सरकार चाहती है कि इन पर भी चर्चा हो।

इसी हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजातियों की सूची में 12 और जातियों को शामिल करने से संबंधित संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 को मंगलवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच राज्यसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। दूसरी तरफ लोकसभा में जैविक विविधता (संशोधन) विधेयक, 2022 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### पोलैंड की महिला प्यार .. ..

कटकमसांडी के खुटरा निवासी शादाब और पोलैंड की महिला बारबरा की दोस्ती हुई, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। बारबरा की छह साल की एक बेटी भी है। बारबरा चाहती है कि शादाब उसके साथ शादी करे। गांव में दो अलग देशों के नागरिकों तथा दोनों के धर्म पर विरोध के बाद भी लोग उत्सुकता के साथ इसके परिणामों को देखना चाहते हैं। पता चला है कि शादाब ने पोलैंड जाने के लिए भी दूतावास में आवेदन दिया था। फिलहाल दोनों कटकमसांडी के खुटरा गांव में रह रहे हैं। शादाब ने विदेश जाने का आवेदन पहले भी दिया था पर वह निरस्त हो गया था। हालांकि, गांव के लोग इस बात को लेकर खफा भी है कि जो कुछ हो रहा है, वह ठीक नहीं है। उनके धर्म में बारबरा को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।। यही कारण है कि गांव के बुजुर्ग लोगों ने उसके परिवार से दूरी भी बना ली है।। उनका यह भी कहना है। कि वह उसकी मर्जी है, जो वह करे। अब दोनों अपने-अपने धर्म के साथ एक-दूसरे को अपनाने के लिए तैयार हैं। शादाब ने बताया कि बारबरा एक समझदार और स्वच्छ मन की महिला है और उसकी छह साल की बेटी भी है।। बारबरा का तलाक हो चुका है और वह पोलैंड में अकेले रहती है। वहां वह नौकरी भी करती है। वह चाहती है कि शादाब उसके साथ पोलैंड चले। उसका यह भी कहना है कि उस महिला का उसके जीवन में आने के बाद परिवर्तन भी आया है। जीवन जीने की शैली, पोशाक पहनने का सलीका, बात करने का लहजा हर चीज में बदलाव आया है। दूसरी बार भारत और पहली बार आई हजारीबाग। बारबरा शादाब से मिलने दूसरी बार भारत पहुंची है ।पहली बार उसने उसे दिल्ली में ही उसे कई जगह घुमाया और उसने यह भी कहा कि भारत बेहद सुंदर जगह है। इस देश की संस्कृति बहुत समृद्ध है। दूसरी बार वह दिल्ली आने के बाद हजारीबाग पहुंची है। हजारीबाग पहुंचने के बाद पूरे गांव में कौतूहल का विषय बना हुआ है। कि आखिर कैसे विदेश की एक महिला हजारीबाग के छोटे से कस्बे में रह रही है।

### मुख्यमंत्री कार्यालय पर .. ..

तोड़ने की भी कोशिश की।

मुख्यमंत्री संगमा ने हिंसा में घायल सुरक्षाकर्मियों का हालचाल जाना। संगमा ने घायल सुरक्षाकर्मियों के लिए 50 हजार रुपये की मदद और इलाज का खर्च देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने कहा है यह हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इन संगठनों के प्रतिनिधि भी नहीं जानते कि हमलावर कौन हैं। यह बाहर से आए हुए लोग थे। इनका पता लगाया जा रहा है।

### हिंसा में राज्य प्रशासन .. ..

के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करना चाहते हैं। संयोग से, मणिपुर सरकार ने इस साल की शुरूआत में एक विशेष अभियान शुरू करते हुए कहा था कि मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के एक वर्ग पर नशीली दवाओं की खेती और तस्करी का आरोप है। बीरेन सिंह की सरकार ने भी बेदखली अभियान चलाया क्योंकि मणिपुर के कुकी-बहुल पहाड़ी क्षेत्र को म्यांमार से जब्त किया जा रहा था। हाओकिप ने कहा कि दो युद्धरत जातीय समूहों कुकी और मैतेई के बीच विश्वास का माहौल बहाल करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। वह लिखते हैं, कुकी समुदाय के लोग विभिन्न भेदभावों से आजादी चाहते थे। मैतेई योद्धाओं ने सोचा कि कुकी घाटी में उनके क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अपने नाम के मुताबिक .. ..

पहले ग्रीनलैंड का अधिकांश हिस्सा हरा था। ग्रीनलैंड का एक बड़ा हिस्सा बर्फ रहित टुंड्रा परिदृश्य था - जो शायद पेड़ों से ढका हुआ था और ऊनी मैमथ यहां घूमते थे। शोध यह बताता है कि ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ की चादर पिछले ढाई मिलियन वर्षों से बनी हुई है। इसके बजाय, 424,000 से 374,000 साल पहले मध्यम वार्मिंग के कारण नाटकीय रूप से पिघलने लगा। उस समय, ग्रीनलैंड के पिघलने से समुद्र के स्तर में कम से कम पांच फीट की वृद्धि हुई थी, इसके बावजूद कि वायुमंडलीय गर्मी-अवशोषित कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर आज की तुलना में बहुत कम था। इससे संकेत मिलता है कि ग्रीनलैंड पर बर्फ की चादर पहले की तुलना में मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकती है और आने वाली शताब्दियों में अपरिवर्तनीय, तेजी से पिघलने के प्रति संवेदनशील होगी। 424,000 से 374,000 साल पहले मध्यम वार्मिंग के कारण नाटकीय रूप से पिघलने लगा। हाल तक, भूवैज्ञानिकों का मानना था कि ग्रीनलैंड बर्फ का एक किला था, जो लाखों वर्षों से बिना पिघला हुआ था। लेकिन, दो साल पहले, वैज्ञानिकों की इस टीम ने फिर से खोजे गए कैंप सेंचुरी आइस कोर का उपयोग करके दिखाया कि यह संभवतः दस लाख साल से भी कम समय पहले पिघला था। सेंट्रल ग्रीनलैंड में काम कर रहे अन्य वैज्ञानिकों ने डेटा इकट्ठा किया, जिससे पता चलता है कि पिछले 1.1 मिलियन वर्षों में कम से कम एक बार वहां की बर्फ पिघली है लेकिन इस अध्ययन तक, कोई भी नहीं जानता था कि बर्फ कब खत्म हुई थी।

अब, उन्नत ल्यूमिनसेंस तकनीक और दुर्लभ आइसोटोप विश्लेषण का उपयोग करके, टीम ने एक स्पष्ट तस्वीर बनाई है। ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर का बड़ा हिस्सा दस लाख साल पहले की तुलना में हाल ही में पिघला है। नया अध्ययन प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत करता है कि बर्फ की चादर के ठीक नीचे तलछट 424,000 से 374,000 साल पहले समुद्री आइसोटोप स्टेज 11 नामक मध्यम वार्मिंग अवधि के दौरान बर्फ मुक्त वातावरण में बहते पानी द्वारा जमा की गई थी। इस पिघलने के कारण दुनिया भर में समुद्र का स्तर कम से कम पांच फीट बढ़ गया।

### मछुआरे को अचानक .. ..

फायदा नहीं हुआ। भगवती ने शुरूआत में अन्य मछुआरों की मदद से तलाश की लेकिन अनेश्वर नहीं मिला। आखिरकार मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। सोमवार को उसका शव मिला।

दक्षिण चौबीस परगना जिले के प्रभागीय वन अधिकारी मिलन मंडल ने कहा कि जोड़े के पास जंगल में प्रवेश करने की वैध अनुमति थी। हालांकि, उन्होंने नियम तोड़े और अभयारण्य में प्रवेश किया, उन्होंने कहा। मिलन ने यह भी कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# सावन महोत्सव : सुनो सहेली सावन आया, मनमोहक मनभावन आया............

## शब्दाक्षर के आओ सखी सावन महोत्सव२ में गीतों पर झूम उठीं महिलाएं

### पौधे भेंट कर महिलाओं को किया गया सम्मानित

**राष्ट्रीय खबर**




**गया :** राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की जहानाबाद इकाई द्वारा आओ सखी सावन महोत्सव२ का भव्य आयोजन जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन के समन्वयन और संयोजन में किया गया, जिसमें हरे-हरे सुंदर परिधानों में सुसज्जित सखियों ने सावन पर एक से बढ़कर एक गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता- सह -प्रसारण प्रभारी प्रो. डॉ रश्मि प्रियदर्शनी की गौरवमयी उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष सुमन ने राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि का स्वागत अंगवस्त्रम तथा फूलों का पौधा देकर किया। वहीं डॉ रश्मि ने भी सुमन तथा शब्दाक्षर जहानाबाद जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार मधुकर को पौधा भेंट कर कार्यक्रम के दिग्दर्शक शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र एवं समस्त शब्दाक्षर परिवार की ओर से इस अत्यंत सुंदर सावनी आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण में महिलाओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भागीदारी है।कार्यक्रम का संचालन सुप्रिया गुप्ता ने किया। महोत्सव में कुसुम देवी, सोनी पाण्डेय, राखी देवी, नंदनी कुमारी, मोनी, मीठी, रानी कुमारी, गुड़िया कुमारी, मोनी देवी, इंदु देवी, मीनू साह, पुष्पा देवी, नवोदित कवियत्री कुमारी अंजलि, सरिता देवी, संगीता देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, प्रभा देवी, रीना ने सावन पर सुमधुर गीत गाये तथा कुछ ने मनमोहक नृत्य भी किये। शब्दाक्षर जहानाबाद जिलाध्यक्षा सुमन ने सभी प्रतिभागी सखियों एवं नन्हे-मुन्हे बच्चों को रंग-बिरंगे छोटे-छोटे सुंदर गमलों में लगे पौधे सम्मान स्वरूप दिये, जिससे सारा कार्यक्रम स्थल ही सावनमय हो उठा। मुख्य अतिथि शब्दाक्षर राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय स्वरचित कविता सुनो सहेली सावन आया, मनमोहक मनभावन आया, नहीं रही गर्मी पहले सी, मौसम यह अति पावन आया, घिर आये बादल चहुँओर, शीतल पवन मचाये शोर, इंद्रधनुष अंबर में छाया की प्रस्तुति पर सभी सखियाँ थिरक उठीं। सावित्री सुमन ने भी सावन पर स्वरचित भावपूर्ण गीत सावन की रिमझिम बूंदों में, तन-मन में है आग पिया। ऐसे मौसम में, तुम हो जाके बसे परदेस पिया.. गाया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शब्दाक्षर केन्द्रीय पेज से किया गया, जिससे शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र, राष्ट्रीय सचिव सुबोध कुमार मिश्र, राष्ट्रीय उपसचिव सागर शर्मा आजाद, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, गोवा प्रदेश अध्यक्ष वंदना चौधरी, झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार, शब्दाक्षर जहानाबाद के जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार मधुकर, पंडित बालकृष्ण, बिट्टू जैन, सुधा द्विवेदी सहित अनेक दर्शक लगातार जुड़े रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करते रहे।

### आईडीबीआई बैंक ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

**पटना :** आईडीबीआई बैंक ने वित्तवर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए अपने नतीजों की घोषणा की। जिसमें शुद्ध लाभ 1,224 करोड़ रहा, जो सालाना आधार पर 62 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज किया है। वहीं साल-दर-साल 47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ परिचालन लाभ 3,019 करोड़ रहा। एनआईएम 178 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 5.80 प्रतिशत दर्ज किया गया और शुद्ध ब्याज आय 61 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 3,998 करोड़ रही। जमा की लागत 4.12 प्रतिशत रही। सीआरएआर 76 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 20.33 प्रतिशत रहा। संपत्ति पर रिटर्न 1.49 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## अभियान : अवैध रूप से संचालित 15 डीजे को पुलिस ने किया जब्त

**मधुबनी :** धनहा पुलिस ने मंगलवार को थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में विशेष अभियान चलाकर लगभग 15 डीजे मशीन को जप्त किया गया। ताकि मुहर्रम पर्व के दिन कोई भी डीजे संचालक डीजे का उपयोग नहीं कर सके। हालांकि इससे पहले भी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा था कि मुहर्रम पर्व के दिन किसी भी गांव में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। अगर ऐसा किया जाता है तो डीजे संचालक पर निश्चित रूप से करवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुहर्रम पर्व को देखते हुए थाना क्षेत्र के तमकुहवा, दौनहा, खलवापट्टी सहित अन्य गांव में छापामारी कर डीजे संचालकों का लगभग 15 डीजे को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद भी अगर कोई डीजे संचालक अपने घर पर डीजे रखा हो और डीजे का प्रयोग करता है तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। मुहर्रम बाद डीजे को पुनः संचालकों को वापस कर दिया जाएगा।

## मोहर्रम को लेकर साठी में शांति समिति की बैठक

**साठी :** मोहर्रम को ले साठी थाना परिसर में रविवार की शाम थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य लोग शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष श्री कुमार ने शांति और आपसी सौहार्द के साथ आम जनों से पर्व को मनाने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जुलूस के दौरान हुड़दंग करने वालों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्रवाई पर की जाएगी, तथा जुलूस के अस्त्र शास्त्र, तलवार, फरसा,गडास, भाला हथियार लेकर प्रदर्शन करने वालों पर आर्म्स एक्ट अंतर्गत केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मोहर्रम को लेकर सभी संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। बैठक के दौरान उपस्थित थाना कर्मियों में दरोगा अरविंद कुमार सिंह, पीसीएसआई लक्ष्मी कुमारी, जयशल कुमार, जितेंद्र कुमार सहित थाना के सभी कर्मी मौजूद रहे।

# आज निकलेगी साईं बाबा की भव्य शोभायात्रा

## कल भंडारा और 28 को भजन संध्या का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**




**पटना :** श्रीसाईं शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति द्वारा साईं बाबा के प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के चौबीसवें वार्षिकोत्सव भव्यता पूर्वक मनाया जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिवस आज बुधवार को श्री साईं रथ यात्रा निकाला जायेगा। जिसमें हाथी, घोड़े, ऊँट एवं गाजे-बाजे के साथ श्रीसाईं शिव कृपा मन्दिर, कंकड़बाग परिसर से अपराह्न 4 बजे प्रारंभ होकर कॉलोनी मोड़, चिरैयाटांड ओवरब्रिज, एक्जीबिशन रोड, गाँधी मैदान से डाक बंगला चौराहा, महावीर मन्दिर व जंक्शन होते हुए वापस साईं मन्दिर पहुँचेगी। समारोह के दुसरे दिन 27 जुलाई को श्री साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ विशाल भंडारा सह महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम एसवीडी स्कूल के सामने पार्क में आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम दिन के 12:30 बजे आरम्भ होकर संध्या 7:30 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के तीसरे दिन दिनांक 28 जुलाई को संध्या 7:00 बजे से साईं मंदिर के समीप भव्य भजन संध्या सह श्रीसाईं अखण्ड धूनी त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन होना सुनिश्चित है। उपरोक्त जानकारी मन्दिर न्यास समिति के सचिव राजेश कुमार डब्लू ने देते हुए बताया की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी कार्यक्रम को सभी न्यासियों, साईं सेवादारो के सदस्यों एवं साईं भक्तों के सहयोग से संपन्न कराया जायेगा। इस बार अभी तक के सबसे बड़े भण्डारे की तैयारी है। इसके साथ हीं उन्होंने स्मारिका विमोचन मे कई विशिष्ठ अतिथियों के शामिल होने की जानकारी दी। मौके पर न्यासी डॉ. चंचला कुमारी, रतन कुमार सिन्हा, कुमार नीरज, संजय रजक, मनोज कुमार के साथ ही सी सेवादार नवनीत विजय, चंद्रप्रकाश, सुमीत कुमार मिश्रा, अमित कुमार चौरसिया, मीडिया प्रभारी अतुल आनंद सन्नू, साई अखंड धूनी पत्रिका के सम्पादक मधुप मणि पिक्कू, राजीव रंजन वर्मा, सौरभ जयपुरियार, मनमोहन कुमार पंकज, शैलेश कुमार बंटी, राजेंद्र सिंह, प्रधान पुजारी विवेकानंद पांडेय आदि मौजूद थे।

# दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना/रांची :** दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 20वें संस्करण की शुरूआत मंगलवार को चाणक्य बीएनआर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रंजना मल्लिक, विशिष्ट अतिथि दीपा बंका व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल मौजूद थे। दो दिवसीय प्रदर्शनी में 50 स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने बताया कि त्योहारों और समर वियर के खास कलेक्शंस के साथ हम फिर से एक बार रांची में हाजिर हैं। हमारी प्रदर्शनी पिछले कई वर्षों से झारखंड के लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। प्रदर्शनी में देश भर के डिजाइनर्स ने अपने स्टॉल्स लगाए हैं जिनमें सुता बॉम्बे, नवाह, ऐड क्रिएशन, सयंति घोष डिजाइनर स्टूडियो, बसा बाई सुमेश, द ओएमजी सागा, मनियर बाई कोमल, मिषना आदि शामिल हैं। प्रदर्शनी 11 से रात 8 बजे तक खुला रहेगा जिसमें ग्राहकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

# 45 वर्ष पूरे होने पर मनाया विश्व आईवीएफ दिवस



### आईवीएफ है दुनियाभर में भरोसेमंद निःसंतानता उपचार का तकनीक

**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** दुनिया की पहली आईवीएफ बेबी के जन्म के 45 साल पूरे हो गये हैं। निःसंतानता के उपचार की क्रान्तिकारी तकनीक आईवीएफ के आविष्कार ने दुनियाभर के निःसंतान दम्पतियों को उम्मीद की नयी किरण दी है। देश की सबसे बड़ी फर्टिलिटी चैन इन्दिरा आईवीएफ सेंटर ने विश्व आईवीएफ एवं भ्रूण वैज्ञानिक दिवस का भव्यतापूर्वक सेलिब्रेशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईवीएफ क्षेत्र के महारथी व वैज्ञानिक एम्ब्रियोलॉजिस्ट डॉ. डेविड मोर्टिमर रहे। समारोह में डॉ. डेविड ने आईवीएफ क्षेत्र से जुड़ी बारिकियों के बारे में बताया तथा सेंटर हेड डॉ. दयानिधि शर्मा, डॉ. अनूजा सिंह, डॉ. सुनिता कुमारी, डॉ. रीना रानी, डॉ. मोक्षा जैन, डॉ. रितिका, डॉ. भूमिजा और एम्ब्रियोलॉजिस्ट राकेश ने अपने विचार रखे।

डॉ. डेविड ने आईवीएफ को दुनियाभर में भरोसेमंद निःसंतानता उपचार तकनीक बताया। उन्होंने दम्पतियों से बातचीत भी की और निःसंतानता और उसके उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील करते हुए बेस्ट एम्ब्रियोलॉजी लैब वाले सेंटर में इलाज करवाने की सलाह दी। सेंटर हेड डॉ. दयानिधि ने बताया कि आईवीएफ की शुरूआत में लोग इस उपचार तकनीक को अपनाने में झिझक महसूस करते थे लेकिन समय के साथ लोगों ने इसकी सफलता और सरलता को देखते हुए स्वीकार कर लिया है। विश्व आईवीएफ एवं भ्रूण वैज्ञानिक दिवस पर दुनियाभर में आईवीएफ के प्रति जागरूकता लाने वाले सुप्रसिद्ध एम्ब्रियोलॉजिस्ट डॉ. डेविड के ज्ञान का लाभ लेने की अपील की।

# बाढ़ एवं सूखाड की संभावना उत्पन्न होने पर अधिकारियों के साथ बैठक

**राष्ट्रीय खबर**




**मुंगेर :** तारापुर,राज्य में मानसून की अनिश्चितता के कारण बाढ़ एवं सुखाड़ की संभावना उत्पन्न हो गई है । राज्य सरकार के निर्देश पर पंचायत स्तर पर इससे निबटने के लिए समाधान की दिशा में क्या कुछ हो सकता है, इसके रणनीति को लेकर विशेष बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। प्रखंड सभाकक्ष तारापुर में भूमि सुधार उप समाहर्ता दिलीप कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि बाढ़ एवं सुखाड़ के पूर्व तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई थी। सरकार के तैयारियों के बाबत दिशा निदेर्शों को बताया गया। बारिश नहीं होने से तारापुर प्रखंड में बाढ़ की स्थिति तो नहीं आएगी,परंतु सुखाड की संभावना हो सकती है। ऐसी स्थिति में क्या फसल लगाई जाए, जनसमस्या का निवारण कैसे हो सकता है, पंचायत स्तरीय प्रतिनिधि तथा पंचायतों के किसान सलाहकार को आने वाली परिस्थिति से निबटने के लिए कार्य योजना तैयार करने का सलाह दिया गया है। बैठक में संभावित सुखाड के कारण किसान क्या वैकल्पिक खेती कर सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहे। इसको लेकर गांव में जनप्रतिनिधि व किसानों के साथ बैठक कर जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में सीओ सर्वेश कुमार सिन्हा बीपीआरओ गौतम भारती, किसान सलाहकार सहित पंचायत के मुखिया सरपंच पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य ने भाग लिया।

## मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी ने संभाला पदभार

**राष्ट्रीय खबर**

**मधुबनी :** प्रखंड में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में शिवप्रकाश ने मंगलवार को पदभार लिया। यह प्रभार तात्कालिक कार्यक्रम पदाधिकारी रत्नेश कुमार से लिया गया। इसके पहले शिवप्रकाश पटना जिला विकास अभिकरण कार्यालय में कार्यरत थे। प्रभार लेने के उपरांत पीओ शिवप्रकाश ने बताया कि, क्षेत्र का विकास मेरा पहला प्राथमिकता है। जिससे लोगो की सेवा हो सके।

## धानुक जाति को अनुसूचित जन जाति में शामिल करने की मांग

**हवेली खड़गपुर :** अखिल भारतीय धानुक, उत्थान महासंघ मुंगेर की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार ने किया मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष गणेश मंडल कर रहे थे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार धानुक जति को अनुचित जन जाति के शामिल किया जाय। जिला संयोजक दिलीप मंडल ने जिला सम्मेलन कराने पर बल दिया। साथ ही मुंगेर लोकसभा में धानुक संगठन से निर्दलीय उम्मीदवार देने की भी बात कही। इसके अलावा रेल सह सड़क पर का नाम ब्रह्मानंद मंडल और मुंगेर विश्वविद्यालय का नाम फणीश्वर नाथ रेणु रखने की मांग किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश मंडल, विन्देश्वरी मंडल, मनोज कमार, शंकर मंडल, प्रदीप कुमार मंडल, घनश्याम मंडल, विकेश मंडल, विनोद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रसूता की मौत से आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के हरि पकड़ी रोड में केसरी हेल्थ केयर में एक प्रसूता की मौत अत्यधिक रक्त स्राव से हो गई। इस दौरान बच्चा तो सुरक्षित है, लेकिन मां को नहीं बचाया जा सका। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने केसरी हेल्थ केयर के गेट पर शव को रख कर घंटों बवाल किया। सूचना पर पहुंचे थनाध्यक्ष अभय कुमार ने मामले शांत कराया। इस संदर्भ में मृतिका के भसूर सुगौली डंडी टोला निवासी यादव लाल पासवान ने बताया कि सोमवार को हम सभी यहां आए थे, प्रसव के दौरान ब्लेड लगा देने के चलते अधिक रक्त श्राव होने लगा। स्थिति चिंताजनक होने पर केसरी हेल्थ केयर केयर जमुना देवी के द्वारा मरीज व बच्चा को बेतिया रेफर कर दिया गया। हम लोग उसे प्राइवेट डॉक्टर तथा सरकारी हॉस्पिटल में लेकर गए। जहां अत्यधिक रक्त स्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई।इधर, केसरी हेल्थ केयर के यमुना देवी ने बताया कि प्रसव सही सलामत करा दिया गया लेकिन अधिक दर्द होने के कारण सुबह में बेतिया रेफर कर दिया गया । परिजनों द्वारा पांच घंटे के बाद शव को वापस लाकर मेरे गेट पर रखकर बवाल किया जा रहा है। समाचार प्रेषण तक परिजन शव को रखकर बवाल काट रहे थे।

## भारत के आईसीटी परिदृश्य में ई-संसाधनों की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी पू चं:** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जी20 समिति के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला में पांचवां व्याख्यान भारत के आईसीटी परिदृश्य में ई-संसाधनों की भूमिका विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विषय पर डीन, संगणक विज्ञान सूचना और संचार प्रौद्योगिकी संकाय प्रो आरके चौधरी ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग की शुरूआत के साथ पुस्तकालय और सूचना परिदृश्य बदल गया है। आज मूल्यवर्धित इलेक्ट्रॉनिक सूचना सेवाओं के सहयोग से पारंपरिक पुस्तकालयों की भूमिका बदल गयी है। ई-संसाधनों ने पुस्तकालयों को गतिशील और बहुमुखी सूचना केंद्रों में बदल दिया है। मुख्य वक्ता के रूप में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के.एल. महावर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंटरनेट के सहयोग से ई-संसाधन आधुनिक युग में शिक्षण, सीखने और अनुसंधान के लिए एक अमूल्य उपकरण बन गए हैं। नई प्रौद्योगिकियों के तेजी से विकास ने संचार प्रक्रिया को बदल दिया है और व्यक्तियों के लिए संचार की लागत कम कर दी है।

# जबरन धर्मांतरण एवं लव जिहाद जैसी घटनाओं पर लगानी होगी रोक

### अंहिंप की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

### सैनिकों की कलाइयों पर ओजस्विनी बांधेगी रक्षा सूत्र

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, दक्षिण बिहार की ओर से प्रांत कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में गया जिले से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय महिला परिषद एवं ओजस्विनी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति रही। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, दक्षिण बिहार के प्रदेश अध्यक्ष पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि सभी हिंदुओं को संगठित और सुव्यवस्थित होकर देश के कल्याण हेतु कार्य करना होगा। सनातन हिंदू संस्कृति की रक्षा अत्यावश्यक है। जबरन धर्मांतरण तथा लव जेहाद जैसी निंदनीय घटनाओं पर रोक लगानी होगी। कहा कि परिषद अन्य सामाजिक कार्यो में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनिल कुमार की अगुवाई में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में 14 से 25 अगस्त तक जिले में अखंड भारत संकल्प दिवस मनाने, देश के सैनिकों को रक्षाबंधन पर रक्षा सूत्र बांधने, एक मुट्ठी अनाज योजना, जन्माष्टमी पर छोटे-छोटे बच्चों की झांकी का आयोजन करना, बजरंग दल भर्ती अभियान, छात्र परिषद का सदस्यता अभियान, धर्म रक्षा निधि, नवरात्रि पर चंडी पाठ और कन्या पूजन का आयोजन एवं विजयादशमी के पावन पर्व पर शस्त्र पूजन, विभिन्न मोहल्लों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, विभिन्न हिंदू त्योहारों को मनाये जाने हेतु कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। बैठक में अहिप, दक्षिण बिहार के प्रांत विभाग मंत्री रामकुमार बारिक ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों की सफलता हेतु सभी सदस्यों का एकजुट होना जरूरी है। इस हेतु जिला स्तर पर 30 जुलाई को मंगला गौरी मंदिर में एक बैठक बुलाई गई है। राष्ट्रीय बजरंग दल के दक्षिण बिहार प्रांत के महामंत्री शशिकांत मिश्रा ने कहा कि परिषद के संगठनात्मक ढांचा को मजबूत बनाने हेतु हर संभव प्रयत्न किये जायेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए ओजस्विनी की जिला अध्यक्षा डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने घोषणा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति, इस वर्ष भी पावन रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर ओजस्विनी बहनों की राखियाँ देश के सैनिक भाइयों की कलाइयों पर बाँधी जाएगी। प्रांतीय बैठक में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद गया के कार्याध्यक्ष मुक्तामणि, ओजस्विनी की गया जिला अध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, शिल्पा साहनी, प्रतिज्ञा कुमारी, अमीषा भारती, महिला परिषद की जिला अध्यक्ष मधु शर्मा, नीलम मिश्रा, गोलोक बिहारी श्रीवास्तव, हिंदू हेल्पलाइन के प्रमुख विशाल कुमार बारिक,वि श्वजीत चक्रवर्ती, सौरभ सिंह, अश्वनी कुमार सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों के सदस्य उपस्थित थे।

## परखनाहा हाई स्कूल मे बच्चों के बीच झड़प, पहुँची पुलिस

**बेतिया :** बैरिया थाना क्षेत्र के पखनाहा हाई स्कूल मे बेंच पर बैठने को लेकर बच्चों के दो गुटों के बीच जमकर झड़प हो गई। बवाल बेकाबू होने पर एचएम विक्टर थामस व प्रधान सहायक अरबिन्द कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुँचने पर मामला शांत हुआ। कुछ बच्चों को पुलिस थाने लाकर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि नौवीं क्लास की परीक्षा चल रही है। एक टोला के बच्चे पहले पहुँच गये और वे बेंच पर बैठ गये थे । तभी एक अन्य टोला के दर्जनो बच्चे स्कूल पहुँच कर पहले बैठे बच्चों को हटाने लगे। जिससे दोनो बच्चों के पक्षों के बीच नोकझोंक हुई। शिक्षकों के बीच बचाव से मामला शांत हो गया। परंतु परीक्षा समाप्त होने पर बाद मे पहुँचने वाले बच्चो का समूह गेट पर आकर रूक गये। इसी बीच जमकर मारपीट व चाकूबाजी हो गई।

## डॉ. राजेश पटेल बने जिला जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष



**मोतिहारी पू चं:** बिहार प्रदेश जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. एल.बी.सिंह ने ढाका निवासी डॉ.राजेश पटेल को पूर्वी चम्पारण जिला जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन्हें जिलाध्यक्ष बनाने के लिए जदयू के सर्वमान्य नेता बिहार के विकास पुरुष व लोकप्रिय यशश्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं बिहार प्रदेश जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. एल. बी. सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नवमनोनीत जिलाध्यक्ष को बधाई दी है।

## कारगिल दिवस के अवसर पर एसएसबी 65 वी वाहिनी ने किया वृक्षारोपण

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य मे राजकीय डिग्री कॉलेज मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज बगहा एक के प्रांगण में श्री अच्युत सिंह द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 65 वीं वाहिनी के दिशानिर्देश पर कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन श्री अभिषेक सुहाने उप कमांडेंट 65वी वाहिनी के अगुआई मे किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय मे सागवान, गुलमोहर तथा जामुन के 830 पौधे लगाए गए वहीं वाहिनी के समस्त सीमा चौकियों मे भी वृक्षारोपण किया गया। जिसमे 720 पौधे लगाए गए है। इस मौके पर कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार चौधरी, अभिषेक सुहाने, उप कमांडेंट 65वी वाहिनी, नैतिक जागरण मंच वेल्फेयर ट्रस्ट के सचिव निपु पाठक, सुषमा सिंह समाजसेवी के द्वारा सभी छात्रों को संबोधित करते हुए सभी को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया साथ ही अपने परिवार तथा मित्रों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया गया। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में मनाया जा रहे इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज का वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। निप्पु पाठक के द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य, समाजसेवी सुषमा सिंह, डॉ रेखा श्रीवास्तव को पौधा भेंट किया गया तथा प्रधानाचार्य महोदय के द्वारा अभिषेक सुहाने उप कमांडेंट 65वी वाहिनी को रुद्राक्ष तथा पुष्प के पौधे भेंट किए गए। महाविद्यालय प्रांगण मे सभी गणमान्य एवं छात्रों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 23,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 7310 पौधे लगाए जा चुके है।

# रेलवे कार्य में लगे ट्रैक्टर-ट्रेलर की टक्कर से एक की मौत, पांच जख्मी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** पटखौली थाना अंतर्गत औसानी में बीते दिन 15 मिनट के अंतराल में एक ही जगह हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान सबेया निवासी मोहन पटेल के पुत्र संजीत (26) के रूप में हुई है। रेल दोहरीकरण के मिट्टी भराई कार्य में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली से पहले हादसे में 1 महिला समेत 3 लोग जख्मी हो गए यह हादसा टेंपो और ट्रैक्टर के आमने सामने टक्कर में हुआ। घायलों ने बताया कि ट्रैक्टर की रफ्तार काफी तेज थी। और सीधे टेंपो में टक्कर मार दिया इस घटना में टेपु चालक भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। फिलहाल सभी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में जारी है। ठीक 15 मिनट बाद मिट्टी भराई कार्य में लगे दुसरे ट्रेक्टर-ट्रेलर से दूसरा हादसा हुआ जिसमें बाईक सवार एक की मौत और दुसरा जख्मी हो गया। मृतक संजीत के पिता पटखौली थाना में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अति बेग से आ रही ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हुई। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने मुआवजा समेत ट्रैक्टर मालिकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया था। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष के समझाने-बुझाने व कार्रवाई का भरोसा दिलाने पर लोग माने तब जाकर जाम हटा। थानाध्यक्ष नीतेश कुमार ने बताया कि युवक का पोस्टमार्टम करा कर शव सौंप दिया गया है। वहीं एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है, तथा दूसरे ट्रैक्टर मालिक की तलाश जारी कर दी गई है।

## रिमझिम बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत, हर्षित हुए किसान

**बगहा :** अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार की अहले सुबह से लगातार रिमझिम बारिश हो रही हैं । जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। करीब दो सप्ताह के बाद एक बार फिर बारिश की शुरूआत हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही बारिश की संभावना जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो इस तरह की बारिश धान की खेती के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसे लेकर किसानों के अंदर खुशी है। हालांकि, किसानों को यह डर सता रहा है कि कहीं बारिश रुक ना जाए। लगातार हुई बरसात से मौसम का पारा भी डाउन हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अनुमंडल क्षेत्र में अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री बताई जा रही है। वहीं अगले पांच से सात दिनों तक यह तापमान बना रहेगा। दो दिन पहले का तापमान अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस था। बारिश के कारण तापमान में तेजी से गिरावट आई है।

## भू-विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प

**रामनगर :** थाना क्षेत्र के डैनमरवा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें शमशाद खां की पत्नी शबनम खातून ने अपने आवेदन में बताया कि मेरे घर के पास मेरे जमीन पर बलपूर्वक हड़पने के नियत दिवाल उठाया जाने का आरोप लगाई है। दिवार उठाने से मना करने पर मारपीट कर घायल कर देने व स्वर्ण आभूषण छिन लेने का आरोप लगाई है। जिसमें मुन्ना खां सरफुद्दीन खां, चांदनी खातून, बक्शीश खां को नामजद अभियुक्त बनाई है। उधर चांदनी खातून ने घर के अंदर झांकने से मना करने पर एक राय व साजिश के तहत मारपीट करने का आरोप लगाई है।

## पत्नी ने शराबी पति को भेजवाया जेल

**रामनगर :** थाना क्षेत्र मुजरा गांव निवासी प्रेमशीला देवी ने अपने पति ललन साह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें शराब पीकर मारपीट करने व तंग तबाह करने का आरोप लगाई है। साथ ही पति पर दूसरे औरत की चक्कर में पड़कर घर का स्वर्ण भूषण चोरी कर बेच देने का आरोप लगाई है। थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि महिला के आवेदन पर आरोपी ललन साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अनहोनी की आशंका : 2 माह पूर्व अपहृत किशोरी का कोई सुराग नहीं

**नरकटियागंज :** अनुमंडल अंतर्गत भंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब 2 माह पहले शादी की नियत से अपहत एक किशोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इससे परेशान परिजनों ने पुलिस पदाधिकारी के वरीय पदाधिकारियों से आवेदन देकर अपनी पुत्री की बरामदगी की मांग किया है। परिजन किसी अनहोनी को लेकर काफी परेशान हैं। इस सम्बंध में भंगहा थाना में दर्ज केस के नामजद पांच अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों में काफी भय व्याप्त है। अपहता किशोरी के पिता ने डीआईजी और एसपी को आवेदन देकर अपनी बेटी की रिहाई की मांग करते हुए नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की है। अवयस्क लड़की का अपहरण 30 मई को गांव के ही नीतीश कुमार, अमेरिका सहनी, दीपू कुमार, तारा खातून और शोभा देवी के साठगांठ करके विवाह के लिए कर लिया गया, लेकिन अभी तक उनकी बेटी का कोई अता-पता नहीं है। भंगहा थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। नामजद अभियुक्त अपने से फरार हैं। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

## तीन बोतल देसी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी थाना क्षेत्र के अर्जुनही नाला बिहार यूपी के बॉडर के तीन बोतल देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को पुलिस ने सोमवार की शाम गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि तीन बोतल देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत बगहा भेज दिया गया।

# हुई मुसलाधार बारिश से कुछ हद तक लोगो की उमस भरी गर्मी से मिली राहत

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.च :** बारिश की बेरुखी ने अपना मिजाज बदला,दी उमस भरी गर्मी से लोगों को थोड़ी सी राहत। जैसा की बारिश की आंख-मिचौली देख लोगो ने बारिश होने की उम्मीद छोड़ दी थी।लेकिन मंगलवार को दोपहर 2:20 अपराह्न को एका-एक बारिश होने लगी। जिसे देख फिर से लोगो में विश्वास और उम्मीद जगने लगा। आखिर बारिश ने थोड़ी देर के लिए ही सही लोगो को राहत तो दी। वही बारिश होते देख किसानों में खुशी की उम्मीद जगने लगी।सुखे खेत में मानो पानी मिलते ही जान सी आ गई।होते बारिश देख सबसे पहले किसान अपने खेतों के तरफ दौड़ पड़े और साथ ही बारिश का लुप्त वही अपने खेत में जाकर ही उठाया।बारिश तकरीबन आधा घंटे से अधिक हुई और किसानों में थोड़ी उम्मीद जगी। गौरतलब हो कि कई दिनों से बारिश नही होने से लोग उमस भरी गर्मी का सामना करते आ रहे थे साथ ही किसान द्वारा लगाए गए धान का फसल खेत में लगातार सुखते जा रहा था। आसमान अपना विकराल रूप दिखा रहा था सूर्य की तपती धूप से लोग परेशान थे,साथ ही जमीन में दरारे दिखाई देने लगा था। किसान मायूस होकर किसी तरह टूवएल से खेतो में धान की फसल बचानें में लगे हुए थे।काफी उम्मीदें सजाकर खेती में पैसे लगाए हुए थे लेकिन उन्हें डर और चिंता इस बात की थी कि अगर बारिश नही हुई तो कब तक फसल को जिंदा रख पाएंगे। उन्हें यह डर हमेशा सता रहा था। वही हुएं इस बारिश से मानो तो नगर व पंचायत की सड़कों पर एका-एक घुटने भर से लेकर एक फीट तक पानी सड़कों पर भर गया। हुई बारिश के कारण स्टेशन रोड,सरकारी अस्पताल परिसर,एसपीएन कांलेज से लेकर बाजार के लाल मंदिर तक,थाना चौक से पूरब सहित शहरी क्षेत्र के कई सड़कों पर आधा फीट से लेकर एक फीट तक बरसात का पानी का जमाल हो गया।जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों सहित पैदल आने-जाने वाले को परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षेत्रो से आ रही खबर के अनुसार यह बारिश शहरी क्षेत्र के सटे कुछ पंचायतों में होने की बात बताई गई है।

# कार्यकताओं के हड़ताल से मरीज को हो रही असुविधा

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.च :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकताओं का 12 जुलाई से चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल से इमरजेंसी सेवा छोड़कर बाकी सभी जगह ताला जड दिया गया है। जिससे कई मरीजों को परेशानियां झेलनी पड रही है। मरीजों का नही होना पुरा अस्पताल परिसर सुन-सान नजर आ रहा है। ओपीडी बंद होने से आने वाले मरीजों को भारी समस्या परेशानियों का सामना करना पड रहा है।मझौलिया प्रखंड के पंचायत परसा से आएं मंगलवार को एक मरीज को हो रही परेशानी बर्दाश्त नही हुई कहा-सुनी करते-करते आशा दीदियों से उलझ बैठे।किसी तरह लोग आएं उस सज्जन को समझा-बुझाकर हटाया गया।

## नदी में डूबने से अबोध की मौत

**नरकटियागंज :** शिकारपुर थाना के विक्रमपुर गांव में सोमवार की दोपहर पंडई नदी में डूबने से एक अबोध की मौत हो गई। मृतक विक्रमपुर गांव निवासी जयकरण पंडित का पुत्र राजा कुमार(4 वर्ष) बताया गया है। बताया जाता है कि उपर्युक्त बच्चा अन्य बच्चों के साथ खेलते खेलते नदी में जा डूबा। गांव वालों के बचाने के पूर्व ही वह दम तोड़ दिया। घटना के बाद से उसके परिजनों का बुरा हाल है। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को नही दी है।

## मौसम बदलते ही बढ़ने लगी वायरल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या



राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबनी क्षेत्र में आँखों का जनरली वायरल इंफेक्शन बढ़ गया है। पीएचसी में लगातार वायरल इंफेक्शन के मरीज आ रहे हैं। जिनका ईलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पी डी चिल्ड्रन स्कूल देवीपुर के करीब दो दर्जन बच्चे मधुबनी पीएचसी पहुचे। सभी के आँखों में जलन, कीचड़, दर्द था। जिसको आम भासा में आँख उठना बोलते हैं। सभी का ईलाज पीएचसी में किया गया। इसी प्रकार प्रत्येक दिन आखों के वायरल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है पीएचसी में आ रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी पीएचसी पदाधिकारी डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि, आँखों के इंफेक्शन को कंजंटीविटीज (जनरली वायरल इंफेक्शन) कहते है। उन्होंने बताया कि, वायरल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या बढ़ गया है। मंगलवार को करीब दो दर्जन से अधिक बच्चे आँखों के ईलाज कराने पीएचसी में पहुँचे हैं। सभी को दवाई एवं ड्राप दिया गया। वही आशाओ को बोला गया है कि, क्षेत्र में निगरानी रखे, किसी प्रकार की कोई परेशानी होती हैं तो, तुरंत हॉस्पिटल को सूचित करें। ताकि समय से लोगो का ईलाज हो सके।

## मोहर्रम को लेकर शान्ति समिति की बैठक संपन्न

**फेनहारा, पू च :** मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष सुधिर कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जहां बीडीओ सह सीओ आर्पित आनन्द सहित कई जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व सौहार्द माहौल में मनाना है। सभी जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों की सहयोग अपेक्षित है। मुहर्रम का जुलूस निकालने के लिए लाइसेंसी लोग ही जुलूस निकाले। जुलूस के दौरान किसी तरह का हुड़दंग नही करना है। डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक रहेगा। साथ ही फेनहारा से हाईस्कूल चौक-बाजार, देवकुलिया जमुनिया सहित अन्य जगहों पर जुलूस के दौरान खास निगरानी रखा जाएगा। इन जगहों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मोहर्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन काफी सख्त नजर आ रही है। बैठक में प्रमुख राधेश्याम सिंह, उप प्रमुख पति रंजीत कुमार, मुखिया पति राजीव कुमार, छठ्ठू सहनी, मुन्ना यादव, भोला सरपंच, मो. इफ्तेखार, अमीन साई, रमेश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## दुःसाहस : दिन दहाड़े व्यवसायी से 1.3 लाख की लूट

**मझौलिया :** थाना क्षेत्र के राजघाट पुल के समीप पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने दिनदहाड़े हथियार दिखाकर व्यवसाई से 1 लाख 30 हजार रुपैया की लूट कर ली है। इस बाबत पीड़ित बैठनिया भानाचक निवासी सुनील कुमार ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि दोपहर मैं व्यवसाय के लिए सामान खरीदने के लिए सुगौली के लिए जा रहा था की राजघाट पुल से 100 मीटर पहले घात लगाए दो अपराधियों ने मेरा मोटरसाइकिल रोककर बंदूक दिखाकर 1 लाख 30 हजार लुट कर उज्जले रंग के अपाची मोटरसाइकिल से सुगौली के रास्ते फरार हो गए। मोटरसाइकिल बिना नंबर का था। एक युवक उजाला रंग का शर्ट तो दूसरा भूरे रंग का शर्ट पहना हुआ था। एक हेलमेट तो दूसरा मास्क लगाया है। लेकिन उन लोगों की भाषा आसपास की लग रही है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में पुलिस अनुसंधान में जुट गई है मामले की जांच की जा रही है।

## पहली बरसी पर नम आंखों से याद किए गए पूर्व प्रमुख

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी प्रखंड परिसर में मंगलवार को पूर्व प्रमुख स्व यशवंत नारायण यादव की पहली पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान शोक सभा का आयोजन किया गया था। इसकी अध्यक्षता कुशीनगर के पूर्व सांसद बालेश्वर यादव ने किया। वही संचालन पिपरासी सरपंच दिनेश्वर तिवारी ने किया। मौसम के खराब होने के बाद भी पूर्व प्रमुख की पुण्य तिथि के अवसर पर स्थानीय प्रखंड के साथ सीमावर्ती मधुबनी व कुशीनगर जिले से हजारों लोगों ने पहुंच कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संदेश यादव ने कहा की पूर्व प्रमुख 10 वर्षो तक पिपरासी पंचायत के मुखिया रहे इस दौरान उनकी पत्नी उर्मिला देवी 10 वर्ष तक बीडीसी रही थी। उसके बाद पूर्व प्रमुख ने 10 वर्ष बीडीसी रहे और उनकी पत्नी मुखिया रही। इसी दौरान वे 8 वर्ष तक पिपरासी के प्रमुख रहे। 1995 में वे कांग्रेस के टिकट पर धनहा विधानसभा से चुनाव भी लड़े थे। वही सरपंच दिनेश्वर तिवारी ने कहा की वे स्थानीय जिले के साथ सीमावर्ती यूपी के कुशीनगर जिले के चर्चित व्यक्ति थे। वे अपने समाजसेवा से जनजन में प्रिय थे। लोगों के हर सुख दुख में समलित रहते थे।शोक सभा को विशुनपुरा ब्लाक के पूर्व प्रमुख सह पडरौना विधानसभा के समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी बिक्रमा यादव ने भी संबोधित किया। वही ईश्वरचंद भारती के नेतृत्व में भजन मंडली ने प्रमुख के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कीः ये रसिया छोड़ के पिपरसिया, काहे विदेशिया भइल नाः। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 300 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही निशुल्क दवा भी वितरण किया गया । शोक सभा में आए लोगों ने इसका लाभ भी लिया। शोक सभा में बीडीओ कुमुद कुमार, सीओ ललित कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अशोक कुमार, पडरौना के पूर्व विधानसभा प्रत्यासी विक्रमा यादव, उपप्रमुख रामदुलार चौहान, मुखिया गुलाब चौहान, शमसाद अंसारी, उमेश यादव, गुड्डू सिंह, विवेक यशवंत यादव, गन्ना प्रबंधक पुयुष राव, सहायक गन्ना प्रबंधक आलोक राव, सीडीओ रविशंकर चौरसिया आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**सुगौली, पू च :** मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर स्थानीय थाना में शांति समिति की बैठक पुलिस इंस्पेक्टर जय प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने पर्व को शांतिपूर्वक आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। डीजे बिल्कुल नही बजेगा, किसी तरह का भड़काऊ भाषण नही दिया जाएगा। जुलूस में किसी तरह का घातक हथियार लेकर नही जाना है। मंदिर-मस्जिद के पास आंखडा नही रोकना है, लाइसेंस के अनुसार निर्धारित मार्ग से जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में थाना क्षेत्र से जुड़े आसपास के आधा दर्जन गांवों के लाइसेंसधारी भी शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ तेज प्रताप त्यागी,अंचलाधिकारी सतीश कुमार, निरीक्षक जय प्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा, मुखिया बिरजाभार साह, नईम खान, सोना लाल सहनी, विकास शर्मा, अकरम रजा, राजकुमार सर्राफ, रवि पासवान, अशोक सोनी, नुरुल होदा कुरैशी, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# यक्ष्मा मरीजो के बीच विधायक ने किया पोषाहार किट का वितरण

राष्ट्रीय खबर



**फेनहारा, पू.च. :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में यक्ष्मा मरीजो को विधायक सह पूर्व सहकारिता मंत्री राणा रणधीर सिंह ने अपने स्वयं के निजी कोष से प्रोत्साहन पोषाहार किट का वितरित किया। इस अवसर पर 15 यक्ष्मा मरीजो को पोषाहार कीट उपलब्ध देते हुए विधायक ने कहा कि मधुबन विधान सभा के सभी टीबी मरीजो को उन्होंने गोद लिया है।टीबी मरीजो को पोषाहार देने का क्रम आगे भी जारी रहेगा। सम्पूर्ण विधान सभा क्षेत्र में 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित है। पोषाहार में दो महीने के नाश्ते के लिए बादाम चना सरसोतेल आदि था। मोके पर प्रखंड प्रमुख राधेश्याम सिंह बीडीओ अर्पित आनंद, पूर्व प्रमुख रंजीत कुमार, पीएससी प्रभारी डॉ नवीन कुमार, डॉ पवन कुमार, डॉ खालिद, हेल्थ मैनेजर संजय कुमार, बीसीएम रीना रानी सिंह, अकॉउंटेंट अमरेंद्र कुमार, एसटीएस स्वेता कुमारी, एलटी रंजन कुमार, अप्पु सिंह, डॉ सनाउल्लाह, हरेंद्र सिंह शम्भू सिंह, चंदन सिंह, रामायण साह, नवनीत कुमार, अभिमन्यु कुमार, नरेंद्र साह सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# सेविकाओं को पीएम बंदना योजना व पोषण टैगिंग का दिया प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** बाल विकास परियोजना बगहा एक सभागार भवन में मंगलवार को पीएम वंदना योजना पोषण टैगिंग मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना समेत अन्य विकास योजनाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । सीडीपीओ शोहैल अहमद ने बताया कि आईसीडीएस निदेशालय के निर्देश के आलोक में परियोजना अंतर्गत संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्र के सेविकाओं को प्रशिक्षक द्वारा सेविकाओं को दो शिफ्ट में अलग-अलग प्रशिक्षण दिया गया । उन्होंने बताया कि प्रशिक्षक के रूप में प्रखंड समन्वयक शिवाशांत कुमार महिला पर्यवेक्षिका सविता कुमारी, रत्नम प्रिया एवम विनोद कुमार के द्वारा सेविकाओं को प्रधानमंत्री वंदना योजना पोषण ट्रैकर मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें विभिन्न योजना के पात्र लाभुकों को जागरूक करते हुए उनका फॉर्म भरने से संबंधित आवश्यक कागजातों की जानकारी देते हुए आवेदन प्राप्त करना ताकि लाभुकों को सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके । वहीं दूसरी ओर सेविकाओं को यह भी निर्देश दिया गया कि अपना अपना केंद्र संचालन करने के साथ हैं । सरकार की इन योजनाओं का समय से पूरा करें । ताकि समय रहते योजनाओं के लाभ के लिए जिला को प्रतिवेदन भेजा जा सकें । इसके साथ ही केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति ड्रेस कोड में सत प्रतिशत बनी रहे । नियमित रूप से मीनू के अनुसार पोषाहार का वितरण एवं टेक होम राशन पोशाक राशि आदि का सत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया बैठक में सेविका एवं कार्यालय कर्मी मौजूद रहें।

# तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पितृपक्ष पूर्व सभी कार्यों को पूरा करें : डीएम

## डीएम एवं नगर आयुक्त ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**गया :** पितृपक्ष मेला-2023 के सफल आयोजन तथा देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व में किए जा रहे तैयारियों का जायजा जिला। पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम द्वारा सीता कुंड, सीता पथ, गयाजी डैम, देवघाट, गजाधर घाट, सूर्य कुंड का रास्ता, विष्णुपद मंदिर प्रांगण, तुलसी बाग इत्यादि का निरीक्षण कर यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। सीता कुंड निरीक्षण के टूटे हुए टाइल्स को अभी से ही ठीक करवाना शुरू करवाएं।

गया जी डैम में वर्तमान में औसतन 09 फीट पानी भरा हुआ है। सीता पथ में पैदल भर्मण के दौरान डीएम ने पर्यपत लाइट लगवाने का निर्देश नगर निगम को दिया। साथ ही पीएचडी विभाग को सीता पत्र में पर्याप्त टॉयलेट, चेंजिंग रूम एवं पेयजल व्यवस्था करवाने का निर्देश दिए, ताकि पितृपक्ष मेला में यहां पर तर्पण करने आने वाले यात्रियों को सुवधा दिया जाये। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि डैम को पितृपक्ष मेला के समय निरंतर साफ रखने के लिए कार्य योजना तैयार करे।



इस दौरान उन्होंने गजाधर घाट के आगे गयाजी डैम के सीढ़ी के समीप जमे हुए पानी को अभिलंब हटवाने का निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि देवघाट एवं सटे हुए अन्य घाटो में तर्पण करने वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में 240 लीटर क्षमता वाले डस्टबिन लगवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त गया नगर निगम, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता पर्यटन, वरीय उप समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी पितृपक्ष मेला, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों, विष्णुपद के पुरोहितो सहित अन्य सहायक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपलब्धि : दो बाइक सहित वाहन चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**चनपटिया :** स्थानीय पुलिस ने सोमवार की शाम बाइक चोर गिरोह के एक सरगना को दो बाइक समेत गिरफ्तार किया है। दूसरा शातिर नगर के वार्ड-06 का चुन्नू मियां पुलिस की गाड़ी देख भागने में सफल रहा। गिरफ्तार शातिर थाना क्षेत्र के पोखरिया राय निवासी निरोधा मियां का पुत्र मुस्ताक मियां (22) है। उसके पास से काला रंग का हीरो पैशन प्रो बाइक एवं बिना नंबर की हीरो-होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल बरामद की गई। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोर को जेल भेज दिया गया है। उसके विरुद्ध पूर्व से नवलपुर थाना में बाइक चोरी का कांड दर्ज है। फरार शातिर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन बाइक चोरों के आतंक ने पुलिस और आम लोगों की नींद हराम कर रखी थी। बताते चले कि चनपटिया पुलिस बाइक चोर गिरोह के सदस्य को पकड़ने के लिए पहले से जाल बिछाया, इसी कड़ी में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उपर्युक्त दोनों चोर, चोरी की बाइक खरीद-बिक्री करने के लिए रतनपुरा लंका टोला एवं पोखरिया राय सरेह के बीच पहुंचने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची तो दोनों पुलिस की गाड़ी देख भागने लगे। जिसे दौड़ाकर पुलिस ने मुस्ताक मियां को धर दबोचा। वहीं चुन्नू मियां भागने में सफल रहा। मुस्ताक के पास से पुलिस ने दो बाइक बरामद की। पूछताछ के दौरान उसने बाइक चोरी कर खरीद बिक्री करने समेत कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार करने की बात बताई है। छापामारी दल में अपर थानाध्यक्ष मंटु कुमार, एसआई श्यामनंदन झा, अरुण कुमार चौधरी समेत पुलिस के जवान शामिल रहे।

## स्कुल में विस्फोट होने से मची अफरा-तफरी

**बेतिया :** बैरिया प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलाही टोला में अचानक विस्फोट से बच्चो समेत शिक्षकों मे आफरा-तफरी मच गई । स्कूल के बच्चे भी वर्गकक्ष से बाहर निकलकर भागने लगे । वही आस पास के लोग भी तेज आवाज सुनकर सन हो गये थे । प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने बताया कि लगभग 11:45 बजे अष्टम वर्ग में अचानक किसी अज्ञात के द्वारा स्कूल में पटाखा बम फेंका गया। जिसके बाद शिक्षक और बच्चों भागकर वर्ग कक्ष से बाहर निकल गये । कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। आवाज सुन ग्रामीणों का भी भीड इकट्ठा हो गया और पूछने लगे की स्कुल से एका एक आवाज कैसे हुई तो शिक्षक ने बताया कि किसी ने स्कुल मे विस्फोट बम फेक दिया है। लेकिन किसके द्वारा फेका गया है। इसका कोई पता नही चल सका । स्कुल के छात्रों ने बताया की मेरे क्लास रूम में विस्फोट होने से पुरा रुम धुंआ जैसा हो गया। वही इस मामले में सुचना बैरिया पुलिस को दिया गया । जिसके बाद मौके पहुची बैरिया पुलिस ने मामले की छानबीन मे जुट गई है।

## भाजपा नेता ने किया हॉस्पिटल का शुभारंभ असहाय मरीजों के लिए विशेष रियायत

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/मधुबनी :** बेहतर स्वास्थ्य के क्षेत्र में यूपी बिहार के सीमाई क्षेत्र सिंघापट्टी-गम्भीरिया बांसी मुख्य सड़क में रविवार को अपना हॉस्पिटल का प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह भाजपा नेता बिजय सिंह चंदेल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान श्री सिंह ने इस दुर्लभ क्षेत्र के लिए अपना हॉस्पिटल खुलना अपने आप में कहीं न कहीं गरीब असहाय मरीजों की मदद में एक बरदान साबित होगा। क्योंकि आसपास के लोगों के साथ-साथ खास कर बिहार के गंडक पार के लोगों की स्वास्थ्य सेवा करने के उद्देश्य से यह प्रतिष्ठान सही मायने में बेहतर अनुभव के साथ डॉक्टर अपनी उपयोगिता साबित करेंगे। इस दौरान अपना हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक एके श्रीवास्तव ने कहा कि बड़ी चुनौती रहेगी इस क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य के प्रति खरा उतरना तथा वही इस हॉस्पिटल के स्टाफ सहित चिकित्सकों की जो बेहतर इलाज कर लोगों की भावनाओं का कद्र कर सके। स्वास्थ्य सुविधाओं में हर प्रकार की मशीनरी की उपलब्धता के साथ साथ आइसीयू तक कि व्यवस्था का उत्तम प्रबंध किये गये हैं जो मरीजों के लिये सबसे जरूरी है। इस दौरान संतोष गुप्ता, धनजंय पांडेय, संतोष कुमार, अशोक कुमार सहित हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद थे।

## मंडलाध्यक्ष बगड़िया ने की रोटरी क्लब ऑफ गया के कार्यों की सराहना

### मेडिकल कॉलेज में रोटरी व्हील का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**बोधगया :** डिस्ट्रिक्ट 3250 के मंडलाध्यक्ष शिव प्रकाश बागड़िया ने रोटरी क्लब ऑफ गया के क्रिया-कलापों के साथ ही क्लब के द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज परिसर स्थित वाटिका में रोटरी क्लब गया द्वारा रोपित एवं पोषित पौधों के साथ ही किये गये कार्यों को देखा। इसके साथ ही वाटिका में रोटरी व्हील और रोटरी के 4 वे टेस्ट के बोर्ड का उद्घाटन बागड़िया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों के अतिरिक्त मेडिकल कालेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ बिनोद शंकर एवं उपाधीक्षक डॉ नन्दकिशोर पासवान उपस्थिति थे। वहीं रोटरी सहेली सेन्टर में स्थायी रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके स्वरोजगार के लिए उन्हें विभिन्न प्रकार जैसे सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर क्लब के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

रोटरी द्वारा संचालित साप्ताहिक क्लिनिक में प्रत्येक रविवार को गरीब एवं वंचित मरीजों का मुफ्त इलाज किया जाता है। जिसमें जेनरल फिजिसियन डॉ पंकज गुप्ता एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ निमिषा प्रसाद अपनी सेवायें प्रदान करते हैं। इसके साथ ही स्थापित किये जा चुके आँखों के अस्पताल को प्रारंभ करने की योजना है। मुख्य अतिथि ने इनके निरीक्षण के साथ ही विभिन्न सुझाव भी दिये। इनके गया आगमन पर क्लब के सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## अपराध के पक्ष में पुलिस, इंस्पेक्टर ने किया वीडियो हटाने का अनुरोध



**नरकटियागंज :** नगर परिषद कार्यालय के दक्षिण संचालित निजी नर्सिंग होम स्थित दवा दुकान से एक महिला मरीज ने दवा खरीद लिया तथा दवा लेने के कुछ ही समय बाद फिर से वापस करने आई। इसपर दवा दुकान संचालक ने दवा वापस नहीं लेने की बात कही और मरीज के परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया। दवा को दूकान संचालनकर्ता ने फेक दिया। सूत्रों की माने तो मरीज को गाली गलौज देकर भाग दिया गया। उसकी वीडियो सोसल मीडिया की सुर्खियों में छा गई। कुछ दिन बाद नीरु बनर्जी नामक महिला ने महिला थाना बेतिया में आवेदन दिया कि वह आत्महत्या कर लेगी। महिला थाना के इंस्पेक्टर रणविजय सिंह ने सब इंस्पेक्टर शिकारपुर सेल फोन से कॉल कर कहा कि वीडियो हटा लें। सबसे अहम बात यह कि पुलिस की साइबर सेल ने वीडियो वाली महिला पर कोई कार्रवाई नहीं किया। अलबत्ता समाज के न जाने ऐसे धब्बों की बात पर पुलिस कार्रवाई करती है, जबकि स्वास्थ्य माफियाओं पर नकेल कसने से हिचकती है। पुलिस का कहना है कि वीडियो पर गलत टिप्पणी की गई है। वीडियो मे जो दिख रहा है वह साक्ष्य नहीं है अलबत्ता वीडियो पर कमेंट साक्ष्य बन रहा है। स्वास्थ्य माफियाओं के हाथों लाचार पुलिस सोसल मीडिया से वीडियो हटाने का दवाब बना रही है।

## नौतनवा गोलीबारी में जख्मी इलियास की मौत से तनाव की स्थिति

**नरकटियागंज :** शिकारपुर थाना क्षेत्र के नौतनवा गांव में 17 जुलाई को हुई गोलीबारी की घटना में जख्मी इलियास आलम की मौत सोमवार को पटना में चिकित्सा के क्रम में हो गई। दूसरा घायल पुलिस की नजर से कब ओझल हो गया, किसी को पता नहीं चला है। गोली लगने के एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान अस्पताल में ही उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पाकर पुलिस दलबल के साथ गांव पहुंच कर कैम्प कर रही है। मृत इलियास की पांच बेटियां हैं। उसकी पत्नी मुन्नी खातून ने बताया कि वह केरल में मजदूरी का काम करता रहा और घटना के ढाई माह पहले ही घर आया। घटना के दिन वह विवादित भूमि पर अपने रिश्तेदारों के साथ पहुंचा, गोलीबारी में उसके पेट व हाथ में गोली लगी। मौत की सूचना पर उसकी पत्नी व बेटियां बेजार है। समझाने वाले ग्रामीण भी समझाने के वक्त स्वयं के आंसू रोकने में नाकाम रहे। थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि मौत की सूचना मिलते ही पुलिस बल को गांव में भेज दिया गया है। पुलिस गांव में कैंप कर रही है। शव अभी गांव में नहीं पहुंचा है। शव के आते ही उसका अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया प्रारम्भ करा दी जाएगी। मौत की सूचना के बाद दुसरे पक्ष के लोग गांव छोड़कर फरार है। घटना में इलियास आलम( 45 वर्ष ) व सतरेज आलम (20 वर्ष) घायल बताए गए हैं। वहीं युवक नुरशाद फरसे के हमले से गंभीर रूप से जख्मी हुआ। उधर दूसरे पक्ष के भी नबील अहमद, गुड्डू आलम व बादल आलम जख्मी हुए। मामले में पुलिस ने उभय पक्षीय प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक रायफल व एक बंदूक जब्त किया। घटना में शामिल दुसरे पक्ष के तौकीर अहमद व शमीम रजा समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## राखी भदानी रोटरी क्लब ऑफ गया की प्रेसिडेंट एवं तृप्ति सचिव मनोनीत

### क्लब का 67वां पदस्थापना समारोह आयोजित

राष्ट्रीय खबर




**गया :** सेवा ही धर्म है के मूल सिद्धांतों पर स्थापित रोटरी क्लब ऑफ गया ने अपने 67वें वर्ष में प्रवेश किया।

स्थानीय सेरिमोनिया बैंक्वेट में 67वें पदस्थापना समारोह में पिछले सत्र के अध्यक्ष देवब्रत भदानी एवं सचिव शुभ्रा गुप्ता ने गत वर्ष किये गये कार्यों का विस्तृत रिपोर्ट पेश किया।

ततपश्चात रो. राखी भदानी ने अध्यक्ष और रो तृप्ति गुप्ता ने सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इनके साथ उपाध्यक्ष सह प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर रो सुबोध प्रसाद, अधिवक्ता, कोषाध्यक्ष रो सुमित भदानी, मेम्बरशिप डायरेक्टर रो प्रदीप कुमार, क्लब एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर रो गोपालकृष्ण गुप्ता, पब्लिक इमेज डायरेक्टर रो दीपक चड्ढा एवं रोटरी फाउंडेशन डायरेक्टर रो नीरज गुप्ता ने भी पदभार ग्रहण किया। चेयरमैन वोक्सनल सर्विस के पद पर रो नीलम शरण पूर्व से ही अपनी सेवाएं दे रही हैं।

इस अवसर पर सात नये सदस्यों ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष शिवप्रकाश बागड़िया ने क्लब के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। समारोह में गया के अन्य क्लबों के पदाधिकारियों, सदस्यों के अतिरिक्त डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रंजना बागड़िया, डॉ अमिताभ भदानी, उप मंडलाध्यक्ष विवेक कल्याण एवं सुमित मोर, रोटरी डीएवी के प्रधानाध्यापक चिनमय घोष, पूर्वकुलपति रंजीत वर्मा, रो अलोक नन्दन, डॉ रतन कुमार, डॉ पंकज गुप्ता, रो सुरेंद्र भदानी, पीडीसी अंजना पोद्दार, पीडीसी किरण प्रकाश, पीडीसी गीता अग्रवाल इत्यादि भी उपस्थित थे।

## दामाद ने ससुर का गला रेता, स्थित गंभीर

### पत्नी की विदाई नहीं होने से खफा था दामाद

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/चौतरवा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने ससुराल आए एक युवक ने पत्नी की विदाई नहीं होने से गुस्से में आकर अपने ससुर के छोटे भाई का गला काट दिया। जानकारी के अनुसार मारपीट से तंग आकर उसकी पत्नी अपने मायके चली आई थी। जिसकी विदाई को लेकर युवक रविवार सुबह ससुराल पहुंचा था और अपनी पत्नी की विदाई को लेकर अड़ गया। बेतिया के साठी गांव निवासी गुड्डू मियां 28 वर्ष की शादी बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना अंतर्गत राय बारी महुअवा निवासी हसन इमाम की बेटी रुक्शाना खातून 26 वर्ष से पांच वर्ष पूर्व 2018 में हुआ था। परिवारिक कलह व मारपीट से तंग आकर रुक्शाना अपने मायके रायबाडी महुअवा चली आई थी।जिसकी विदाई के लिए गुड्डू ससुराल आया था। ससुराल वालों ने फिलहाल विदाई से इनकार कर दिया । जिस पर गुड्डू थोड़ा नाराज हुआ। उसके पश्चात खाना खाकर जाने की बाद कहने लगा। इस दौरान उसके मन में कुछ और ही चल रहा था। उसने अपने चचेरे ससुर मुन्ना से मसान नदी तक छोडने का आग्रह किया तो दामाद की बात मुन्ना टाल नहीं सके। मसान नदी पर पहुंचने के बाद गुड्डू ने अचानक चाकू से मुन्ना का गर्दन रेत दिया। और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद घायल मुन्ना भागते हुए गांव के नजदीक पहुंचा। जहा आसपास के राहगीरों ने खून से लथपथ मुन्ना आमद के घर वालों को इसकी सूचना दी, सूचना पर पहुंचे घरवालों ने आनन-फानन में मुन्ना को जीएमसीएच बेतिया पहुंचाया जहां पर मुन्ना का इलाज चल रहा है। मुन्ना की स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष के द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन नहीं दिया गया

## सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं मोहर्रम का त्योहार

**तुरकौलिया, पू. च. :** मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष अनील कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जहां बीडीओ रमेंद्र कुमार, सीओ पिंटू कुमार सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व सौहार्द माहौल में मनाना है। सभी जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों की सहायता अपेक्षित है। मुहर्रम का जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है। जुलूस के दौरान किसी तरह का हुड़दंग नही करना है। डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक रहेगा। साथ ही तुरकौलिया चौक-बाजार, करबला सहित जयसिंहपुर में जुलूस के दौरान खास निगरानी रखा जाएगा। इन जगहों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। विगत वर्ष 6-7 वर्ष पूर्व मुहर्रम व दुर्गा पूजा एक साथ पड़ा था। जहां पर्व के दौरान हुड़दंग हुआ था। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नही हो, इसलिए पुलिस प्रशासन काफी सख्त नजर आ रही है। बैठक में मुखिया एजाज अहमद, अशरफ आलम, रामजन्म पासवान, शंभु श्रीवास्तव, कमरूज्जमा, भोला साह तुरहा, अख्तर हुसैन, अशर्फी महतो, कलाम अंसारी, सरपंच मनोज कुमार, नबीरसूल अंसारी, ईद मुहम्मद देवान, असगर अली आदि मौजूद थे।

## बाबा नर्मदेश्वर नाथ महादेव के प्रांगण में रुद्राभिषेक संपन्न

**संग्रामपुर :** सावन की तीसरी सोमवार को माता पीड़ाहारी शिव शक्ति पीठ नवगांई के प्रांगण में अवस्थित बाबा नर्मदेश्वर नाथ महादेव के रुद्राभिषेक का कार्यक्रम पूरे धूमधाम के साथ संपन्न किया गया। रुद्राभिषेक के मुख्य जजमान सत्यजीत उर्फ मेजर जी एवं उनकी पत्नी गायत्री देवी थी। रुद्राभिषेक का यह कार्यक्रम पंडित शिव नारायण झा के द्वारा संपन्न कराया गया। मंदिर के संयोजक ठाकुर अनुरंजन सिंह ने बताया की बाबा नरमदेश्वर नाथ महादेव के स्थापना काल से ही यहां सालों भर प्रत्येक सोमवार को तथा प्रत्येक मास शिवरात्रि को शिव का रुद्राभिषेक किया जाता है।परंतु सावन की सोमवारी के रुद्राभिषेक का एक अलग ही महत्व होता है।रुद्राभिषेक के बाद यहां भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। सावन की सोमवारी को रूद्राभिषेक में यजमान बनने के लिए लोगों की लाइन लग जाती है।परंतु पहले आओ पहले पाओ के हिसाब से यजमान बनने का मौका दिया जाता है। आसपास के क्षेत्र में बाबा नर्मदेश्वर नाथ महादेव के प्रति लोगों की आस्था इस कदर बढ़ती जा रही है

## एक देशी कट्टा 2 कारतूस के साथ बाइक सवार युवक गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**संग्रामपुर : जहां** एक और पुलिस प्रशासन के द्वारा अपराध मुक्त बिहार बनाने को लेकर के रात मेहनत करते हैं वहीं दूसरी ओर अपराधी अपराध करने में सफल हो रहे हैं। सोमवार की सुबह झुनझुनियां चौक पर पुलिस वाहन देख मोटर साइकिल पर सवार युवक को भागते देख पुलिस ने दबोचा। जांच करने पर युवक के साथ एक देशी कट्टा 2 कारतूस मिला। पुअनि सत्यम कुमार ने जांच के बाद उक्त युवक को मोटरसाइकिल सहित थाना लाया गया।जहां अच्छे से वाहन की तलाशी ली और उक्त युवक से पूछताछ किया गया। जिसमें उसने अपना घर बलिया पंचायत के कारीकोल गांव के मिथिलेश ठाकुर का पुत्र संजीव कुमार बताया।गिरफ्तार युवक ने कहा की हम जमुई एक रिस्तेदार के यहां निमंत्रण में गया था। सुबह-सुबह अपने घर आ रहा था। वही थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

संपादकीय

# देश के मुद्दों पर हावी चुनावी राजनीति

लोकतंत्र में ऐसा माना जाता है कि जब देश में अराजकता हो तो संसद शांत नहीं रह सकती क्योंकि वह उस देश में रहने वाले लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। संसद के दोनों सदनों के लिए नियम बनाने वाले हमारे दूरदर्शी संसदीय विशेषज्ञ पूर्वजों ने इस बात पर जरूर विचार किया होगा कि जब देश में कोई मुद्दा गर्म हो तो उसकी नजर संसद पर नहीं हो सकती और ऐसे माहौल में संसद की कार्यवाही पुराने ढर्रे पर चलती नहीं दिख सकती, इसलिए उन्होंने संसद के नियमों के तहत संसद सदस्यों को कार्य करने का अधिकार प्रस्तावित करने का अधिकार दिया है। हमने पिछली सरकारों में देखा है कि विपक्षी सांसद अक्सर इस अधिकार का इस्तेमाल करके संसद में सभी सामान्य कामकाज को रोक देते हैं और बहस भी होती रहती है। लेकिन प्रस्ताव को स्वीकार करना या न करना पूरी तरह से लोकसभा अध्यक्ष के विवेक पर निर्भर है और उनके फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती। इसका



एक कारण सदन में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों की उपस्थिति और सत्ता और विपक्ष में मतभेद के बावजूद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लगभग सर्वसम्मति से होना है। वह प्रत्येक सांसद के अधिकारों का संरक्षक होता है और उसे सदन में स्वतंत्र शक्तियाँ भी प्राप्त होती हैं। अभी पूरा भारत पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में मानवता को बड़े पैमाने पर कुचलने और गृहयुद्ध से जूझ रहा है जिसमें राज्य अपने नागरिकों के दो समूहों के बीच खूनी संघर्ष के कारण महिलाओं को निशाना बना रहा है और इसके नागरिकों को लगता है कि मणिपुर में संवैधानिक ढांचा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मणिपुर में इस आदिवासी दुश्मनी की आग अब उत्तर-पूर्व के अन्य पड़ोसी राज्यों तक पहुंचने लगी है और भारत के इस छोटे से राज्य में हो रही हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघन की चर्चा दुनिया के अन्य लोकतांत्रिक और विकसित देशों में हो रही है। इसे देखते हुए, अगर संसद में मौजूद विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों में सभी सामान्य कामकाज रोककर मणिपुर पर चर्चा की मांग करते हैं, तो वे कुछ और नहीं मांग रहे हैं। विपक्ष की यह मांग जायज है कि इतने गंभीर विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद के भीतर बयान देना चाहिए। दूसरी तरफ खुद श्री मोदी यह काम छोड़कर दूसरे काम कर रहे हैं। शायद इसी वजह से केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह आज लोकसभा में आए और कहा कि वह मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के पक्ष में हैं ताकि देश की जनता राज्य की स्थिति से अवगत हो सके। इसलिए संसद का कर्तव्य है कि वह गतिरोध को समाप्त कर चर्चा के स्थान पर पहुंचे और देशवासियों सहित पूरी दुनिया को यह संदेश दे कि भारत जैसे प्राचीन सभ्यता वाले देश में मानवता को शर्मसार करने वाला पशु व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार पूरी ताकत से प्रत्येक नागरिक के मानवाधिकारों की रक्षा करेगी। लेकिन साथ ही हमें यह भी देखना होगा कि मणिपुर मुद्दे पर नाराज विपक्षी सांसदों के साथ भी स्थापित संसदीय परंपरा के उच्च स्तर को ध्यान में रखते हुए निपटा जाए। संसद में व्याप्त तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को शेष सत्र के लिए राज्यसभा से निष्कासित करने से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच दूरियां और बढ़ेंगी। साठ और सत्तर के दशक में इसी राज्यसभा में जब डॉ लोहिया की पार्टी सोनसोपा के सदस्य स्व. राजनारायण जब भी सभापति के आसन पर बैठते थे तो अक्सर विरोध स्वरूप उनकी कुर्सी के सामने बैठ जाते थे। मार्शलों द्वारा उन्हें कई बार सदन से बाहर निकाला गया, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ जब उन्हें पूरे सत्र के लिए सदन से बाहर निकाला गया हो। लालू जी के राज्यसभा में आने के बाद भी उन्होंने वाजपेयी सरकार के दौरान कई बार ऐसा ही किया और खुद सदन में धरने पर बैठे। लोकतंत्र आपसी सम्मान के साथ-साथ चलता है। विपक्षी दल अपना धर्म निभायेगा और सत्ता पक्ष अपना वैभव दिखायेगा. ये तो डॉ लोहिया ही कहते थे। यदि यह सिद्धांत न होता तो डॉ.अम्बेडकर यह क्यों कहते कि संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का है। इसलिए अब सत्ता पक्ष और खासकर नरेंद्र मोदी की यह जिम्मेदारी है कि वह विदेशी मुद्दों के बदले सबसे पहले पूरे देश को संसद के भीतर मणिपुर पर बयान देकर वह भरोसा कायम करें, जो इनदिनों तेजी से घटता चला जा रहा है। सोशल मीडिया के जरिए इस संघर्ष की कई कहानियां फैलायी जा रही हैं। लेकिन यह केंद्र और वहां की राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वहां की हिंसा की जिम्मेदारी स्वीकारें। हर बात को हल्के में लेना भारी भी पड़ सकता है क्योंकि भारतीय जनता इस किस्म के गैर जिम्मेदार आचरण को स्वीकार नहीं करती। डॉ मनमोहन सिंह के पीएम होते और स्वर्गीय शीला दीक्षित के दिल्ली की मुख्यमंत्री होते वक्त निर्भया कांड को मोदी याद कर लें तो बेहतर होगा।

# कारगिल युद्ध के नायकों के शौर्य और वीरता को नमन

**(कारगिल विजय दिवस विशेष 26 जुलाई 2023)**

वीर शहीदों के बलिदान को सम्मान 26 जुलाई को देश कारगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ मना रहा है। दरअसल भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटा दी थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ वह युद्ध 60 दिनों तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन विजय' के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी।



**योगेश कुमार गोयल**
वरिष्ठ-पत्रकार

दरअसल उस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैंकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। सही मायनों में कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने तथा उनके बलिदान को सम्मान देने का दिन है और 26 जुलाई का दिन विशेष रूप से देश के इन्हीं वीर सपूतों को समर्पित है। देश के जन-जन तक कारगिल युद्ध के इन्हीं नायकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा पहुंचाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था। युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया था, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था। कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम 5 जवानों को मार डाला था। उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा ह्यऑपरेशन विजयह्न की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। 27 मई को भारतीय वायुसेना का एक मिग-27 गिर गया, जिसमें चार क्रू सदस्यों की मौत हो गई लेकिन विमान से बाहर निकलने वाले पायलट को पाकिस्तानी सैनिकों ने युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 31 मई 1999 को घोषणा की कि कारगिल में युद्ध जैसी स्थिति है, जिसके बाद अमेरिका, फ्रांस सहित कुछ देशों ने अगले ही दिन भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ।

भारतीय सेना ने 9 जून 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में दो महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया। अगले ही दिन पाकिस्तान ने जाट रेजिमेंट के 6 सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में भारत को लौटाए। 13 जून 1999 को भारत ने युद्ध की दिशा बदलते हुए महत्वपूर्ण टोलोलिंग चोटी पर भी कब्जा कर लिया और प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कारगिल का दौरा किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 15 जून 1999 को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटाने का आग्रह किया लेकिन पाकिस्तान ने उस अपील को अनसुना कर दिया। 11 घंटे के भीषण संघर्ष के बाद भारतीय सेना ने 20 जून 1999 को टाइगर हिल के पास प्वाइंट 5060 और प्वाइंट 5100 पर भी पुनः कब्जा कर लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 5 जुलाई 1999 को नवाज शरीफ से मुलाकात की, जिसके बाद पाकिस्तान ने कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को हटाने की घोषणा की। 11 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने पीछे हटना शुरू किया और भारतीय सेना ने बटालिक की प्रमुख चोटियों पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने 14 जुलाई 1999 को ह्यऑपरेशन विजयह्न की सफलता की घोषणा की और 26 जुलाई 1999 को वीर 527 सैनिकों की शहादत के बाद कारगिल युद्ध समाप्त हुआ। बहुत ऊंचाई पर लड़े गए उस भीषण युद्ध के दौरान अपनी बहादुरी और साहसिक कार्यों के लिए कई सैन्य अधिकारी राष्ट्रीय नायक बन गए, जिनमें 13 जेएके राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा, 18 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, 1/11 गोरखा राइफल्स के लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, 18 ग्रेनेडियर्स के लेफ्टिनेंट बलवान सिंह, एएससी, 2 राज आरआईएफ के कैप्टन एन केंगुरुसे प्रमुख रूप से शामिल हैं। युद्ध के दौरान भारत सेना के अनेक नायकों ने अपने प्राणों की आहुति इसीलिए दी ताकि पूरा देश चैन की नींद सो सके। कारगिल युद्ध में शौर्य और पराक्रम के लिए ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव तथा लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे को परमवीर चक्र और लेफ्टिनेंट बलवान सिंह को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। कैप्टन एन केंगुरुसे को मरणोपरांत महावीर चक्र और कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान कर उनकी शहादत का सम्मान किया।

२४वें कारगिल विजय दिवस (२६ जुलाई) पर विशेष

# वीर जवानों के बलिदान का मोल क्या हम समझ पाएं



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
स्तंभकार

अमर जवान का नाम आते ही हमारे जेहन में जो तस्वीर उभरकर आती है वह साहस, जुनून, अनुशासन, देशभक्ति से भरपूर देश के रक्षक की छवि। देश में सबसे ज्यादा सन्मान लोगो के दिलो में देश के वीर जवानों के लिए ही होता है। देश के जवान किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए सर्वदा तत्पर रहते हैं, चिलचिलाती गर्मी, मूसलाधार बारिश, जमा देने वाली ठंड में घर-परिवार से दूर सैनिक अपने लक्ष्य पर डटे रहते हैं। अगर हमारा जवान दुश्मन देश में उनके कब्जे में हो तो, हमारे वीर जवान पर अमानवीय अत्याचार करके, भूखा-प्यासा रख कर रूह कांप जाए ऐसी भयावह यातनाएं दी जाती है, फिर भी देश का जवान अपने लक्ष्य पर डटा रहता है। इसलिए वीर जवानों के लिए हमारा सिर हमेशा फक्र से ऊंचा होता हैं। आज ही के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को धूल चटाते हुए कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया था। लद्दाख में उत्तरी कारगिल जिले की पर्वत चोटियों पर पाकिस्तानी सेना को वर्ष 1999 में उनके कब्जे वाले स्थानों से खदेड़ कर भारत देश ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी,

**समाज में छोटी-छोटी बात पर लोग मरने-मारने को उतारू रहते हैं, भेदभाव करते हैं, तुरंत उग्र हो जाते है। समझदारी, नैतिकता, एकता, भाईचारा, सर्वधर्म समभाव और पूरा देश एक हैं, यह भावना और व्यवहार देश के जवान में नजर आता हैं।**

उन कारगिल युद्ध के नायकों की याद में हर साल 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' मनाया जाता है। यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व का है। कारगिल युद्ध 3 मई 1999 से 26 जुलाई 1999 तक चला, इस युद्ध में देश के 527 वीर जवान शहीद और 1,363 घायल हुए। देश का जवान मौत को सामने देखकर भी अपने फर्ज के लिए, देश के लिए, जनता के लिए खुशी से जान न्यौछावर कर देता है, ताकि देश में अमन चैन बना रहें और मातृभूमि की, देश की रक्षा हों, देश सुरक्षित रहें। लेकिन देश के भीतर समाज, घर-परिवार, रिश्ते-नाते, जान-पहचान में आज हम देखते हैं कि सब खुद में व्यस्त है, खुद के लिए जीते हैं। कथनी और करनी में कभी एक नहीं होते, सलाह और ज्ञान देने में हमेशा आगे रहते हैं लेकिन जब मुश्किल हालात हो तो अपने भी भाग खड़े होते हैं। हम सुख-सुविधा, विलासिता से संपन्न हर चीज का आनंद लेकर जीवन व्यतीत करते हैं, घर-परिवार के साथ रहते हैं, त्यौहार-विशेष प्रसंग साथ मनाते हैं। हर खुशी-गम में सहभागी के तौर पर हमारे साथ लोग होते हैं। हर रोज पसंद का खाना, पहनावा, फरमाइश पूरी होती है, हम अपनी दिनचर्या अपने हिसाब से जीते हैं। मन हुआ वैसे रहते है, मनोरंजन के साधनों का मजा लेते है, घूमते-फिरते जीवन जीते हैं, यहाँ तक कि हम अपने जीवन में अनुशासन, व्यायाम, खानपान, संस्कारों पर भी ध्यान देना अक्सर टालते हैं, लोग स्वार्थ में इतने अंधे हो चुके है कि खुद के एक रुपए के फायदे के लिए लोगों का लाखों का नुकसान करने के लिए भी तैयार रहते है। लोगों को स्लो पॉइजन के तौर पर मिलावटखोरी का जहर धड़ल्ले से बांटा जा रहा हैं। समाज में इंसानियत तेजी से विलुप्त हो रही है, लोग केवल खुद के बारे में सोचते हैं, फिर ऐसे समाज में देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने की बात तो बहुत दूर है। अति दुर्गम क्षेत्र में अत्यल्प साधनों के साथ बगैर शिकायत के अपने कार्य को बखूबी अंजाम देना देश के जवानों से सीखना चाहिए।

समाज में छोटी-छोटी बात पर लोग मरने-मारने को उतारू रहते हैं, भेदभाव करते हैं, तुरंत उग्र हो जाते है। समझदारी, नैतिकता, एकता, भाईचारा, सर्वधर्म समभाव और पूरा देश एक हैं, यह भावना और व्यवहार देश के जवान में नजर आता हैं। कैसी भी परिस्थिती हो देश में, वीर जवान कर्त्तव्य, निष्ठा, नियम, अनुशासन और आदेश का दृढ़ता से पालन करते हुए कर्मभूमि पर डटे रहते हैं। उपजीविका के लिए नौकरी, काम-धंधा तो सभी करते हैं, काम के बदले में मेहनताना लेते हैं, लेकिन देश की रक्षा की खातिर जान न्यौछावर करने वाले वीर जवान और कहां देखने मिलते हैं। सौं बात की एक बात कि वीर जवानों के कारण ही हम और हमारा परिवार, समाज चैन की सांस लेता हैं, वे हैं इसलिए हम हैं। अनेक वीर जवान देश के लिए शहीद हो जाते हैं, फिर भी उनके माता-पिता अपने दूसरे बच्चों को भी सेना में भेजना चाहते हैं ताकि वे भी देश की रक्षा कर सकें, ऐसे वीर सपूतों के माता-पिता भी किसी वीर सैनिक से कम नहीं हैं, देश के लिए ये हौसला, जज्बा, समर्पण की भावना बहुत बड़ी बात हैं, देश पहले बाद में घर-परिवार, समाज आता है। काश ये सोच हर देशवासी की हो तो देश में कोई समस्या ही नहीं होगी।

# संघर्ष ही शक्ति को विकसित करता है

प्रेरक-प्रसंग



एक बार एक आदमी ने अपने बगीचे में एक तितली के कोकून को देखा। वह उसे देखने लगा, उसने नोटिस किया कि उस कोकून में एक छोटा सा छेद बन हुआ है, उसने देखा की छोटी तितली उस छेद से बाहर निकलने की बहुत कोशिश कर रही थी। बहुत देर तक कोशिश करने के बाद भी वो उस छेद से बाहर नहीं निकल पा रही थी, वह बहुत कोशिश करती रही, फिर वह शांत सी हो गयी, उस आदमी को लगा जैसे उसने हार मान ली हो।

इसलिए उस आदमी उस तितली की मदद करने के उद्देश्य से एक कैंची उठायी और कोकून की छेद को बड़ा कर दिया की जिससे तितली आसानी से बाहर निकल पाए और यही हुआ, तितली बिना किसी संघर्ष के आसानी से बाहर निकल गयी, पर उसका शरीर सूजा हुआ था, और पंख सूखे हुए थे।

उस आदमी को लगा कि वो तितली अपने पंख फैला कर उड़ने लगेगी, पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। बल्कि कुछ समय बाद ही वह मर गयी। इसका उसे काफी दु:ख हुआ। उस आदमी ने अपने बुजुर्ग को यह सारी बात बताई, बुजुर्ग ने बताया असल में कोकून से निकलने की प्रक्रिया को प्रकृति ने इतना कठिन इसलिए बनाया है, जिससे ऐसा करने से तितली के शरीर में मौजूद तरल पदार्थ उसके पंखों में पहुँच सके, और वो छेद से बाहर निकलते ही उड़ पाए। जिंदा रह सके। और तुमने उस की मदद करके उसकी सामान्य प्रक्रिया को तोड़ दिया। जिसके कारण उसका यह हश्र हुआ।

**कहानी से शिक्षा**

दोस्तों असल में कभी-कभी हमारे जीवन में संघर्ष ही हमे वो मजबूती प्रदान करता है, जिससे हम आगे बढ़ सके, क्योंकि यदि हमे बिना संघर्ष के जीवन में कुछ मिलेगा तो हम अपंग हो जायेंगे और यदि सफल भी हो गये तो ज्यादा समय तक सफल नही रह पाएंगे।

इसलिए जीवन में आने वाले कठिन पलों को सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकार करे, क्योंकि वो हमे मजबूत बनाते है ना की मजबूर।

जानकारी

# राधानगर बीच



जहां आप समुद्र तट पर टहलते हुए ठंडी ठंडी हवा का आनंद ले सकते है या झूले को एक पेड़ पर बांधकर आराम करते हुए सूर्यास्त या सूर्योदय के अद्भुद नजारों को देख सकते है।गोविंद नगर बीच राधानगर समुद्र तट के पास स्थित एक ओर आकर्षक समुद्र तट है। अंडमान में छुट्टियां मनाते समय इस स्थान की प्राकृतिक सुंदरता को नहीं छोड़ना चाहिए। राधानगर बीच से इसकी निकटता ने इसे इन दिनों काफी लोकप्रिय पर्यटन स्थल बना दिया है यहां आप स्थानीय नाव की उम्मीद करके पहुंच सकते हैं। इस समुद्र तट की त्रुटिहीन सुंदरता निश्चित रूप से आपको इस जगह से प्यार करा देगी। समुद्र तट के प्रवेश बिंदु पर आप छोटी-छोटी झोपड़ियाँ देख सकते हैं जहाँ से आप अपनी पसंद के अनुसार कुछ भोजन प्राप्त कर सकते हैं। राधानगर समुद्र तट के प्रवेश बिंदु पर स्थानीय फल भी उपलब्ध हैं। इको चेंजिंग रूम और वॉशरूम सुविधाएं जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं और इन्हें अच्छी तरह से बनाए रखा जाता है। सागरिका, एक सरकारी शॉपिंग एम्पोरियम पर्यटकों के लिए समुद्र तट के करीब स्थापित किया गया है। विशाल पेड़ बैठने के लिए एक अच्छी जगह बनाते हैं और अच्छा दृश्य देखने के लिए समुद्र तट पर एक इको वॉचटावर भी है। टावर बहुत ऊंचा नहीं है लेकिन आप उस पर कुछ अच्छे दृश्यों की झलक देख सकते हैं। किनारे पर पुराने गिरे हुए पेड़ों के लट्ठों से बने पर्यावरण-अनुकूल फर्नीचर, बांस की सिट-आउट और टेबलें लगाई गई हैं।

# Moto G14 होगा 1 अगस्त को लॉन्च



नई दिल्ली : Motorol जल्द ही भारत में अपने बजट स्मार्टफोन्स लाइनअप में विस्तार करने वाला है। अगले हफ्ते Moto G14 भारत में आने वाला है। फोन के लॉन्च और भारत में उपलब्धता को फ्लिपकार्ट ने कन्फर्म किया है। Moto G13 जो पिछले साल लॉन्च हुआ था, उसके बाद यह फोन इसी लाइनअप में आ रहा है। यह फोन 4GB रैम और 64GB स्टोरेज के साथ 9999 रुपये में लॉन्च किया गया था।

फ्लिपकार्ट पर मोटो G13 के लैंडिंग पेज से यह कन्फर्म हुआ है कि यह फोन भारत में 1 अगस्त को लॉन्च होगा। इसकी कुछ मुख्य स्पेसिफिकेशन्स के बारे में भी पता चला है। इस फोन के प्री-आर्डर भी लॉन्च के ही दिन दोपहर 12ढट बजे से शुरू होंगे। हैंडसेट ब्लू और ग्रे कलर ऑप्शंस में उपलब्ध होगा। फोन ग्लॉसी बैक के साथ रियर पर ड्यूल कैमरा सेटअप और एलईडी फ्लैश के साथ आएगा।

साइबर दुनिया

मोटोरोला ने भी इस फोन के कुछ स्पेसिफिकेशन्स को टीज किया है जिसके अनुसार Moto G14 में 6.5-इंच की फुल एचडी प्लस डिस्प्ले मिलेगी। फोन में ओक्टा-कोर यूनिसोक ळ616 रङ्ख्र प्रोसेसर के साथ 4GB रैम और 128GB की UFS 2.2 स्टोरेज मिलेगी। हैंडसेट एंड्राइड 13 आउट-ऑफ-द-बॉक्स पर रन करेगा। मोटोरोला ने एंड्राइड 14 में इसे अपग्रेड करने का वादा किया है और 3 साल के सिक्योरिटी अपडेट्स देने की भी बात कही है। कैमरा सेटअप की बात करें तो Moto G14 में 50 मेगापिक्सल का ड्यूल रियर कैमरा सेटअप मिलेगा। इसके फ्रंट में वॉटरड्रॉप-स्टाइल नॉच टॉप-सेंटर में फ्रंट कैमरा दिया जाएगा। फोन में 5000mAँ की बैटरी के साथ 20W चार्जिंग सपोर्ट भी दिया जाएगा। कंपनी का दावा है कि फोन 34 घंटों तक का टॉक-टाइम और 16 घंटों की वीडियो स्ट्रीमिंग ऑफर करता है।

टॉप ट्वीट

"मध्यप्रदेश में बनी सौदेबाजी की सरकार आजकल हर बात में सौदेबाजी कर रही है। 18 साल की सरकार में जिन लोगों को बहनों की याद नहीं आई और प्रदेश महिलाओं पर अत्याचार में बदतर स्थिति में पहुंचता गया, वे लोग आजकल बहनों की बात कर रहे हैं।"

**कमलनाथ**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता





हमें शांति कहां और कैसे मिल सकती है ? इसका जवाब है- हर जगह, सिर्फ अपने अंदर झांक कर देखें।सारा ने अपनी ट्रिप से जुड़े वीडियोज भी शेयर किए हैं।

**सारा अली खान**
बॉलीवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## सदन में फिर सुनाई दी मणिपुर की गूंज

मणिपुर की घटना की चिंगारी संसद में पहुंचने के बाद मंगलवार को चौथे दिन प्रतिपक्ष ने कार्यवाही नही होने दी।मणिपुर पर राजनिति करने निकले राजनीतिक दलों की रोटियां सेंकना भारी पड़ता जा रहा है।सदन को चौथे दिन स्थगित करने की मजबूरी खड़ी करने वाले प्रतिपक्ष को चर्चा में विश्वास नही है।देश की ज्वलन्त समस्या पर चर्चा करने के लिए हंगामा खड़ा कर गुमराह किया जा रहा है।मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन की तुलना इस्टइंडिया कम्पनी और इंडियन मुजाहिदीन से की और कहा कि देश को तोड़ने वाले इस्टइंडिया कम्पनी और इंडियन मुजाहिदीन जैसे नाम रखे है। इस पर प्रतिपक्ष को नागवार गुजरा और नारेबाजी कर सदन की कार्यवाही में व्यवधान खड़ा कर दिया।मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन की तुलना पर ऐतराज जताते हुए मणिपुर की बात करने पर जोर दिया।मोदी से कहलवाने वाले प्रतिपक्ष अपना फायदा देख रहा है। मोदी ने कहा पीएफआई में भी इंडिया आता है। मोदी ने इंडिया नाम रखने पर विपक्ष की जमकर आलोचना कर कहा कि ये देश तोड़ने वाले लोग है। पीयूष गोयल ने कहा कि मणिपुर के साथ साथ राजस्थान, छत्तीसगढ़ और बंगाल पर भी चर्चा होनी चाहिए।मणिपुर की घटना संवेदनशील थी,लेकिन महिलाओ को निवस्त्र करने के बाद मुद्दा संवेदनशील हो गया है। दरअसल,राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कोई दुष्कर्म या हत्या के संवेदनशील मामले अखबारों की सुर्खियों में हररोज नही रहते है ?हररोज दुष्कर्म हो रहे है। इस पर राहुल गांधी ने ट्वीट किया है कि आप चाहे तो बुलाए मिस्टर मोदी ,हम इंडिया है।राहुल मणिपुर के जख्मो पर मरहम लगाने और उनके आंसू पोछने का संकल्प लिया है।यह अच्छी बात है।लेकिन कांग्रेस के शासनकाल में गरीबो की चीख और पुकार सत्ता के गलियारों तक दब कर रह जाती थी,क्योकि विपक्ष मजबूत नही था और जब विपक्ष मजबूत बना तो कांग्रेस को प्रतिपक्ष का दर्जा मिला है।और इस दर्जे से कांग्रेस उटपटांग हरकत कर रही है।क्योंकि कांग्रेस को सत्ता का मोह है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### स्कूल के नये भवन का उद्घाटन आज

**हजारीबाग:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली में नवीन भवन केशव खंड का लोकार्पण व पूर्व छात्र बैठक का आयोजन होगा। नवीन भवन केशव खंड का लोकार्पण ख्यालीराम, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, उत्तर-पूर्व क्षेत्र,विद्या भारती के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### 36 खाद्य नमूना संग्रहित किया गया, जांच के लिए नामकुम भेजा गया

**जमशेदपुर :** उपायुक्त-सह-परियोजना निदेशक, पूर्वी सिंहभूम के निदेशानुसार अनुसूचित जनजाति बालक उच्च विद्यालय, उपर पावड़ा, अनुसूचित जनजाति बालक प्राथमिक विद्यालय, अंधारिया, चाकुलिया, अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, सिंहपुरा, गुडाबान्द्रा एवं अनुसूचित जनजाति आश्रम बालिका उच्च विद्यालय, अर्जुनबेड़ा, गुडाबान्दा में आवासित बच्चों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की गुणवता की जांच हेतु खाद्य सामग्रियों का सर्विलेंस नमूना लिया गया। जांच टीम में मंजर हुसैन, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी व टीम शामिल थी । इस दौरान बेसन सुजी, धनिया पाउडर, नमक, चना, मसूर दाल, बादाम, चावल, चूड़ा, हल्दी पाउडर, मटर, चीनी, बिकानेरी पापड, मूंग दाल, बटर रसक, मिक्स मशाला शामिल है। उक्त सभी विद्यालयों से कुल 36 खाद्य नमूना संग्रहित किया गया जिसे गुणवता की जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला नामकुम भेजा जायेगा ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बांझपन कोई अभिशाप नही हो सकती है संतान सुख की प्राप्तिः डॉ रंजना शरण

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के एकलौते सुपरस्पेशलिटी निजी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्थित एचजेडबी आरोग्यम फर्टिलिटी केयर और एंडोस्कोपी विभाग में मंगलवार को वर्ल्ड आईवीएफ डे बड़े ही धूमधाम से केक काटकर और नि:संतान दंपत्ति के प्रति सहानभूतिपूर्वक जागरुकता अभियान चलाकर मनाया गया। एचजेडबी आरोग्यम फर्टिलिटी केयर और एंडोस्कोपी विभाग की प्रमुख सह प्रसिद्ध महिला रोग विषेशज्ञ चिकित्सक डॉ.रंजना शरण ने हजारीबाग में आईवीएफ से सफल परीक्षण कर लगातर कई नि:संतान दंपति का गोद भरकर उनके सुने घर आंगन में किलकारी गुंजाने के साथ संतान सुख दिलाने का कार्य किया था। डॉ. रंजना शरण ने अपने अबतक के चिकित्सीय सफर का संपूर्ण अनुभव इस आईवीएफ सेंटर में झोंक दिया है।

### मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बरही :** बरही थाना परिसर में आगामी 29 जुलाई मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता बरही एसडीओ पूनम कुजुर व संचालन थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार सिंह व मनान वारसीने किया। बैठक में मुख्य रूप से त्योहार को शांति से मनाने पर बल दिया गया। मुहर्रम की जुलूस का रूप रेखा पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। एसडीओ पूनम कुजुर ने कही कि मुहर्रम पर्व को शांति से मनाये। कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने का काम करे। डीएसपी नजीर अख्तर ने कहा कि हुडदंगीयों पर पैनी नजर प्रशासन की रहेगी। दंगाईयों को किसी भी सूरत में नहीं बक्सा जायेगा।

---

**रूबरू** भाजपाईयों ने केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को कराया अवगत

# मोदी सरकार ने देश को समृद्ध बनाने का किया है काम: अनंत

- नल योजना के माध्यम से लोगो के घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाई जा रही हैं
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव की सड़क को मुख्य सड़क से जोड़ा गया



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज:** राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर राजमहल विधानसभा क्षेत्र के जामनगर बंगाली टोला में जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जनसंपर्क कर लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने ने मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर घर-घर जाकर दीवाल पर स्टिकर लगाया और 9 साल में मोदी सरकार द्वारा किये गए जनकल्याणकारी योजनाओं का पत्रक भी लोगो को दिया। मोदी सरकार ने समाज के सभी वर्गों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। केंद्र सरकार ने मूलभूत सुविधाओं को हर घर तक पहुँचाकर आमजन की समृद्धि के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। जिसका लाभ समाज के सभी वर्गो को समान रूप से मिल रहा है। मौके पर विधायक ने कहा कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे है। भाजपा की सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। मोदी सरकार द्वारा किसी भी योजना का पैसा सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंचता है। बीच में कोई दलाल या बिचौलिए नहीं होते है। मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, उज्जवला योजना, मुफ्त राशन योजना, हर घर नल कनेक्शन, आदि योजनाओं द्वारा गरीबों का कल्याण किया है।

कहा कि साहिबगंज में भी मोदी सरकार ने मिजा चौकी से फरक्का तक फोरेलन बनाने का काम किया। जिसका तेजी से काम चल रहा हैं। आजादी के बाद से साहेबगंज की जनता साहेबगंज मनिहारी गंगा पुल बनने का इंतजार कर रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस इंतजार को खत्म किया और साहेबगंज-मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कराया जिसका काम तेजी से चल रहा हैं। वही हर गांव में बिजली उपलब्ध करवाई गयी।

हर घर नल योजना के माध्यम से लोगो के घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव की सड़क को मुख्य सड़क से जोड़ा गया। मौके पर मण्डल अध्यक्ष वीरेन साहा, स्वाधीन मण्डल, चिरंजीव सरकार, राजेश बासक, प्रमेन्द्र कुमार, अशोक प्रामाणिक, सुबीर दास,पंकज कर्मकार, दीपंकर मण्डल, रवींद्र दास, अभिमन्यु मण्डल, स्वरूप दास,निरंजन मंडल, सिद्धार्थ दास, कोमल दास आदि मौजूद थे।

## उप विकास आयुक्त ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण : प्रेरणा दीक्षित



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज 25 जुलाई को दारू प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना, बायोगैस प्लांट योजना, पोटो हो खेल मैदान योजना, पंचायत सचिवालय दारू, बिरसा सिंचाई कूप योजना, अमृत सरोवर योजना स्वास्थ्य केंद्र दारू, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एवं डीएमएफटी मद से क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। डीडीसी ने दारू प्रखंड में डीएमएफटी मद से स्वीकृत मध्य विद्यालय महेशरा, +2 उच्च विद्यालय महेशरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारू, मध्य विद्यालय दारू (ब्वॉयज) एवं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 612 में चल रहे निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अंचलाधिकारी नीतू कुमारी व

आवेदन पर शीघ्र कर्रवाई का निर्देश

## उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना मेंअनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमींन हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## नवनियुक्त लिपिकों से मिले उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग समाहरणालय सभागार नवनियुक्त 61 लिपिकों का इंट्रैकशन सेशन उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने नवपदस्थापित लिपिकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। सजगता तथा अनुशासन के साथ संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी। नियमित कार्यालय ससमय आए। साथ ही उन्होंने नव नियुक्त लिपिकों को कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी से किए जाने की बात कही। कार्यालय में अपने वरीय अधिकारी तथा अपने से छोटे कर्मचारी का सम्मान करें। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में शालीनता के साथ ड्रेस कोड का पालन करने की बात कही। कार्यालय के दौरान किसी भी परेशानी या दिक्कत आ रही हो तो अपने वरीय अधिकारी को इसकी जानकारी एवं सलाह लेने की बात कही। मेहनत, कार्य पूरी निष्ठा एवं सीखने की ललक के साथ काम करने के लिए उपायुक्त ने

## कुलपति ने विभागाध्यक्षों के साथ बैठक

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय के अधिकारियों संकायअध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गई। शैक्षणिक मामलों पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता मानविकी के संकायअध्यक्ष प्रो (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह ने की। किया बैठक में वक्ताओं ने आपस में विचारों का आदान प्रदान किया। इस बात की आशा की गई कि या तो राजभवन के द्वारा विश्वविद्यालय के आयुक्त कुलपति को रूटीन कार्य के बंधन से मुक्त कर दिया जाए ताकि वह अन्य जरूरी संचिकाओं का निस्तारण भी कर सके। या नहीं तो नियमित कुलपति की नियुक्ति हो जाए ताकि विश्वविद्यालय प्रगति पथ पर आगे बढ़ता रहे। विशेष रूप से चिंता जताई गई की विश्वविद्यालय का ठअअउ के द्वारा मूल्यांकन का कार्य होना है और इसको लेकर कई प्रकार की तैयारियां अभी भी शेष है।

**खेल** खेल हमें शारीरिक, मानसिक एवं अनुशासन की सीख देता है उपायुक्त : नैंसी सहाय

# जिला स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ

- उपायुक्त ने फुटबॉल प्रतियोगिता अपने पैर से किक मार कर किया शुभारंभ
- प्रतियोगिता में कटकमदाग 2-0 से विजय हुआ



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद,हजारीबाग के तत्वाधान में आज 25 जुलाई को जिला स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन संत रॉबर्ट उच्च विद्यालय,हजारीबाग में हुआ। इसके अतिरिक्त जिला स्कूल एवं हजारीबाग हाई स्कूल हजारीबाग में भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने खिलाड़ी बच्चों के अच्छे प्रदर्शन हेतु सदैव फीट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय ने खेलो झारखंड 2023 में शामिल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी।

उन्होंने बच्चों में फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल के प्रति रुचि को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि खेल हमें शारीरिक, मानसिक एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की सीख देता है। शुभारंभ दिवस के प्रथम चरण में सभी 16 प्रखंड के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल मैच खेला गया। प्रथम प्रतियोगिता सदर एवं कटकमदाग के बीच मैच खेला गया। इस प्रतियोगिता में कटकमदाग 2-0 से विजय हुआ। इसी प्रकार दारू एवं टाटीझरिया अंतर्गत खेल में दारू 3-2 से विजय हुआ। डाडी व कटकमसांडी में डाडी 3-0 से विजय हुआ।

वहीं बड़कागांव एवं बरकट्ठा में बड़कागांव 1-0 से विजय हुआ। पदमा एवं चलकुसा में पदमा 4-0 से विजय हुआ। चुरचू व बरही में चुरचू 2-0 से विजय हुआ। विष्णुगढ़ बनाम केरेडारी में विष्णुगढ़ 1-0 से विजय हुआ। इचाक बनाम चौपारण में इचाक 3-0 विजय हुआ। उक्त मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीला लकड़ा सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित थे।

---

## न्यूज फटाफट

### बड़कागांव मे दस दिवसीय आईसीटी स्कूल प्रशिक्षण शुरू

बड़कागांव : बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में दस दिवसीय आईसीटी स्कूल प्रशिक्षण शुरू हुई। इसका उद्घाटन प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने किया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इसका नेतृत्व आईसीटी के एमटी पूनम कुमारी ने किया. प्रशिक्षक बाबूलाल कुमार,मालती कुमारी,मिताली कुमारी,सपना कुमारी द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आईसीसी लाइव का संचालित कैसे करें। आईसीटी कक्षा का उपकरण, डिजिटल कक्षा मे उपकरणों की पहचान एवं उपयोग करने संबंधित विषयों को बताया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से शिक्षक विनोद रजक,दीपक कुमार राणा,मुनेश कुमार राम,रामवृक्ष राम,जमशेद अंसारी,चंद्रावती वर्मा,पारस महतो,मार सुनील प्रकाश कुमार,आलोक कुमार दांगी,अंतेश साव,अशोक राम, समेत 23 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### वन प्रबंधन एवं संरक्षक समिति की बैठक

**बड़कागांव :** बड़कागांव के पंडरिया गांव स्थित सलखान बागी जंगल में वन प्रबंधन एवं संरक्षक समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के सदस्य दिनेश्वर महतो एवं संचालन जितेंद्र गंझू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया। कि बुढ़वा महादेव जंगल,महोदी पहाड़ जंगल,डूमारो जंगल समेत अन्य जंगलों को बचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जो व्यक्ति पेड़ पौधे काटते पकड़े जाएंगे उन्हें सामाजिक व आर्थिक दंड लगाया जाएगा। समिति ने बैठक के माध्यम से पर्यटक एवं बुढ़वा महादेव मे पूजा करने वाले भक्तों से आग्रह किया कि जंगलों में प्लास्टिक, फोम से गंदगी ना करें, इसके अलावा वन विभाग से मांग किया गया कि 2023 में जंगल में जो आग बुझाया गया था । इसके लिए आग बुझाने वालों को प्रोत्साहन राशि दिया जाए, समिति में जोड़े गए नए सदस्यों को वन विभाग द्वारा हेड लाइट एवं टॉर्च दिया जाए, चौक चौराहों एवं जंगली क्षेत्र के गांवों और घरों के सामने हेड लाइट लगाया जाए, ताकि जंगली हाथियों से लोगों को सुरक्षा हो सके। मौके पर अध्यक्ष संजय महतो,दिनेश्वर महतो जितेंद्र गंझु,कीनू राम,मुंशी महतो,सुरेश महतो, झारी महतो, त्रिभुवन महतो,उपाध्यक्ष बसंती देवी,जीरा देवी,दुलार देवी,अनीता देवी, सरिता देवी,मूर्ति देवी,शांति देवी, यशोदा देवी,सरिता देवी, सुमित्रा देवी,कर्मी देवी अन्य सदस्य शामिल थे।

### आईओसीएल धनबाद ने शुरू की मानसून धमाका

**धनबाद:** धनबाद मंडल कार्यालय ने विभिन्न जिलों में अपने ग्राहकों के लिए बिक्री संवर्धन अभियान उपहारों की बारिश शुरू किया है। योजना का शुभारंभ धनबाद मंडल कार्यालय के डिविजनल हेड - रिटेल,महेश कुमार द्वारा ग्रीन व्यू सर्विस सेंटर, धनबाद में चयनित डीलरों, ग्राहकों और धनबाद मंडल कार्यालय के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। महेश कुमार ने ग्राहकों को संबोधन करते हुए इन योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि आईओसीएल ने हमेशा ग्राहकों को ईंधन भरने के आधार पर उनके खुदरा दुकानों से कुछ रोमांचक उपहार जीतने का मौका दिया है। यह योजना डीडीओ के अधीन 150 पेट्रोल पंपों में 60 दिनों तक चालू रहेगी। उन्होंने ग्राहकों से इस अभियान में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लेने के लिए अनुरोध किया। अभियान की अनूठी विशेषताओं में तत्काल उपहार, दैनिक पुरस्कार, साप्ताहिक और पाक्षिक पुरस्कार और बाइक, मोबाइल, लैपटॉप, पी एंड जी रियायती ई कूपन के मासिक बम्पर पुरस्कार जैसे आकर्षण शामिल है। ग्राहक इंडियनऑयल पेट्रोल पंपों से 2 पहिया वाहनों के लिए 300 रुपये और 4 पहिया वाहनों के लिए 1000 रुपये या उससे अधिक का भुगतान करके इस योजना में भाग ले सकते हैं। पुरस्कारों में 6 बाइक (बीमा और पंजीकरण सहित) 6 मोबाइल फोन 300 आईओसीएल ब्रांडिंग वाले बैक पैक, 450 ड्राई आयरन, 450 स्टेनलेस स्टील की पानी की बोतल, दैनिक पुरस्कार जैसे साबुन,चाबी की चेन और कई अन्य शामिल हैं। यह योजना 150 पेट्रोल स्टेशनों पर मान्य है। अपने निकटतम आईओसीएल पेट्रोल पंप पर जाएं। यह ऑफर 24 जुलाई 2023 से 24 सितंबर 2023 तक वैध है।

### थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध



**चौपारण :** चौपारण थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रेमचन्द कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर मौजूद रहे। बैठक में पूरे प्रखण्ड के सभी पंचायतों सामाजिक व राजनैतिक लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी पंचायतों व अखाड़ों को ले कर अपनी बातें रखी। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा कि सभी वर्ग के लोग पर्व को शांति से मनाएं व एक दूसरे का सम्मान करें। वहीं डीएसपी नाजिर अख्तर ने कहा कि प्रशासन इस दौरान मुस्तैद रहेगी साथ ही सभी लोग अफवाहों से बचते हुवे पर्व को पर्व की तरह मनाएं। मौके पर मुखिया अर्जुन पांडेय, समाजेवी भुनेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, नागेंद्र कुमार, चौपारण मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह, झापा प्रतिनिधि बिनोद सिंह, हेलाल अख्तर, पूर्व मुखिया सफालुद्दीन, शौकत खान, पंसस डब्लू अंसारी, सीताराम साव, मोइनुद्दीन अंसारी सहित सभी समाज के कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना क्षतिग्रस्त कार से पुलिस ने 10 किलो गांजा किया बरामद

बरही : बरही बीते 23 जुलाई को बरही पुलिस को सूचना मिली कि -33 हर्षित राज होटल के आगे एक डस्टर कार दुर्घटना ग्रस्त हुई है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस घटनास्थल पर पहुँचने पर देखा कि डुमरडीह मोड़ के समीप एक डस्टर कार जिसका निबंधन संख्या 2463 दुर्घटना ग्रस्त हुई है। इस संबंध में आसपास के लोगों ने बताया कि उक्त गाड़ी को काफी तेज गति से चालक चला रहा था और अचानक चलती ट्रेलर गाड़ी में पीछे से धक्का मार दिया जिससे डस्टर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर पाया गया कि पीछे डिक्की में भूरा रंग के प्लास्टिक टेप में लिपटा मादक पदार्थ रखा हुआ है। मादक पदार्थ पाए जाने की सूचना बरही पुलिस ने वरीय पदाधिकारी एवं अचलाधिकारी को दिया। तत्पश्चत आंचलाधिकारी अरविंद देवाशिष टोप्पो उक्त गाड़ी की डिक्की से 10 पैकेट गांजा (प्रत्येक पैकेट का वजन करीब एक किलोग्राम) कुल वजन किलोग्राम को जब्ती सूची बनाकर डस्टर कार सहित जप्त किया।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**बड़कागांव :** बड़कागांव डाड़ी कलां ओपी में मुहर्रम पर्व को शांति समिति की बैठक बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं संचालन सज्जाद राही ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच चर्चा की गई। बैठक में मणिलाल सिंह ने मोहर्रम के अखाड़ा धारियों को जुलूस निकालने वालों को निर्देश देते हुए जुलूस के रूट की विस्तृत जानकारी ली।एवं उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। डीजे साउंड बजाने एवं सोशल मीडिया पर भड़काऊ चीज फैलाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### बेमियादी धरना कल से

**पलामू** : पिपरा प्रखंड क्षेत्र बिजली समस्या और उपभोक्ताओं के साथ विभागीय अधिकारियों के द्वारा मनमानीपूर्ण सौतेला रवैया के खिलाफ 27 जुलाई गुरुवार को दमवा मोड़ के पास अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। पिपरा प्रखण्ड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने प्रखण्ड क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों , गणमान्य और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अनिश्चित कालीन महा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ग्रामीणों के सहयोग से हर पंचायत होगा टीवी मुक्त

**पाकुड़** : जिले के आमड़ापाड़ा प्रखंड के सभागार में प्रखंड प्रमुख जूही प्रिया मरांडी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति पाकुड़, जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़, पंचायती राज संस्था एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से टीबी उन्मूलन के दिशा में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्वस्थ गांव की परिकल्पना की गयी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार मरांडी ने बताया की स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा आयुष्मान भारत- हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं ग्राम पंचायत सदस्यो के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। पिरामल फाउंडेशन के मनोज महतो ने बताया की पाकुड़ जनजातीय बाहुल्य जिला होने के कारण जनजातीय समुदाय में यक्ष्मा से मुक्ति हेतु पंचायत राज संस्था के सदस्य जैसे प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं समुदाय के संभावित वयक्तियों द्वारा ग्राम क्षेत्र से टीवी के संभावित मरीजों हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रेफर करने में अहम योगदान रहेगा। पिरामल फाउंडेशन के अर्जुन दास ने बताया की अब राज्य तथा केंद्र सरकार 'टीबी मुक्त पंचायत' पहल के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयासरत है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डीईओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**पाकुड़** : जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा पाकुड़ प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय कीताझोर एवं प्राथमिक विद्यालय बलियाडंगाल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के सभी वर्गों का अवलोकन किया एवं पठन-पाठन की व्यवस्था को लेकर विशेष रुप से ध्यान देने का निर्देश विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया गया। विद्यालय कार्यालय में विभिन्न संचिकाओं का भी अवलोकन किया। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ आने वाले समय में बच्चों का परीक्षाफल और बेहतर हो इसे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। साथ ही कुछ अभिभावकों से मुलाकात कर बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का अपील किया।

### उपायुक्त ने की खनन टास्क फोर्स की बैठक

**गोड्डा** : अवैध खनन के विरुद्ध अभियान को गति देने हेतु उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्रों में सजग रहकर साइकिल या मोटरसाइकिल से हो रहे कोयले , बालू आदि के अवैध परिवहन पर सख्ती बरतने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसे स्थान जहाँ अवैध रूप से कोयला, बालू आदि को एकत्रित किया जा रहा है, उस स्थान को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कर उनके क्षेत्रों में संचालित ईट भट्ठे का औचक निरीक्षण करने तथा ईट के निर्माण में उपयोग की जाने वाले खनिज संपदा (मिट्टी,कोयला) के उठाव एवं रॉयल्टी भुगतान से संबंधित प्रतिवेदन जिला खनन पदाधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया।

**कलंक** छतरपुर थाना क्षेत्र के मनहू गांव में

# सौतेली मां ने की पुत्र की गला घोंटकर हत्या



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** छतरपुर थाना क्षेत्र के मनहू गांव में सौतेली मां ने 11 वर्षीय बेटे विवेक का हत्या कर शव को पानी से भरे गड्ढे में फेंक दिया। मृतक का नाम विवेक कुमार (11) पिता लालमोहन यादव है। लालमोहन पेशे से ड्राइवर है 2016 में पत्नी की मौत सर्पदंश से हो जाने के कारण दूसरी शादी 2017 में पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर के काजल के साथ हुई। जबकि पहली और दूसरी पत्नी रिश्ते में ममेरी फुफेरी बहन है पहली पत्नी के दो बेटे विशाल और विवेक विशाल बड़ा है और विवेक के तुलना में थोड़ा मंदबुद्धि भी है। विवेक अपनी सौतेली माँ काजल के हर करतूतों पर नजर रखता था जिसके चलते काजल इसके साथ हमेशा से ही सौतेलापन व्यवहार करती थी काजल की दो बेटियां ही थी जिसके कारण सौतेले बेटे आँखों के कांटे बन गए थे मृतक विवेक के मामा कमलेश यादव ने बताया कि एक बार पहले भी काजल ने हसुआ से माथे पर वार कर हत्या का प्रयास किया था।

इसके बाद विवेक के पिता ने अपनी बहन यानी मृतक के फुआ के यहां भेज दिया गया था पर काजल झगड़ा कर उसे फिर से यहां बुलवाली और फिर सोमवार को घटना का अंजाम दे दिया लोगों ने बताया कि पहले रॉड से पीट-पीटकर इसे बेसुध किया और फिर निर्मम तरीके से विवेक की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार तथा सब इंस्पेक्टर रमेश चंद हजाम अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया एवं आरोपी काजल को गिरफ्तार कर लिया गया।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** मंगलवार को अहले सुबह पोल संख्या 50/36 और 50 / 37के बीच रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति की शव मिलने की सूचना है। सूचना पर रेलवे स्टेशन मास्टर आरपीएफ एवं जीआरपीएफ को इसकी जानकारी दी ।जानकारी प्राप्त होते ही आरपीएफ एवं जीआरपीएफ की टीम मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को सदर अस्पताल पाकुड़ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है की शायद व्यक्ति सोच के लिए रेलवे ट्रैक से पार हो रहा होगा तभी हादसा का शिकार हो गया होगा। जितनी मुंह उतनी बात सुनी जा रही है। बीच-बीच में पाकुड़ में ऐसी घटना घट रही है। जिस पर आवश्यक सतर्कता एवं कारणों का जानकारी लगाना अति आवश्यक है। क्योंकि अगर व्यक्ति स्थानीय होता तो लोग जरूर पहचानते। कोई बाहर से व्यक्ति भला सोच के लिए दो चार किलोमीटर जाएगा। इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस संबंध में जीआरपी के सब इंस्पेक्टर राम भगत ने बताया रेलवे स्टेशन मास्टर द्वारा मेमो देते हुए उन्हें बताया गया कि ट्रैक पर शव पड़ा हुआ है और इस सूचना पर हमने अपनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है किंतु किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मृत्यु हुई होगी ।सोचनीय बात यह है की कोई अज्ञात व्यक्ति सोच के लिए क्या मिलो तक जा सकता है ? यह एक गंभीर और यक्ष प्रश्न है। इस पर गहन जांच होनी चाहिए। समाचार लिखे जाने तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई थी।

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त ने जनता की सुनी फरियाद



**पलामू** : उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याएं को बारी-बारी से सुना और निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया ।जनता दरबार में भूमि सीमांकन,भूमि विवाद,राशन,अवैध कब्जा,रास्ता बंद हो जाने,मुआवजा, आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए ।जनता दरबार में साहपुर से आये करन कुमार ने बताया कि नगर निगम के सरकारी वाहन से उनकी बहन का दुर्घटना हो गया है जिसके बाद निगम के कर्मचारी ने इलाज का खर्चा उठाने की बात कही थी लेकिन अब विभाग द्वारा इलाज में खर्चा का वहन नहीं किया जा रहा है ऑन स्पॉट इलाज हेतु 5 हजार दिये गए जो खर्च हो गये अतः उन्होंने उपायुक्त से निगम के कर्मचारी से इलाज में खर्च होने वाले पैसा दिलवाने का आग्रह किया ।इसी तरह जनता दरबार में आये काजल कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की हत्या गोली मारकर 1 दिसंबर 2022 को कर दी गयी थी जिसके पश्चात वो असहाय हो गयी है ।उन्होंने उपायुक्त से बच्चों के भरण-पोषण करने व रहने के लिये आवास की मांग की इसपर उपायुक्त ने डीडीसी को उक्त महिला को आवास की स्वीकृति हेतु निर्देशित किया। जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने सदर सीओ,छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया,तरहसी सीओ,डीएमओ समेत विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

# मोहर्रम के लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** छत्तरपुर थाने में मंगलवार को मोहर्रम को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व संचालन थाना प्रभारी ने किया बैठक में मोहर्रम में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सीधी कानूनी कार्यवाही की जायेगी रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बाजा नही बजाना है डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा हर कमेटी के दस दस मेम्बर को भोलेन्टियर के रूप में तैनात किया जायेगा सड़क को अवरुद्ध नही करना है जरूरी गाड़ियों को अविलंब रास्ता देने का काम भोलेन्टियर करेंगे शांति समिति की बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी, सर्किल इंस्पेक्टर वीर सिंह मुंडा, थाना प्रभारी शेखर कुमार, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, सभी अखाड़ा के सदस्य के अलावा सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद के परिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया सहयोग



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पूर्व सांसद सोम मरांडी की पत्नी कपूर मूली टुडू को पेंशन का लाभ सुनिश्चित कराने की दिशा में जिला प्रशासन के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता ने सहयोग का हाथ बढ़ाया है। दरअसल पूर्व सांसद सोम मरांडी की पत्नी कपूर मूली टुड को उनके पति को मिलने वाली पेंशन का लाभ उन्हें पाने के लिए सकसेशन सर्टिफिकेट की मांग लोकसभा सचिवालय के द्वारा की गई है। सकसेशन सर्टिफिकेट अब कोर्ट से ही निर्गत होना है। हालांकि जिला प्रशासन पूर्व सांसद की पत्नी को इस दिशा में सकारात्मक पहल की है। इधर सकसेशन सर्टिफिकेट निर्गत कराने में कोर्ट में आने वाली खर्च की जिम्मेवारी भाजपा के कार्यकर्ता भास्कर पांडे ने अपने हाथों लिया है। भास्कर पांडे के साथ पार्टी कार्यकर्ता मिट्ठू भगत स्वयं मंगलवार को कोट पहुंचकर पूर्व सांसद सोम मरांडी की पुत्री सावित्री से मिलकर उन्हें हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया साथ ही सकसेशन सर्टिफिकेट के लिए स्टेट ड्यूटी में आने वाले खर्च में आर्थिक सहयोग की। सावित्री ने भास्कर पांडे के द्वारा किए गए आर्थिक सहयोग पाकर आभार जताते हुए उनकी आंखें डब डब्बा आई। हालांकि भास्कर ने उन्हें भविष्य में भी इस काम में आगे सहयोग करने का भरोसा दिया है। मालूम हो कि पूर्व सांसद सोम मरांडी का 23 मार्च 2022 को दिवंगत होने के बाद से उनका परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है।

### प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**पलामू** : मेदनीनगर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला स्कूल के मैदान में सदर मेदनीनगर प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के प्लस टू जिला स्कूल, प्लस टू उच्च विद्यालय पोलपोल, गिरिवर प्लस टू मेदनीनगर, गणेश विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखराहा खुर्द, उच्च विद्यालय चियांकी के अंडर 14 एवं अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग के बालक/ बालिका ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री हरेंद्र तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं किक मार कर किया। साथ में पलामू जिला ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी प्रखंड साधन सेवी सत्येंद्र पाठक साधन सेवी संजय रंजन मौजूद थे। प्रथम मैच अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में प्लस टू जिला स्कूल और महात्मा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय पोल पोल के बीच खेला गया ।इस मैच प्लस टू जिला स्कूल ने महात्मा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय पोल पोल को 3 - 0 से हराया। इस प्रकार फाइनल मैच प्लस टू उच्च विद्यालय गिरवर स्कूल और जिला स्कूल खेला गया जिसमें जिला प्लस टू स्कूल ने गिरिवर स्कूल को 2-0 से हराकर फाइनल मैच जीता। अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग में प्लस टू जिला स्कूल, 14 वर्ष आयु में उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखराहा खुर्द एवं अंडर-17 बालिका वर्ग में चियाकी के उच्च विद्यालय विजेता रहा। जिन्हें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं जिला स्कूल के प्राचार्य रोहित कुमार तिवारी द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । सभी विजेता खिलाड़ी जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# प्रधानमंत्री जी मन की बात नहीं मणिपुर की बात कीजिए : आप



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर** : आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल ने मंगलवार को मणिपुर के सवाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में बयान नहीं दिए जाने पर उन्हें ' मुंहचोर ' कहा है। जायसवाल ने मेदिनीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर में औरत को नग्न कर प्रदर्शित करने की घटना की गुंज विश्वव्यापी है और मोदी उस पर बोलने से बचने की कोशिश कर रहे हैं, इससे अधिक और क्या अपमान देश के लिए हो सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि देश अधिनायकवादी सत्ता की ओर बढ़ रहा है और इसका उदाहरण है मणिपुर , 79 दिन के बाद मोदी ने मुंह खोला मणिपुर पर ,जिसमें उन्होंने बनावटी दुख प्रकट किया । जायसवाल ने कहा कि मणिपुर जल रहा था और मोदी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 'नाच ' रहे थे । दरअसल, यह पहली घटना नहीं है कि गंभीर मुद्दे को उन्होंने नजर अंदाज किया हो, देश में कोरोना का भयंकर प्रकोप था और मोदी इसे उपेक्षा कर पश्चिम बंगाल चुनाव में ' सफर ' कर रहे थे। जायसवाल ने कहा कि राज्य सभा आप सांसद संजय सिंह को मणिपुर के प्रश्न उठाने पर निलंबित कर दिया गया, यह तानाशाही नहीं तो क्या है। रोज - रोज बोलने वाले मणिपुर पर बोलने से बच रहे हैं, क्यों? यह देश-विदेश में नजरे चुरा रहे हैं, कबतक चुप रहेंगे? यह मोदी को मुंहचोर होने के प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अब सीधी लड़ाई अधिनायकवादी तत्वों से है, भाजपा के हाथों देश सुरक्षित नहीं है । आप जन आंदोलन से पैदा हुई पार्टी है और हम जन संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर पलामू जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार , लव तिवारी, वीरेंद्र दुबे आदि मौजूद थे।

# आईडब्लूसी का इंस्टालेशन सेरेमनी समारोह संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** इनर व्हील क्लब ऑफ बाबाधाम 2023/24 का इंटालेशन सेरेमनी समारोह संपन्न हुआ । इनर व्हील क्लब अपने उपलब्धियों के सौ साल मना रही है। इस उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब देवघर के द्वारा स्थानीय होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पीडिसी पूनम प्रकाश सहाय, क्लब प्रेसिडेंट नुपुर बाजला, सचिव निधि राज, विसिस्ट अतिथि रीता चौरसिया, सहित दर्जनों सदस्या मौजूद थी। दरअसल यह कार्यक्रम लोगों में सुरक्षा,स्वास्थ्य और शिक्षा पर काम कर रहीं, इनर व्हील क्लब की पीडिसी पूनम प्रकाश सहाय ने नए मेंबर को विस्तार से बताया कि, इनरव्हील क्लब लोगों में स्वास्थ्य सुरक्षा और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की और काम करती रही है। इनरव्हील क्लब के नए सदस्यों ने बहुत कम समय में अच्छा काम किया है, उन्होंने कहा की प्रोजेक्ट के तहत काम करने से हम अपनी गोल को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

### पिपरा क्षेत्र में जल्द होगी बिजली व्यवस्था में सुधार : राम गोपाल राम



**हरिहरगंज** : जिले के पिपरा प्रखण्ड क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ती की समस्या को संज्ञान में लेते हुए छतरपुर विद्युत कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने कहा कि पिपरा में जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। उक्त जानकारी रामगोपाल राम ने मंगलवार को पिपरा विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर पत्रकारों दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि पहले पिपरा में विद्युत की आपूर्ति रेहला बीमोड़ भागोडीह से की जाती थी किंतु भागोडीह के समीप बिजली के दो टावर गिर जाने के बाद बिजली की आपूर्ति मेदिनीनगर सुदना से की जा रही है । जिस कारण क्षेत्र में पर्याप्त बिजली आपूर्ती में समस्या आ रही है । उन्होंने कहा कि भागोडीह में टावर निर्माण कार्य चालू है । टावर का कार्य पूर्ण होते ही पहले की तरह पिपरा प्रखण्ड क्षेत्र में पर्याप्त बिजली की आपूर्ती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही बताया कि आगामी 9 अगस्त को पिपरा प्रखण्ड परिसर में विद्युत कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नियमानुसार निर्धारित शुल्क पर नए कनेक्शन किए जाएंगे। जिसके लिए उपभोक्ता को आधार कार्ड, जमीन का रसीद और एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। साथ ही कैंप में बिजली से संबंधित समस्याओं का भी निदान किया जाएगा। वहीं मौके पर मौजूद पिपरा प्रखण्ड के विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह बिजली समस्याओं की निदान को लेकर गंभीर हैं। इसे लेकर उन्होंने विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया है। साथ ही शहरी , ग्रामीण सहित सभी फिडरों में समान रूप से बिजली आपूर्ति करने का सुझाव दिया है ताकि उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सके। उपभोक्ताओं के साथ विद्युत आपूर्ति में भेद भाव बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मौके पर सहायक विद्युत अभियंता छतरपुर संजय कुमार, कनीय अभियंता जपला प्रदीप कुमार सिंह , विद्युतकर्मी बिनोद पासवान, अनील कुमार , अनील कुमार सिंह के अलावे संतोष यादव , रेणु यादव,रामरेखा यादव , लखन यादव आदि मौजूद थे।

**पुनरीक्षण** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 पर

# डीडीसी ने राजनीतिक दलों के साथ किया बैठक

राष्ट्रीय खबर



**देवघर** : उप विकास आयुक्त डॉ0 कुमार ताराचन्द की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि आयोग के निर्देश पर 1 जनवरी, 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचि का विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। ऐसे में जिले भर में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर किये जाने कार्यों से सभी को अवगत कराया ।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किये जाने वाले कार्यों के तहत सभी बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्र/घर-घर जाकर नया मतदाता जोड़ने, मृत मतदाता को मतदाता सूची से हटाने, मतदाता सूची में नाम सुधारने एवं एक ही परिवार के सभी सदस्यों को एक ही मतदान केन्द्र पर जोड़ने से समेत अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए 21 जुलाई, 2023 से लेकर 21 अगस्त, 2023 तक किये जा रहे वेरिफिकेशन कार्यों को सतप्रतिशत सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की बात कहीं, ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूचि में न छूटे। इसके अलावे बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने अभियान में राजनीतिक दलों की भूमिका एवं भागीदारी को सुनिश्चत करने के उदेश्य से बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति, मतदाता सूची निःशुल्क प्राप्त कर बी०एल०ए० के माध्यम से बुधवार समीक्षा करना एवं निष्कर्ष से अवगत कराना, मृत डुप्लीकेट एवं स्थानान्तरित मतदाताओं के संबंध में सूचना का आदान प्रदान करना।

साथ हीं महिला मतदाताओं के निबंधन हेतु राजनैतिक दलों की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सहयोग किया जाना, मतदाता सूची में व्याप्त कई प्रकार का त्रुटियों के निराकरण में सहयोग, छुटे हुये टोला मोहल्ला, अनुभाग के संबंध में जानकारी से अवगत कराने की बात कही, ताकि उन्हें मतदाता सूची में सम्मलित किया जा सके। आगे उन्होंने सभी नागरिकों को ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन करने हेतु वोटर हेल्प लाइन - वोटर सरविस पोर्टल एवं मतदाता सूची में नाम निबंधित / सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु टोल फ्री नं0-1950 एवं इ-इपीआईसी के बारे में मदाताओं को इन जानकारियों से अवगत कराने में सहयोग करने की बात कही। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री शैलेस कुमार सिंह, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित व कर्मी आदि उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा के नियमों की दी जानकारी

**पाकुड़** : जिला परिवहन कार्यालय, पाकुड़ में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आए हुए आवेदको को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे मे जानकारी दी गई। ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के बाद सड़क पर वाहन चलाने एवं सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का अनुपालन करने एवं अच्छे नेक इंसान, हिट एंड रन एवं आपदा प्रबंधन अंतर्गत आने वाले मुआवजे एवं अन्य को लेकर जागरूक किया गया। बताया गया कि जिला पाकुड़ मे माह जनवरी 2023 से जून -2023 तक कुल-41 सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमें कुल-34 लोगो की जान गई और कुल-16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए जो की पिछले साल 2022 की तुलना में रोड एक्सीडेंट में बढ़ोतरी हुई है। इस दुर्घटना में मरने वाले लोगो की उम्र की बात करें तो 21-35 उम्र के सबसे ज्यादा वाहन चालक है। इसका बचाओ का एक ही उपाय है सभी यातायात का नियमों का पालन करें और सजग रहे।

शहर >> अपडेट

### बंध्याकरण पर कार्यक्रम आयोजित

पीरटांड़ :सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 5 महिला एवं 1 पुरूष का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।जिसकी जानकारी बीपीएम सरिता कुमारी ने दी उन्होंने बताया कि बंध्याकरण से पहले महिला एवं पुरूष का बीपी, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, यूरिन आदि जाँच की गई । प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार के टीम द्वारा महिला एवं पुरूष का बंध्याकरण ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया। वहीं प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि 'हम दो हमारे दो' बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।परिवार नियोजन के लिए पुरूष एवं महिला नसबंदी जरूर कराए।बंध्याकरण ऑपरेशन में डॉ अशोक कुमार,शांति कुमारी,उषा कुमारी, सोहगी कुमारी, पार्वती कुमारी, नूतन कुमारी,मिथलेश कुमार, बोधि पंडित सहित कई लोग शामिल रहे।

सिटी अपडेट्स >>

### बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा:** जिला बाल संरक्षण इकाई कोडरमा द्वारा जयनगर प्रखंड स्थित सांस्कृतिक भवन में आंगनबाड़ी सेविकाओं व अन्य स्टेकहोल्डर के साथ फोस्टर केयर (पालन पोषण देख-रेख) स्पॉन्सरशिप, पोक्सो, बाल संरक्षण से संबंधित विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी कोडरमा द्वारा फोस्टर केयर के अंतर्गत वैसे इच्छुक दंपत्ति को चिन्हित करने का अनुरोध किया गया तथा दत्तक ग्रहण आदि विषयों पर तथा स्पॉन्सरशिप के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित एलपीओ द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत बच्चों की सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई तथा ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति के सदस्य सह सचिव एवं आंगनबाड़ी के कार्यों के विषय में जानकारी दी गई । उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं व महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित रही ।

### तालाब के समीप मिला महिला का शव

**कोडरमा:** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबार में मंगलवार को घर से लगभग दो किलोमीटर एक तालाब के समीप 40 वर्षीया महिला का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया है। मृतका की पहचान बेकोबार निवासी सलमा खातून पति स्वर्गीय मुस्ताक अंसारी के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात करीब 11 बजे सभी लोग खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सोने चले गए थे। मंगलवार की सुबह कुछ ग्रामीणों के द्वारा उन्हें सूचना मिली की सलमा खातून तालाब के समीप खेत में पड़ी हुई है। इसके बाद जब गांव के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि सलमा खातून की मौत हो चुकी थी। इस दौरान लोगों ने उसके शरीर पर चोट के कुछ निशान देखे। परिजनों ने बताया कि सलमा के दुपट्टे से उसका गला भी दबाया हुआ पाया गया। परिजनों ने बताया कि सलमा के पति मुस्ताक अंसारी का 10 साल पहले बीमारी से निधन हो गया था। उनकी तीन बेटियां हैं। घटना की सूचना पर कोडरमा थाना प्रभारी दल बल से साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मृतका के परिजनों के द्वारा अज्ञात पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बेकोबार मे एक महिला का शव बरामद किया गया है जिसके बाद मामले की छानबीन की जा रही है।

**बर्बरता** मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ दरिंदगी और बर्बरता के खिलाफ रोष

# सीटू और किसान सभा ने मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** मणिपुर में पिछले तीन माह से जारी हिंसा और दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व उनके साथ दरिंदगी बर्बरता और घिनौनी हरकत करने के खिलाफ देशव्यापी विरोध दिवस के तहत सीटू और किसान सभा के संयुक्त बैनर तले पूर्णिमा टॉकिज परिसर से झंडा चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। जुलूस में मोदी सरकार मुदार्बाद मणिपुर की भाजपा सरकार शर्म करो मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो मुख्यमंत्री एन बिरेन्द्र सिहं इस्तीफा दो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा जुमला है केन्द्र सरकार शर्म करो आदि सरकार विरोधी आक्रोशपूर्ण



नारे लगाये जा रहे थे। झंडा चौक पर किसान सभा के संयुक्त सचिव परमेश्वर यादव की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा किया गया। जिसे सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी जिला सचिव वर्षा रानी निर्माण कामगार यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शशि कुमार पांडेय डीएसएमएम के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह से आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र करके उन्हें पूरे समाज में घुमाया जा रहा है उनकी बेइज्जती की जा रही है इस घटना ने देश और दुनिया को शर्मिंदा किया है। भाजपा सरकार का पिछले तीन महीनो से चुप्पी साधे रहना और मणिपुर को जलने देना उनकी नाकामयाबी को दिखाती है। उनके चाल और चरित्र को दशार्ता है। आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर भयानक अत्याचार सामुहिक बलात्कार की घटना ने भाजपा का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा भी जुमला साबित हुआ है। बीजेपी की मणिपुर सरकार सीधे तौर पर अपराधियों को खुली छूट दे रखी है। तीन माह से मणिपुर जल रहा है फिर भी बीजेपी के मंत्री राज्य सरकार को बचाने में लगी हुई है। महीनों की गहमागहमी और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री का बयान आना उनकी चुप्पी ने मणिपुर में हिंसा की भयावहता को और बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री की पक्षपातपूर्ण भूमिका को डबल इंजन की भाजपा सरकार ने दबा दिया। आदिवासियों के शरीर पर पेशाब करना महिलाओं को नंगा घुमाना बलात्कारियों को माला पहनाना और अल्पसंख्यकों को उन्मादी भीड़ के जरिए सरेआम पीट पीट कर मार देना। यही भाजपा का असली चेहरा है।

## मछली विक्रेता को किया घायल

राष्ट्रीय खबर

**कुड़ू:** कुडू थाना क्षेत्र के बड़की चापी स्थित बाजार में मामूली विवाद के चलते एक व्यक्ति ने मछली व्यापारी के सिर पर कुदाल से हमला कर दिया। इस घटना में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। व्यापारी को घायल अवस्था में आइसर्ट अस्पताल बसारडीह भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने लोहरदगा सदर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बड़की चापी बाजार में मछली बेचने गए लावागाई गांव निवासी शाहिद अंसारी 36 पिता नेजाम अंसारी पर बंदुआ गांव निवासी गज्जू गंझू पिता लौदा गंझू ने किसी बात पर हुए मामूली विवाद में कुदाल से हमला कर दिया। जिससे शाहिद अंसारी का सर फट गया। और वह वहीं पर गिर गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची बड़की चाँपि पिकेट पुलिस ने आरोपी गज्जू को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के द्वारा आरोपी को मंगलवार को लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## उपायुक्त ने विकास योजनाओं की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर

**चतरा:**समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में चतरा नगर परिषद के अंतर्गत चल रहे कार्यों कि समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से चतरा नगर परिषद अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, राजस्व, सैरात बंदोबस्ती, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने बाजारटांड़ में सब्जी मार्केट




कॉम्प्लेक्स, नायकी तालाब के जीर्णोद्धार समेत चल रहे सभी निर्माण कार्यों की अघतन स्तिथि की जानकारी लिया। उन्होंने सभी क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। शहर की साफ-सफाई एवं अतिक्रमण समस्या के निराकरण हेतु किये जा रहै कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने बाकी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करने की बात कही।

## राज्य सरकार को गुमराह कर रहे अधिकारी: बंधु तिर्की



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के तत्वाधान में समाहरणालय में धरना दिया गया, जिसमें हजारों की संख्या में जंगली इलाके से आए ग्रामीण महिला और पुरुष शामिल हुए। धरना के पहले एक रैली भी निकाली गई। धरना को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि अधिकारी राज्य सरकार को गुमराह कर रहे हैं। रैयती जमीन पर अगर ढिबरा है और उसको चुनकर बेचा जा रहा है, तो इस पर कार्रवाई होती है यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि यह चुनावी सभा नहीं है। यह लड़ाई आने वाले दिन में लोगों की जीविका, उनकी जिंदगी, उनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई से जुड़ी हुई है। यहां के लोगों के वजूद का सवाल है और ढिबरा चुनने पर रोक लगाया जाता है तो यह उनके साथ अन्याय होगा। श्री तिर्की ने कहा कि एक महीने का समय दिया गया है, 23 अगस्त अंतिम दिन है और अगर इस पर जिला प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला तो 24 अगस्त को सड़क जाम करेंगे। वही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि इस पूरे मामले से राज्य सरकार को अवगत कराएंगे। जिला प्रशासन द्वारा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सहयोग नहीं किया गया तो 24 अगस्त को संघ और कांग्रेस के सहयोग से सड़क जाम होगा। उन्होंने जिला प्रशासन के रवैया की जमकर आलोचना की। सभा को कांग्रेस नेता शहजादा अनवर समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। वही सभा का संचालन ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर लोगों ने नारे लगाए और कहा कि जो हमसे टकराएगा चूर चूर हो जाएगा। कोडरमा में जहां ढिबरा चुनने और बेचने पर जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्रवाई के विरोध में धरना प्रदर्शन चल रहा था, उसी समय झुमरीतिलैया में बड़े माईका गोदाम में छापेमारी भी की गई। बताया जाता है कि अवैध ढिबरा जमा करने की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन की टीम ने सीएच रोड स्थित एक माईका कारोबारी के गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान वहां भारी मात्रा में ढिबरा और माईका बरामद किया गया।

## खेल भारत के हर दिल में बसता है : अमित कुमार



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारियातु गोनिया में स्पोर्ट ऐशोसियान क्लब डगबंधी द्वारा फुटबॉल मैच का तीन दिवसीय आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार एवम अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा विशिष्ट अतिथि बरियातू जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने फुटबॉल मैच का विधिवत फीता काट एवम फुटबॉल को किक मार कर किया गया। उद्घाटन में मुख्य अतिथि अमित कुमार एवं लक्ष्मण कुशवाहा जीप सदस्य रमेश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय एवं हाथ मिला कर खेल को खेल की भावना से खेलने को कहा। अमित कुमार ने कहा की हर एक को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए जिस से तन मन दोनो का विकास होता है। लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की फुटबॉल ही सबसे अच्छा खेल है। जिससे पूरे शरीर का फिट रहता है। अमित कुमार ने कमिटी को एक फुटबॉल दे कर खेल को और अच्छे से खेलने को कहा। जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने। सभी क्लब के सभी समर्पित लोगो को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह से खेल आयोजन होने से लोगो में एक खेल की भावना का विकाश होता है ।जिस से मानसिक संतुल्लन बना रहता है।क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भोक्ता पंकज ओराएं के साथ में पूरी टीम ने अपना पूरा योगदान दिया। प्रथम मैच चतरा ऑनेस्ट स्टार चतरा एवम न्यू स्टार क्लब लातेहार के बीच खेला गया। जिसमे टीम विजय रही। मौके पर मुख्य अतिथि अमित कुमार अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा विशिष्ट अतिथि बरियातू जिला परिषद सदस्य रमेश राम एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**बदहाली** जयनगर के अधिकारी नहीं रहते प्रखंड मुख्यालय में

# बीडीओ- सीओ का आवास हुआ जर्जर

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित कर्मचारियों के रहने के लिए बना आवास वर्तमान समय में पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जिसके कारण बीडीओ, सीओ सहित कोई भी कर्मी इन आवासो में नहीं रहना चाहते है। सभी अधिकारी व कर्मचारी लगभग 15 किलोमीटर दूरी तय कर प्रतिदिन प्रखंड मुख्यालय कार्यालय आना जाना करते हैं। जानकारी अनुसार आवासों का निर्माण करीब 48 वर्ष पूर्व कराया गया था जो वर्तमान में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। प्रखंड मुख्यालय परिसर में अधिकारी व कर्मचारी का आवास होने से इसका लाभ जनता को मिलता था, लेकिन वर्तमान समय में



आवास नहीं होने के कारण क्षेत्र के आम जनता को कार्यालय के समय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ता है। जानकारी अनुसार प्रखंड मुख्यालय में 48 वर्ष पूर्व 1975-76 में बिहार सरकार की ओर से बीडीओ आवास सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारियों के रहने के लिए लगभग 13 से अधिक आवास का निर्माण कराया गया था, जो अब पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो गया है। आवास अधिकारियों तथा कर्मचारियों को रहने लायक नहीं है। आवास में लगे खिड़की दरवाजा टूट गए है। वहीं दीवार भी टूट कर अलग अलग हिस्सों में बट गया है। प्रखंड में बीडीओ, सीओ सहित अन्य कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था नहीं होने के कारण पदाधिकारी तथा कर्मचारी प्रतिदिन जिला मुख्यालय से प्रखंड मुख्यालय आना जाना करते हैं। जिससे पदाधिकारियों के डीजल के खर्च पर प्रतिमाह हजारो रूपए व्यय हो रहे है। उल्लेखनीय है कि 3 वर्ष पूर्व प्रखंड मुख्यालय में लगभग ढाई करोड़ की लागत से प्रखंड व अंचल कार्यालय का निर्माण कराया गया है, परंतु बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास नहीं बनाया गया है। आवास नहीं होने के कारण बीडीओ प्रतिदिन जिला मुख्यालय से जयनगर प्रखंड मुख्यालय लगभग 22 किलोमीटर तय कर आना जाना करते है। वहीं दूसरी ओर अंचलाधिकारी तथा कर्मचारी भी आवास नहीं रहने के कारण जिला मुख्यालय से प्रतिदिन जयनगर मुख्यालय आना-जाना कर रहे हैं। 12 वर्ष पूर्व बना सीओ आवास भी पूरी तरह जर्जर हो गया है। अंचलाधिकारी का आवास वर्ष 2011-12 में भवन निर्माण विभाग की ओर से लगभग 17 लाख की लागत से बनाया गया था। निर्माण के 5 वर्ष बाद ही भवन पूरी तरह जर्जर हो गया और छत से पानी का रिसाव होने लगा। वहीं खिड़की दरवाजा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे अधिकारी भवन में नहीं रहते हैं।

>>>> न्यूज फटाफट

### बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति का परिचायक: शालिनी

**कोडरमा :**केअभिभावकों बुजुर्गों और युवाओं के साथ पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने सम्मेलन का आयोजन किया और मंचासिन सामाजिक कार्यकर्ताओ को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया । झुमरी तिलैया के चित्रगुप्त नगर स्थित वृंदा भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि मेरे इस संघर्ष के सफर में आपके आशीर्वाद से एक नई ऊर्जा मिली है। मैं सदैव नतमस्तक हू । आपके आगे जिन्होंने मुझे एक परिवार से स्नेह सहयोग व आशीर्वाद दिया। एकजुटता के साथ चल रहें हैं। आशीर्वाद का सम्मान हमेशा रखूंगी । उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति का परिचायक है। हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा है । बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहे तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। बुजुर्ग हमारे समाज के धरोहर होते हैं और उनसे हमें सीखने के साथ साथ सहजने की जरूरत है। यदि हम परिवार में स्थाई सुख, शांति और समृद्धि चाहते हैं तो बुजुर्गों के सम्मान के साथ साथ देव तुल्य माता पिता का भी सम्मान करना होगा । इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोडरमा में बेरोजगारी , पलायन , क्रेशर , ढीबरा कई समस्याएं है। लेकिन इन सवालों पर जन प्रतिनिधियों की कमी अखरती है। मौके पर प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष प्रो बीएनपी बर्णवाल,ओमप्रकाश राय,अजय अग्रवाल,धर्मेंद्र सिंह आदि को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित हुए समाजसेवी वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ नरेश पंडित, डॉ बिरेंद्र कुमार, साजिद हुसैन लल्लू , गुलाम जिलानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, विजय सिंह, सेवा निवृत डीएसपी भार्गव, यशपाल सिंह गोल्डन, बालगोविंद मोदी, सुषमा सुमन, अविनाश सेठ, मुन्ना भदानी,संतोष सहाय डोमचांच नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार मेहता,उपाध्यक्ष पप्पू मेहता , वीरेंद्र साव, महेंद्र साव, संतोष साव, अरुण पासवान,पवन सिंह,प्रकाश रजक, के आलावा कई वक्ताओं के कहा की समस्याओं के प्रति साजिदा रहने में शालिनी गुप्ता का प्रयास सरहनिया है । लोगों के सुख दुख में हमेशा साथ देने और कोडरमा के हित में चिंतित हो कर प्रयास करने की सराहना की गई और 2024 के चुनाव में कोडरमा की जरूरत बताया । कार्यक्रम में कोडरमा जिला केडीसीए के दिनेश सिंह, संजय अग्रवाल, संजय सिंह, अमित कुमार, नरेंद्र सिंह चंदेल, सुशील अग्रवाल, अजय पांडेय, अजीत बर्णवाल, नवल प्रसाद, संदीप मुखर्जी, बसंत सिंह, मिलन शहवादी, संजू लंबा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अवैध गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**चतरा :**लावालौंग थाना क्षेत्र के लावालौंग बगरा मुख्य पथ से दो गांजा तस्करों को पुलिस नें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी बमबम कुमार ने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी- पलामू से लावालौंग होते हुए भारी मात्रा में गांजा लेकर दो तस्कर अपाचे मोटरसाइकिल से बगरा की ओर जा रहे हैं? । पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार लावालौंग बीडीओ अमित कुमार एवं पुलिस के जवानों की टीम का गठन कर लावालौंग बगरा मुख्य सड़क पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान अपाचे सवार दोनों युवक पुलिस को आते देखकर भागने लगे। जिसके बाद पुलिस के जवानों नें तस्करों को खदेड़ कर पकड़ा। दोनों तस्करों के पास से 3 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही दोनों युवकों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्तों में सतीश कुमार एवं बिट्टू कुमार है। अभियुक्तों के पास से एक अपाचे मोटरसाइकिल व 2 स्मार्टफोन भी जप्त किया गया है।

### वज्रपात के चपेट में आने से एक महिला की हुई मौत, दो घायल

**चतरा :** गेजना पंचायत के सोनपुर गांव के दुल्ली बिगघा टोला में बारिश के साथ हुई वज्रपात के चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी. जबकि दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी. मृतका सोनपुर बिगहा गांव निवासी रिंकू देवी (34) पति सुरेंद्र दास हैं. वहीं घायलो में सोनपुर बिगहा गांव के मुनिया देवी व गेंजना गांव के फुलवा देवी शामिल हैं. घायल महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया. तीनों महिलाएं दुल्ली बीगघा गांव सत्संग में शामिल होने गयी थी. सत्संग खत्म होने के बाद अपने घर जा रही थी. इस दौरान बारिश होने लगी. बारिश से बचने के लिए तीनों वृक्ष के नीचे चली गयी. इस दौरान तेज कड़क आवाज के साथ वज्रपात हो गया. जिसके चपेट में आने से रिंकु देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. जबकि दो महिलाएं घायल हो गयी. घटना से गांव में मातम छा गया है. घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं घटना की जानकारी पाते ही बीडीओ अभिषेक पांडेय, सीओ मिथिलेश कुमार, थाना प्रभारी सनोज चौधरी, मुखिया पति प्रभु भुईयां घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया

### बीडीओ ने की साप्ताहिक बैठक



**कुड़ू :** प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में सभी पंचायत में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को लेकर साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई।बीडीओ ने सप्ताहिक बैठक के दौरान दो दिनों में शत प्रतिशत जिओ टैग करने, बिरसा हरित ग्राम योजना फेज 2 लक्ष्य के अनुसार सभी पंचायत को तीन दिनों में एमआईएस इंट्री, अनुमोदन अगले सोमवार तक कर लेने, 28 जुलाई तक 2020-21 और 2021-22 के सभी दीदी बाड़ी योजना को जिओ टैग करते हुए एमआईएस में बंद करने, जिंगी, लावागाई, सलगी पोटो हो खेल मैदान 15 दिनों में पूर्ण करने, काम बंद डोभा को 28 जुलाई तक कार्य पूर्ण कर एमआईएस में बंद करने, प्रति पंचायत 6- 6 मेड बंदी 28 जुलाई तक करने, पुरानी पशु शेड योजना को पूर्ण करें और नया शेड चालू करने सहित कई निर्देश दिये।

## प्रदेश >> अपडेट

### कोटा में शराब के नशे में युवक ने की आत्महत्या

**कोटा:** राजस्थान में कोटा के नांता पुलिस क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार क्षेत्र की बरड़ा बस्ती में रहने वाले बादल कहार (26) देर रात्रि को शराब के नशे में अपने घर आया था और अपनी पत्नी से खाना बनाने को कहा। पत्नी खाना बनाने के लिए रसोई में गई तो पीछे से उसकी फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 3025 श्रद्धालुओं का नया जत्था अमरनाथ गुफा के लिए रवाना

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से मंगलवार को 'बम बम भोले' के जयकारा लगाते हुए 3025 तीर्थयात्रियों का 23वां जत्था श्री अमरनाथ गुफा तीर्थ के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने आज यहां बताया कि 3025 तीर्थयात्री 119 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि 1865 तीर्थयात्रियों (1535 पुरुष, 275 महिलाएं, दो बच्चे, 48 साधु और पांच साध्वियां) का एक समूह 81 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ हैं।

### भाजपा विधायक की हृदय गति रुकने से निधन

**कोलकाता:** उत्तर बंगाल के धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक बिष्णु पद रे का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे। विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए श्री रे शहर में थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधायक के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने श्री रे के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बीएसएफ ने रामगढ़ में पाकिस्तानी मादक पदार्थ तस्कर को किया ढेर

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर के रामगढ़ इलाके में आज तड़के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए एक पाकिस्तानी तस्कर को मार गिराया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात सतर्क बीएसएफ जवानों ने एक पाक तस्कर को मार गिराया, जब वह रामगढ़ सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी करने की प्रयास कर रहा था। उन्होंने बताया कि इलाके की शुरुआती तलाशी के दौरान तस्कर के शव के साथ संदिग्ध नशीले पदार्थ (करीब चार किलोग्राम) के के चार पैकेट मिले। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

### ओडिशा में डेंगू मामलों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम

**भुवनेश्वर:** ओडिशा में डेंगू के मामलों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम है। राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्रा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री मिश्रा ने कहा कि जहां पिछले वर्ष इस समय तक 10,000 परीक्षण किए गए थे और 700 मरीज डेंगू के लिए सकारात्मक पाए गए थे, जबकि इस वर्ष अब तक 18,000 परीक्षण किए जा चुके हैं और 550 मरीज इस बीमारी के लिए सकारात्मक पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 10 जिलों में अब तक डेंगू का कोई मामला सामने नहीं आया है। बारह जिलों में मामलों की संख्या दहाई से कम है और सात जिलों में यह 40 से नीचे है।निदेशक ने कहा कि खोरधा जिले में यह संख्या थोड़ी अधिक है। नगर निगमों, नगर पालिकाओं और पंचायत समितियों को बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए कहा गया है।

---

**आग्रह** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि

# केन्द्र, मणिपुर सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगाए: आप

- किसी भी सांसद का पूरे सत्र के लिए निलंबन विशेष परिस्थिति में किया जाता है
- इस मुद्दे पर संसद में वृहद और विशेष चर्चा कराने की जरूरत है

**राष्ट्रीय खबर**




**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में सिर्फ संविधान का ही उल्लंघन नहीं हुआ है बल्कि मानवता पर भी हमला हुआ है इसलिए केंद्र सरकार को तुरंत वीरेन सिंह सरकार को बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए। 'आप'के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आज पत्रकारों से कहा कि संसद में शायद ही कभी ऐसा हुआ होगा, जब देश के एक बेहद ज्वलंत मुद्दे पर सवाल करने पर किसी राज्यसभा सांसद को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सांसद का पूरे सत्र के लिए निलंबन विशेष परिस्थिति में किया जाता है। ऐसा तब किया जाता है, जब उस सांसद ने संसद के भीतर कोई हिंसक कार्य किया हो या उसने संसद का कोई प्रस्ताव फाड़कर सभापति की कुर्सी की ओर फेंका हो या फिर उसने अपनी किसी गतिविधि से संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाई हो। चड्ढा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सिर्फ सभापति की कुर्सी के पास जाकर सवाल करने के लिए पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर की घटना सिर्फ एक राज्य का मसला नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है इसलिए इस मुद्दे पर संसद में वृहद और विशेष चर्चा कराने की जरूरत है। 'आप' नेता ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा का बुरा प्रभाव अब आसपास के राज्यों पर भी पड़ने लगा है।

आज मिजोरम में भी मणिपुर की तर्ज पर एक घटना घटी, जहां एक विशेष समुदाय के लोगों पर हमला किया गया और उन्हें राज्य छोड़कर बाहर जाने को कहा गया। अगर इस मामले का जल्द समाधान नहीं किया गया तो यह पूरे पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए खतरा बन सकता है। सांसद ने कहा कि मणिपुर में सिर्फ संविधान के अनुच्छेद धारा 355 और 356 का ही उल्लंघन नहीं हुआ है, बल्कि वहां मानवता पर भी हमला हुआ है।

शांति-व्यवस्था कायम करने में सरकार पूरी तरह फेल साबित हो चुकी है। कानून-व्यवस्था की स्थिति सरकार के नियंत्रण के बाहर हो गई है। इसलिए केंद्र सरकार तुरंत राज्य सरकार को बर्खास्त करे और वहां राष्ट्रपति शासन लागू करे।

## बरामूला से लश्कर के दो सहयोगी गिरफ्तार

**एजेंसियां**

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आज यहां बताया कि दोनों आतंकवादी सहयोगियों की पहचान दयाम मजीद खान और उबैर तारिक के रूप में हुई है।

दोनों को क्रीरी बारामूला में एक विशिष्ट वारंट पर गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, चक टप्पर क्रीरी में आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में विशेष सूचना पर पुलिस और 29 आरआर के संयुक्त बलों ने बस स्टॉप पर एक एमवीसीपी (मोबाइल वाहन चेक पोस्ट) लगाया। चक टपर से मेन रोड क्रेरी की ओर आ रहे दो संदिग्ध लोगों ने संयुक्त नाका पार्टी को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन सुरक्षाबलों ने चतुराई से उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि निजी तलाशी के दौरान उनके पास से दो चीनी पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 14 जिंदा पिस्तौल राउंड, एक आईडी कार्ड और आधार कार्ड की एक ज़ेरॉक्स कॉपी बरामद हुए।

पुलिस ने बताया कि दोनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के दौरान दोनों आतंकवादी सहयोगियों ने कबूल किया कि वे लश्कर-ए-तैयबा के एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से जुड़े हैं और उन्होंने जिला बारामूला में लक्षित हत्या के लिए हथियार और गोला-बारूद एकत्र किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

दो गांव खाली कराए गए

## दमोह जिले का पौड़ी जलाशय फूटा



**एजेंसियां**

**दमोह:** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत पौड़ी जलाशय आज सुबह फूट गया, जिससे दो ग्राम में बने मकान, खेत के साथ घर गृहस्थी का सामान पानी मे डूब गया। बचाव दल के साथ पुलिस प्रशासन पहले ही मौके पर पहुंच गया, जिससे जनहानि नहीं हो पायी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पौड़ी जलाशय का कई वर्ष पूर्व निर्माण हुआ था और सोमवार को ज़ब ग्राम पौड़ी के लोग तालाब के पास पहुंचे, तो उसमें सुराग दिखा, जिसकी सूचना जल संसाधन विभाग को दी गयी। जल संसाधन विभाग के साथ तहसीलदार मोनिका वाघमारे, थाना प्रभारी श्याम बेन कल दिन भर मौके पर उपस्थित रहते हुए उन्होंने पहले सुराग को बन्द करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद तेंदूखेड़ा तहसीलदार मोनिका बाघमारे ने मामले से दमोह कलेक्टर मंयक अग्रवाल को अवगत कराया, जिनके निर्देश पर देर रात पुलिस प्रशासन ने ग्रामों को खाली करवाना शुरू किया और तालाब फूटने के पूर्व दो ग्रामों को खाली करा लिया गया। ज़ब तालाब फूटा तो ग्राम पौड़ी और जेतगढ़ दोनों ग्राम उस पानी मे डूब गए और ग्रामों में बने घर सात से आठ फूट पानी मे डूब गये। मात्र दो से तीन फीट ही मकान पानी से बाहर दिखाई दिए, जबकि खेत खलियान और किसानों की सामग्री सभी तालाब के पानी में डूब गयीं। तेंदूखेड़ा एसडीएम अविनाश रावत, तेंदूखेड़ा तहसीलदार मोनिका वाघमारे, जनपद सीईओ मनीष बागरी, तारादेही थाना प्रभारी श्याम बेन, जवेरा टीआई इंद्रा सिंह, इमलिया चौकी प्रभारी आनद अहिरवाल, जिले से एसडीआरएफ की टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम रात्रि में ही मौके पर पहुंच गयी थी। तहसीलदार मोनिका बाघमारे ने आज बताया कि तालाब में सुराग की सूचना मिली थी, जिस पर वह जल संसाधन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची। सुराग से पानी का बहाव कम नहीं हुआ, इसलिए दमोह कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पौड़ी और जेतगढ़ को खाली कराया गया। ग्रामीणों को उनके रिश्तेदार तारादेही स्कूल और अन्य सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

## फिलीपींस के तट से आज टकरा सकता है डोक्सुरी तूफान

**एजेंसियां**



**मनीला:** फिलीपींस में मंगलवार की शाम से बुधवार के बीच बाबुयान द्वीप समूह से चक्रवातीय तूफान डोक्सुरी के टकराने के आसार है। मौसम ब्यूरो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फिलीपींस वायुमंडलीय, भूभौतिकीय और खगोलीय सेवा प्रशासन ने आज यहां बताया कि आखिरी बार डोक्सुरी तूफान को उत्तरी लूजोन द्वीप पर कागायन प्रांत से करीब 310 किलोमीटर पूर्व में देखा गया था। उन्होंने कहा कि डोक्सुरी तूफान उत्तर से उत्तर-पश्चिम की ओर 230 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से बढ रहा है। मौसम ब्यूरों के अनुसार इस तूफान के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर मुड़ने से पहले 12 घंटे के भीतर उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है। डोक्सुरी के मंगलवार देर शाम से बुधवार दोपहर के बीच बाबुयान द्वीप समूह से टकराने या उसके बहुत करीब से गुजरने का अनुमान हैं। मौसम विभाग ने इस दौरान मनीला शहर सहित फिलीपींस के कई क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी दी है। फिलीपींस तट रक्षक ने कहा कि तूफान के कारण लूजोन द्वीप और मध्य फिलीपींस में 8,600 से अधिक यात्री, ट्रक चालक और कार्गो सहायक फंसे हुए हैं। इसके अलावा करीब 73 जहाज और 1,518 मालवाहक जहाज बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। विभाग के अनुसार डोक्सुरी इस वर्ष फिलीपींस में प्रवेश करने वाला पांचवां चक्रवाती तूफान है।

## श्री अन्न पर विशेष डाक टिकट जारी

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली प्रमुख कंपनी आईटीसी ने डाक विभाग के साथ सहभागिता से मंगलवार श्री अन्न (मोटे अनाज) पर आज यहां एक विशेष डाक टिकट जारी किया। कंपनी के मिशन मिलेट्स अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के उपलक्ष्य में यह विशेष डाक टिकट जारी किया किया गया है। इसका उद्देश्य श्री अन्न की खूबियों को मान्यता प्रदान करने एवं बाजरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के राष्ट्रव्यापी प्रयासों को मज़बूती प्रदान करना है। इस विशेष डाक टिकट को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया। इस अवसर पर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल मंजू कुमार और कंपनी के एग्री कारोबार के ग्रुप प्रमुख एस शिवकुमार मौजूद थे। कंपनी ने कहा कि वह अपने पोषण अभियान हेल्प इंडिया ईट बेटर और बाजरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटीसी मिशन मिलेट्स डाक टिकट श्री अन्न की खूबियों को मान्यता प्रदान करता है। इसके साथ ही, भारत में बाजरे की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सक्षम बनाने एवं इसके सेवन को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों में जागरूकता लाने से प्रेरित है। कंपनी की एग्री कारोबार इकाई, फूड बिजनेस डिविजन और आईटीसी होटल के एकजुट एवं सामूहिक प्रयासों को दर्शाता है। इन प्रयासों के माध्यम से न केवल बाजरे की स्थाई खेती को बढ़ावा मिला है, बल्कि उपभोक्ताओं को पोषण से भरपूर मिलेट्स का स्वाद पहचानने में भी मदद मिली है। आईटीसी ने बाजरे से बने उत्पादों की रेंज विकसित की है।

**प्रशिक्षण** युवा हेलीकॉप्टर और विमान उड़ाने का प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे

# अब खजुराहो की पहचान एफटीओ केंद्र के रूप में: सिंधिया

- खजुराहो में आज से प्रारंभ हुए दो एफटीओ में से एक देश का नहीं
- विमानन सेवाओं में विस्तार के क्रम में पायलटों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता

**राष्ट्रीय खबर**



**खजुराहो:** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो की पहचान अब फ्लाइट ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशन (एफटीओ) केंद्र के रूप में भी होगी, जहां अब युवा हेलीकॉप्टर और विमान उड़ाने का प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में आने वाले खजुराहो में दो एफटीओ केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद थे। श्री सिंधिया ने इस अवसर पर बताया कि खजुराहो में आज से प्रारंभ हुए दो एफटीओ में से एक देश का नहीं, बल्कि एशिया का महत्वपूर्ण कामर्शियल हेलीकॉप्टर पायलट लाइसेंस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है। अब खजुराहो की पहचान न केवल एक पर्यटक स्थल के रूप में बल्कि एक एफटीओ केंद्र के रूप में भी होगी। श्री सिंधिया ने कहा कि एफटीओ की मदद से अब खजुराहो और आसपास के युवा पायलट बनने का प्रशिक्षण हासिल कर विमान या हेलीकॉप्टर को ही नहीं, अपने देश को भी और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि खजुराहो के अलावा मध्यप्रदेश के इंदौर, सागर और गुना में भी एक एक एफटीओ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में विमानन सेवाओं में विस्तार के क्रम में पायलटों की संख्या में वृद्धि की आवश्यकता है। इसके चलते केंद्र की मोदी सरकार ने एफटीओर नीति बनायी है। इसी वजह से देश में वर्ष 2016 में जहां मात्र 28 एफटीओ थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 57 हो गयी है। इस वजह से देश में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पायलट विदेशी एयरलाइंस से भी जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि एशिया का सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण केंद्र खजुराहो में है। यहां पर देश विदेश के युवक युवतियां हेलीकॉप्टर उड़ाने का प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे।

श्री शर्मा और श्री सिंधिया ने आज ही खजुराहो में पांचवें हेलीकॉप्टर एवं स्माल एयरक्राफ्ट समिट का भी शुभारंभ किया। उन्होंने अपनी और खजुराहो संसदीय क्षेत्र की जनता की तरफ से इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्री सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

## >>>> न्यूज फटाफट

### इंडोनेशिया के नुसा तेंगारा में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के नुसा तेंगारा प्रांत में मंगलवार की सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये है। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने आज यहां बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई है। उन्होंने कहा कि सुनामी का खतरा नहीं है। उन्होंने बताया कि जकार्ता के समयानुसार सुबह 7:25 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र उत्तर मध्य तिमोर रीजेंसी के 74 किमी उत्तर पश्चिम में और समुद्र में 75 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। उन्होंने कहा कि भूकंप के झटकों से सुनामी का खतरा नहीं है।

### अल्जीरिया के जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हुई

**अल्जीयर्स:** अल्जीरिया के जंगल में आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है, इसमें 10 सैनिक भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 11 प्रांतों में करीब आठ हजार लोग आग का सामना कर रहे है। आग से निपटने के लिए 529 ट्रकों और कई अग्निशमन हेलीकॉप्टरों का सहयोग है। उन्होंने बताया कि आग मुख्य रूप से बेजिया, जिजेल और बौइरा प्रांतों में रविवार रात भर लगी रही। तेज हवाओं के कारण तेजी से फैल गई जिससे काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात तक 16 प्रांतों के जंगलों में आग लगने की कुल 97 घटनाएं दर्ज की गईं, जिससे पहले दिन में 15 लोगों मौतें हुई थी जो अब बढ़कर 34 हो गई है।

### अमेरिका के वाशिंगटन में हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल

**सैन फ्रांसिस्को:** अमेरिकी की राजधानी वाशिंगटन के किर्कलैंड में रात में हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोग घायल हुए है। किर्कलैंड पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देत हुए बताया कि ऐसा लगता है कि आधी रात को आसपास विवाद के बाद दो किशोर और युवक को किसी ने गोली मार दी। संदिग्ध ने शहर छोड़कर भाग गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर घायल लोगों की सहायता की और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं को घटनास्थल से गोलियों के खोल बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी को लेकर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### तेल अवीव विरोध प्रदर्शन के दौरान 18 लोगों को हिरासत में लिए गए, 10 पुलिसकर्मी घायल

**यरूशलम:** इजरायल के तेल अवीव में पुलिस अधिकारियों पर हमला और शांति भंग करने के आरोप में 18 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने मंगलवार को पुलिस के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। इस वर्ष जनवरी में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तावित न्यायिक सुधार के कारण बड़े देशभर में पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले सप्ताह इजरायली संसद ने न्यायिक सुधार के प्रमुख खंडों में से एक को दूसरी और तीसरी व्याख्या के लिए मंजूरी दे दी, जो कि सरकारी फैसलों को अनुचित घोषित करके पलटने की सुप्रीम कोर्ट की शक्ति को सीमित करता है। सोमवार को इजरायली संसद ने न्यायिक सुधार के मसौदा कानून को मंजूरी दे दी। इस दौरान सभी विपक्षी सांसदों ने मतदान का बहिष्कार किया।

### फिलीपींस में पुल ढहने से पांच लोगों की मौत

**मनीला:** फिलीपींस के दाबाओ शहर में एक निर्माणाधीन लोहे के पुल के ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मंगलवार को यहां बताया कि पीड़ित एक बूम ट्रक का उपयोग करके पुल के साइड पैनल को स्थापित कर रहे थे, इसी दौरान अपराह्न करीब 3:30 बजे पुल का ढांचा ढह गया और सात श्रमिक उसके नीचे दब गये। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बचाया गया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

### तुर्की में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया

**अंकारा:** तुर्की के दक्षिणी इलाके में भूकंप का तेज़ झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गयी। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईएमएससी ने कहा कि भूकंप मंगलवार को स्थानीय समयानुसार 08:44 बजे (05:44 जीएमटी) दर्ज किया गया, जिसका केंद्र उस्मानिये शहर से 65 किलोमीटर (40.3 मील) और दक्षिणी तुर्की के कोज़ान शहर से 20 किलोमीटर (12.4 मील) दूर था। भूकंप की गहराई जमीन की सतह से 10 किलोमीटर (6.2 मील) आंकी गई। आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) के प्रमुख यूनुस सेजर ने बताया कि भूकंप से कोई हताहत नहीं हुआ है।

### इटली का पलेर्मो हवाईअड्डा जंगल की आग के कारण अस्थायी रूप से बंद

**रोम :** इटली में जंगल की आग के कारण पलेर्मो हवाईअड्डे को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है और आठ उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हवाई अड्डा प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि यात्रियों को सुविधा केंद्र में न जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर लिखा,''सुरक्षा कारणों से, हवाईअड्डे पर न जाने की सलाह दी जाती है। प्रशासन ने कहा स्थानीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे हवाईअड्डे पर परिचालन फिर से शुरू होने की उम्मीद है। अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के काम पर जुटे हुए हैं।

### आज का इतिहास

- 1788: न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना।
- 1844: भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म।
- 1876: कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना।
- 1945: विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- 1951: नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध समाप्त किया।
- 1953: कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फ़िदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा की क्रांति की शुरुआत।
- 1956: मिस्र ने स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया।
- 1957: ग्वाटेमाला के तानाशाह कार्लोस कैस्टिलो अरमास की हत्या।
- 1965: मालदीव ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
- 1974: फ्रांस ने मुरुओरा द्वीप में परमाणु परीक्षण किया।
- 1997: श्रीलंका ने क्रिकेट एशिया कप जीता।
- 1998: महानतम महिला एथलीट जैकी जायनर कर्सी ने एथलेटिक्स से संन्यास लिया।
- 2005: मुंबई में मूसलाधार बारिश से एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत।
- 2005: नासा के शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण।
- 2007: पाकिस्तान ने परमाणु मिसाइल बाबर हत्फ़-7 का सफल परीक्षण किया।
- 2008: यूरोपीय वैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर एक और नये ग्रह की खोज की।
- 2008: गुजरात के अहमदाबाद शहर में हुए 21 विस्फोटो में 56 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हुए।
- 2012: सीरिया में हिंसक घटनाओं में एक दिन में करीब 200 लोगों की मौत।
- 2013: पाकिस्तान के पराचिनार में बम विस्फोट में 57 लोग मारे गये।
- 2016: सौर इम्पल्स 2 पृथ्वी पर सर्कविगेट करने वाला पहला सौर-संचालित विमान बना।
- 2018: दो भारतीय,डॉ भरत वाटवाणी और सोनम वांगचुक को अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए रेमन मैग्सेसे पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- 2018: भारत सरकार ने इनोवेट इंडिया प्लेटफॉर्म शुरू किया।

## कुलपति महोदय ने पदभार संभाला

रांची:झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति महोदय ने पदभार संभाला और टेक्निकल छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी द्वारा जे यू टी परिसर में कुलपति महोदय डॉ डीके सिंह, निदेशक पाठ्यक्रम विकास प्रोफ विजय पाण्डेय, कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, सहायक कुलसचिव सविता नायक, बी आई टी सिंदरी के प्रभारी डायरेक्टर प्रो घनश्याम सर और सी यू जे रांची के प्रो एस के समदर्शी सर के साथ वृक्षारोपण किया गया और कुलपति महोदय से पिछले सभी मुद्दों पर चर्चा हुई।

# हर दिन आपराधिक गिरोह के 16 ठिकानों पर एटीएस कर रही छापेमारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ झारखंड एटीएस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। पिछले एक सप्ताह के दौरान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एटीएस की टीम ने झारखंड के पांच प्रमुख अपराधी गिरोह के 109 ठिकानों पर छापेमारी की है। यानी हर दिन एटीएस की टीम आपराधिक गिरोह के 15 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस दौरान एटीएस की टीम ने अलग-अलग आपराधिक गिरोह से जुड़े 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अलग- अलग आपराधिक गिरोह के 80 लोगों का सत्यापन किया गया है। 45 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। 36 लोगों को बांड डाउन कराया गया है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईजी अभियान एवी होमकर और एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने यह जानकारी दी।



### गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा

बताया गया कि डीजीपी के आदेश पर एटीएस की टीम द्वारा संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। जीरो टॉलरेंस को अपनाते हुए उनके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। संगठित अपराध में शामिल किसी भी अपराधी और उनको शरण देने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा। एटीएस लगातार अभीयान चला कर इन संगठित अपराध गिरोह के सदस्यों को पकडने
का काम कर रही है और किसी भी अपराधिक गिरोह के सदस्य को झारखंड मे पनपने नहीं दिया जायेगा

### एटीएस की छापेमारी मे बरामद हथियार और रुपए

05 पिस्तौल
01 रिवाल्वर
49.83 लाख रुपये
08 राउंड गोली
02 मैगजीन
01 स्कॉर्पियो
02 बाइक
14 मोबाइल फोन

### इनके गिरोह के दस अपराधी हुए गिरफ्तार

अमन साहू : चंदन साव, बॉबी साव, सोनू कुमार, वारिश अंसारी और राजन कुमार
अमन श्रीवास्तव : ऐजाज अंसारी, मिंकु खान
कालू लामा : रोहित मुंडा, अभिषेक मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा
प्रिंस खान गिरोह : अशरफ

### इनके109 ठिकानों पर एटीएस ने की छापेमारी

अमन श्रीवास्तव
अमन साहू
अमन सिंह
प्रिंस खान
कालू लामा

### आठ बड़े आपराधिक गिरोह के सरगना

अखिलेश सिंह : दुमका जेल में
अमन साहू : दुमका जेल में
अमन सिंह : धनबाद जेल में
लवकुश शर्मा: साहिबगंज जेल में
विकास तिवारी : हजारीबाग जेल में
अमन श्रीवास्तव : रांची जेल में
डब्लू सिंह : फरार
प्रिंस खान : फरार

# रांची में टला बड़ा हादसा, फटा गैस पाइप लाइन, लोगों में मची अफरा-तफरी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी के सिंहमोड़ के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जगन्नाथपुर के थाना प्रभारी ने बताया कि बिजली का केबल बिछाए जाने के दौरान गैस पाइप लाइन फट गया था। इसकी सूचना गेल कंपनी के अधिकारियों की दी गई। इसके बाद फौरन एक टीम पहुंची और लिकेज को बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि चिंता वाली कोई बात नहीं है।थाना प्रभारी के मुताबिक महज 10 मिनट के भीतर ही स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया था। लेकिन सच यह है कि गैस लिकेज होने से सिंहमोड़ के आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई। जिस जगह पर पीएनजी पाइट फटा था, वहां एक मार्केट भी है। उसमें रेस्टूरेंट है। गैस इतनी तेजी से बाहर निकलने लगी कि लोग घबरा गये। आसपास के घरों में भी गैस की महक से लोग परेशान हो गये। अच्छी बात यह है कि उस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ।आपको बता दें कि रांची में गेल गैस लिमिटेड की तरफ से डोमेस्टिक पीएनजी पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। रांची के कई इलाकों में पीएनजी सप्लाई भी हो रही है। सीधे किचन को गैस पाइप लाइन से जोड़ा जा रहा है। यह मीटर सिस्टम पर आधारित है। जितना गैस का खपत होगा, उसी हिसाब से उपभोक्ता को पेमेंट करना पड़ता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की पहल पर रांची में गैस पाईप लाइन प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी।फिलहाल राजधानी के मेकॉन कॉलोनी और अशोक नगर कॉलोनी में पीएनजी सप्लाई शुरू हो चुकी है। गेल का दावा है कि यह इको फ्रेंडली है। घर-घर पाइप लाइन पहुंचने से एलपीजी सिलेंडर की झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। एलपीजी की तुलना में इस गैस को ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। फिलहाल पीएनजी का रिटेल सेलिंग प्राइस 52।50 रु प्रति एससीएम है।

# दोस्त ने लुटवा दिये दोस्त के 1 करोड़ रुपये, कोर्ट ने दी सात साल की सजा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने एक करोड़ रुपये लूटकांड के छह दोषियों को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों को 10-10 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। इनमें अनमोल सिंघानिया, वसीम अहमद, नजमी हसन, मनोज कुमार भगत, जसीम अहमद और जुल्फेकार उर्फ राजा खान शामिल हैं। अदालत ने उक्त सभी लोगों को 22 जुलाई को दोषी करार दिया था। राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक परमानंद यादव ने पक्ष रखा।दरअसल रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओबरिया रोड से 12 अप्रैल 2021 को एक करोड़ की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद महुआ कारोबारी शुभम अग्रवाल ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इस मामले में अनमोल सिंघानिया, वसीम अहमद, नजमी हसन, मनोज कुमार भगत, जसीम अहमद एवं जुल्फेकार उर्फ राजा खान आरोपी थे। इस लूटकांड की साजिश कारोबारी शुभम अग्रवाल के दोस्त अनमोल सिंघानिया ने ही रची थी। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से लुट के 90 लाख रुपये बरामद भी किये थे।

# राजधानी रांची में यातायात नियम तोड़ा तो घर पहुंचेगा ई-चालान, 50000 लोग बिना हेलमेट पहने हुए चिन्हित

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अगर आप राजधानी रांची में स्थायी निवास करते हैं या आसपास के इलाके से रांची पहुंचते हैं तो यातायात नियमों की अनदेखी कतई न करें नहीं तो आपकी समस्या बढ़ सकती है और एक छोटी सी भूल भारी पड़ सकती है। दरअसल शहर में अब ई-चालान की व्यवस्था शुरू हो गयी है और इसके लिए रांची स्मार्ट सिटी की ओर से राजधानी रांची के चप्पे-चप्पे पर विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक तक्नीकि के उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन उच्च तक्नीकी वाले उपकरणों के माध्यम से शहर की सड़कों पर चलनेवाले सभी वाहनों की गहन निगरानी की जा रही है एवं यातायात नियम का पालन नही करनेवालों को स्वतः इस सिस्टम के तहत चिन्हित कर ई चालान भेजा जा रहा है। परिवहन विभाग




और यातायात पुलिस केसाथ समन्वय स्थापित कर रांची स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर से ये चालान निर्गत किए जा रहे हैं।अबतक एक महीने में केवल हेलमेट नही पहननेवालों के रुप में 50 हजार से ज्यादा लोगों को चिन्हित करके उनके द्वारा किए गए नियम उलंघन,किस जगह पर नियम तोड़ा और गाड़ी सहित सभी व्यौरा ट्रैफिक पुलिस को भेजा जा चुका है। रांची यातायात पुलिस इस डाटा के आधार पर ई चालान भेजना शुरू कर दी है। वहीं शहर में निर्धारित गति सीमा से ज्यादा स्पीड में चलनेवाले वाहनों पर भी चालान कटना शुरू हो गया है। महज पांच दिनों में 1500 से ज्यादा वैसे लोगों को चिन्हित कर लिया गया हैजो निर्धारित गति सीमा का उलंघन कर रहे हैं। इससे भी ज्यादा सावधान रहनेवाली बात ये है कि अब रॉंग वे में चलनेवाले वाहनों का भी ई चालान कटना शुरू हो गया है।शहर के 70 जंक्शन से यातायात नियम तोड़नेवालों पर नजर रखी जा रही है और इसके रांची स्मार्ट सिटी और रांची पुलिस की ओर से कुल 1000 से ज्यादा उपकरणों की मदद ली जा रही है। इन उपकरणों में आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रांजिट मैनेजमेंट सिस्टम) के तहत आरएलवीडी कैमरे ,एएनपीआर कैमरे और एसवीडी कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की रांची वासियों से अपील है कि आप ट्रैफिक नियमों का पालन करें और खुद को सुरक्षीत रखें। लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए वैरिएबल मैसेज साईन बोर्ड के माध्यम से मैसेज भी दिया जा रहा है।रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ श्री अमित कुमार और रांची एसएसपी श्री किशोर कौशल के निर्देश पर कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर के साथ डेडीकेटेड मैन पावर रखकर ई चालान निर्गत करने का काम किया जा रहा है।

### पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**रांची:** राजधानी रांची की लोअर बाजार थाना की पुलिस ने चाकू मार कर युवक को घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का नाम गोलू कुमार रजक उर्फ अजय कुमार रजक है और वह हिंदपीढ़ी थर्ड स्ट्रीट का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात नाचने-गाने के दौरान आरोपी के साथ हिंदपीढ़ी निवासी अभि विश्वकर्मा नामक युवक का विवाद हो गया था। जिसके बाद दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई थी।इसी दौरान आरोपी गोलू ने चाकू निकालकर अभि के पेट में घुसा दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने घायल अभि को आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि युवक की स्थिति अब तक गंभीर बनी हुई है।

### सीसीटीवी से रखी जायेगी नजर

**रांची:** रांची में मुहर्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। 29 जुलाई को निकलने वाले जुलूस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था ड्री मजबूत की जा रही है। रांची में शांति कायम रहे इसे लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा बल की तैनाती की जाने लगी है। दो हजार से ज्यादा पुलिस बल की तैनाती इलाके में होनी है। सुरक्षा बल में जिला बल, जैप, रैफ, सैफ, आइआरबी को ड्यूटी पर लगाया जायेगा। प्रशासन शहर के कोने- कोने पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखेगा।जुलूस की मॉनेट्रिंग कंट्रोल रूम से की जायेगी।

# 123.86 करोड़ की लागत से जामताड़ा में शुरू होगी शहरी जलापूर्ति योजना

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 29415 जनसंख्या वाले जामताड़ा निकाय क्षेत्र में जल्द ही पानी की समस्या दूर होगी। हर घर में जलापूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए सरकार ने जलापूर्ति योजना तैयार की है। केंद्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 अमृत 2।0 अंतर्गत जामताड़ा शहरी जलापूर्ति योजना के लिए 123 करोड़ 86 लाख 23 हजार रुपये का डीपीआर तैयार कराया गया है। नगर विकास विभाग इसकी स्वीकृति राज्य मंत्रिपरिषद से कराने की तैयारी में हैं। संभवतः मंगलवार 25 जुलाई 2023 की कैबिनेट की बैठक में इस पर



मंजूरी भी मिल जाये।दरअसल, लगभग 30 हजार आबादी वाले जामताड़ा शहरी क्षेत्र में वर्तमान में कुछ ही घरों में अजय नदी से जलापूर्ति की जा रही है, किन्तु गर्मी के मौसम में इस नदी का पानी सुख जाता है जिससे वहां के निवासियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने कई दफा सरकार से शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी है। इसके बाद नगर विकास विभाग ने इसका डीपीआर तैयार करवाया है। इसके अनुसार जामताड़ा में 0।7 एमएल और 0।5 एमएल के दो जलमीनारों 8।5 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 14.75 केएम रॉ वाटर, राइजिंग मेन पाइपलाइन, 3.863 केएम क्लीयर वाटर राइजिंग मेन, सहित 7860 मीटर युक्त हाउस सर्विस कनेक्शन उपलब्ध कराया जायेगा। निकाय क्षेत्र में पूर्व से 0.3 एमएल कैपासिटी का तीन जलमीनार और कुछ क्षेत्र में डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछा हुआ है। लगभग 43 किमी तक पाइपलाइन बिछा है। नयी जलापूर्ति योजना से 98 किमी और पाइपलाइन बिछायी जायेगी। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जायेगा। बता दें कि पूर्व में इस योजना का प्राक्कलन मात्र 80.71 लाख था,लेकिन नये एसओआर रेट आने के बाद इसकी लागत में वृद्धि हुई और नये सिरे से डीपीआर तैयार करके 123.86 लाख की योजना तैयार की गयी है।

**छेड़खानी** शिक्षक पर छात्राओं के साथ छेड़खानी का आरोप

# पिठोरिया में सड़क पर उतरे ग्रामीण, आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पिठोरिया इलाके में स्थित एक स्कूल के शिक्षक पर स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पिठोरिया थाने का घेराव कर दिया। पूरा मामला पिठोरिया स्थित निश्चय मेमोरियल स्कूल का है। स्कूल के शिक्षक जगन्नाथ मिश्रा पर तीन नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़खानी का आरोप है। हालांकि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को



गिरफ्तार कर लिया है।स्कूल में छेड़खानी की घटना सामने आने के बाद आसपास के ग्रामीण बेहद आक्रोशित हो गए। आक्रोशित ग्रामीण परंपरागत हथियारों के साथ सड़क पर उतर गए। कुछ ग्रामीण सड़कों पर हंगामा करने लगे, वहीं कुछ ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया। ग्रामीण गिरफ्तार शिक्षक को उनके हवाले करने या फिर उसे फांसी की सजा देने की मांग कर रहे थे। पिठोरिया स्थित निश्चय मेमोरियल हाई स्कूल के शिक्षक जगन्नाथ मिश्रा पर यह आरोप है कि उनके द्वारा स्कूल की तीन छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की गई है। मामले को लेकर परिजनों के द्वारा आरोपी शिक्षक को लेकर पिठोरिया थाने में लिखित शिकायत दो दिन पूर्व ही की गई है। परिजनों के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में यह बताया गया है कि शिक्षक जगन्नाथ मिश्रा के द्वारा स्कूल की तीन बच्चियों के साथ छेड़खानी और गलत नीयत से शारीरिक छेड़छाड़ की गई है। सभी स्कूली छात्राओं ने अपने परिजनों को इस मामले की जानकारी दी है अतः स्कूली शिक्षक पर अविलंब कार्रवाई की जाए।मामले को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि शिकायत आने के बाद आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों को इस बात की जानकारी भी दी गई है। ग्रामीणों को यह समझाया गया कि कानून सम्मत जो भी कार्रवाई होनी है, वह पुलिस के द्वारा की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। ग्रामीणों के सड़क पर चलने की वजह से रांची पिठोरिया मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया। थाने के बाहर तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है। पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीणों ने थाने का घेराव खत्म कर दिया। लगभग तीन घंटे तक ग्रामीण सड़क जाम कर हंगामा करते रहे।

